दैनिक
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | आंचलिक 9 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, शुक्रवार 15 दिसंबर 2023, वर्ष-12 अंक- 273 पृष्ठ-10 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

संसद की सुरक्षा में सेंध वाकई चिंता का विषय है। संसद पर हमले की 22वीं बरसी पर चंद सरफिरों ने स्मोक अटैक कर जो हड़कंप मचाया उससे संसद की सुरक्षा पर सवालिया निशान लग गए हैं। उम्मीद की जानी चाहिए कि इस घटना से सबक लेकर संसद की सुरक्षा और ज्यादा पुख्ता की जायेगी। अधीर रंजन चौधरी जैसे नेताओं को भी भगवान सद्‌बुद्धि दे जो इस घटना के बारे में यह ज्ञान बघार रहें हैं की देश में सरकार के प्रति आक्रोश संसद के भीतर पहुंचा है। अलबत्ता वे सांसद बधाई के पात्र हैं जिन्होंने सिरफिरों को धर दबोचा।

18 लाख गरीबों को आवास, 25 को किसानों को 2 साल का मिलेगा बकाया बोनस

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में हुई पहली कैबिनेट बैठक में प्रदेश के 18 लाख गरीबों को आवास देने का फैसला लिया गया है। वहीं 25 दिसंबर को अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर किसानों को 2 साल का बकाया बोनस दिया जाएगा। साय कैबिनेट बैठक के बाद मीडिया से बात कर रहे थे। नवा रायपुर स्थित मंत्रालय में सीएम साय ने बताया कि, पहली बैठक में सिर्फ आवास वाले मामले में चर्चा हुई है। सरकार ने आवास देने का फैसला किया है, जल्दी इस प्रकार योजना बनाकर इसे शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि, पीएम मोदी ने इसे लेकर लोगों से वादा किया था।

कांग्रेस सरकार ने प्रदेश को किया खोखला

सीएम साय ने कहा कि, आने वाले समय पर आवास आवंटन पर कार्यवाही होगी। प्रदेश के लोगों को उनका अधिकार मिलेगा। साय ने कहा कि, पिछली सरकार ने पूरे प्रदेश को आर्थिक रूप से खोखला कर दिया है, लेकिन इतना बड़ा जनादेश लोगों ने दिया है। जो वादा मोदी जी और भाजपा ने किया है, उसे शतप्रतिशत पूरा करेंगे। साय ने कहा कि, उन्होंने कहा कि, शपथ ग्रहण के बाद कैबिनेट बैठक के साथ मंत्रालय में पहला दिन था। पूजा-अर्चना कर हम तीनों (डिप्टी सीएम अरुण साव और विजय शर्मा) अपने-अपने कक्ष में बैठे और सभी विभागों के सेक्रेटरी से परिचय हुआ। बैठक में कृषक उन्नत योजना, धान खरीदी, पीएम आवास सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। योजना बनाकर सभी वायदों को पूरा करने की बात कही।

सदन की सुरक्षा में सेंध : विपक्ष का हंगामा, 15 सांसद सस्पेंड

नई दिल्ली (एजेंसी)। संसद के शीतकालीन सत्र के नौवें दिन गुरुवार की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने संसद सुरक्षा चूक के मामले में जमकर हंगामा किया। लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों में विपक्षी नेताओं ने नारेबाजी की। दिन में कई बार सदन को स्थगित करना पड़ा। इसके बाद लोकसभा से विपक्षी पार्टियों के 14 और राज्यसभा से एक सांसद को पूरे सत्र के लिए सस्पेंड कर दिया गया। लोकसभा से कांग्रेस के 9, सीपीआई (एम) और डीएमके के 2-2 और सीपीआई के एक नेता को सस्पेंड किया गया है। इसमें कांग्रेस के सांसद टी एन प्रतापन, हिबी ईडन, जोथिमानी, राम्या हरिदास, डीन कुरियाकोस, मनिकम टैगोर, एमडी जावेद, वीके श्रीकंदन और बेनी बेहनन शामिल हैं। राज्यसभा से टीएमसी सांसद डेरेक ओ'ब्रायन को सस्पेंड किया गया। दरअसल, डेरेक नारेबाजी करते हुए वेल में आ गए थे, जिससे स्पीकर जगदीप धनखड़ नाराज हो गए। उन्होंने डेरेक को सदन से बाहर जाने को कहा और कार्यवाही 2 बजे तक स्थगित कर दी। कार्यवाही दोबारा शुरू हुई तो डेरेक फिर से सदन में आ गए, जिससे सदन को फिर स्थगित करना पड़ा। शाम 4 बजे राज्यसभा की कार्यवाही शुक्रवार तक के लिए स्थगित कर दी गई।

विपक्ष ने गृहमंत्री शाह के इस्तीफे की मांग की

गुरुवार को सदन की कार्यवाही 11 बजे शुरू हुई। जैसे ही स्पीकर ओम बिड़ला लोकसभा पहुंचे तो विपक्षी सांसदों ने संसद की सुरक्षा को लेकर हंगामा करना शुरू कर दिया। उन्होंने गृहमंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग की। ओम बिड़ला ने सभी को शांति बनाए रखने को कहा। उन्होंने कहा कि कल हुई घटना से सभी चिंतित हैं, ये घटना दुर्भाग्यपूर्ण थी और इस पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने सभी को विश्वास दिलाया कि लोकसभा अध्यक्ष होने के नाते सबकी सुरक्षा की जिम्मेदारी उनकी है।

सभापति ने राज्यसभा से टीएमसी सांसद को निकाला

लोकसभा की ही तरह राज्यसभा में भी विपक्षी दलों ने जमकर हंगामा किया। सांसदों ने नारे लगाते हुए संसद की सुरक्षा के मुद्दे पर बहस की मांग की। इस बीच तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसद डेरेक ओ'ब्रायन सदन के वेल में आ गए। इस पर राज्यसभा के सभापति ■ शेष पृष्ठ 6 पर

राष्ट्रपति से मिलेंगे विपक्ष के सांसद

13 दिसंबर को संसद में हुई सुरक्षा चूक को लेकर इंडिया गठबंधन के नेता राष्ट्रपति से मुलाकात करेंगे। इसको लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के चैम्बर में मीटिंग हुई। विपक्षी दल राष्ट्रपति से मुलाकात का समय मांगेंगे। विपक्षी पार्टियां इस मुद्दे पर दोनों सदनों में अमित शाह के बयान की मांग भी कर रही हैं।

घुसपैठ केस में 8 सुरक्षाकर्मी सस्पेंड

संसद में घुसपैठ करने वाले दो आरोपियों और उनके दो सहयोगियों को गुरुवार को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया। उधर सुरक्षा में चूक के चलते संसद सचिवालय ने गुरुवार को 8 सुरक्षाकर्मियों को सस्पेंड कर दिया। इनके नाम रामपाल, अरविंद, वीर दास, गणेश, अनिल, प्रदीप, विमित और नरेंद्र हैं। घटना के बाद पार्लियामेंट के अंदर और बाहर सुरक्षा कड़ी कर दी गई। गुरुवार को संसद के अंदर जाने वालों की जूते उतरवाकर चेकिंग की गई। इस बीच मेघालय के सीएम कॉनराड संगमा को मकर द्वार से बिल्डिंग के अंदर प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग-भिलाई में आईटी की रेड

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कई जिलों में गुरुवार को एक बार फिर इनकम टैक्स (आईटी) की टीम ने छापा मारा है। आयकर विभाग की यह कार्रवाई रायपुर सहित बिलासपुर और दुर्ग-भिलाई में चल रही है। इस बार आईटी विभाग के निशाने पर कोल्ड स्टोरेज और अनाज व्यवसायी हैं। बताया जा रहा है कि इंदौर और नागपुर से करीब 200 अफसरों की टीम पहुंची है। रायपुर के राधा मोहन टावर, लाल गंगा में व्यवसाइयों के ठिकानों पर कार्रवाई की जा रही है। इसके अलावा समता शॉपिंग आर्केड, तेलघानी नाका चौक, सिलतरा, कुशालपुर में टीमें पहुंची हैं। इसी तरह बिलासपुर और दुर्ग-भिलाई में भी कार्रवाई चल रही है। मौके पर एमपी पुलिस और सीआरपीएफ के जवान मौजूद हैं। जानकारी के मुताबिक अन्य राज्यों में हुई कार्रवाई में यहां भी तार जुड़ने का पता चला है। इसके बाद टीम पहुंची है।

सौम्या चौरसिया को सुप्रीम झटका फटकार के साथ 1 लाख जुर्माना

रायपुर/नवप्रदेश। सुप्रीम कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसर सौम्या चौरसिया की जमानत याचिका खारिज कर दी। उन पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। वह छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल की उप सचिव थीं। बता दें कि कोल स्कैम और मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत मुख्यमंत्री सचिवालय की पूर्व उप सचिव सौम्या चौरसिया जेल में बंद है। चौरसिया को ईडी ने दो दिसंबर 2022 को गिरफ्तार किया था। इसके बाद 15 दिसंबर को उन्हें निलंबित कर दिया गया था। कोयला लेवी केस में गिरफ्तार सौम्या चौरसिया की जमानत याचिका इससे पहले बिलासपुर हाईकोर्ट खारिज कर चुका है। ईडी ने इस मामले में सूर्यकांत तिवारी, कोल वॉशरी संचालक सुनील अग्रवाल, आईएएस समीर बिश्नोई, आईएएस रानू साहू, सौम्या चौरसिया समेत अन्य को अलग-अलग तारीखों पर गिरफ्तार किया था। ईडी का आरोप है कि ये स्कैम करीब पांच सौ करोड़ रुपए का था। इस लेवी से हासिल राशि से चल-अचल संपत्तियां अर्जित की गई, जिनमें कई बेनामी भी हैं। जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस अनिरुद्ध बोस ने ज़मानत याचिका पर फैसला सार्वजनिक करते हुए डायस से कहा है कि सौम्या चौरसिया की जमानत याचिका खारिज की जाती है। जजमेंट सार्वजनिक करते हुए शीर्ष अदालत ने कड़ी टिप्पणी की है और याचिकाकर्ता पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। इसके पहले हाईकोर्ट भी जमानत याचिका खारिज करते हुए कड़ी टिप्पणी कर चुका है। सौम्या चौरसिया समेत ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आईईडी ब्लास्ट में बीएसएफ हेड कांस्टेबल शहीद

कांकेर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कांकेर में गुरुवार को नक्सलियों के किए आईईडी ब्लास्ट में बीएसएफ का एक जवान शहीद हो गया। दो दिन में जवानों पर इस तरह से ये दूसरा हमला है, जिसमें जवान की शहादत हुई है। एसपी दिव्यांग पटेल ने घटना की पुष्टि की है। मामला परतापुर थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, महला से बीएसएफ और जिला पुलिस बल की टीम संयुक्त रूप से गश्त पर निकली थी। इसी दौरान सदाकटोला गांव के पास नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट कर दिया। इसकी चपेट में आकर बीएसएफ के हेड कॉन्स्टेबल अखिलेश राय (45) घायल हो गए। इसके बाद उन्हें कैंप लाया गया। कैंप में प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख हेड कॉन्स्टेबल अखिलेश राय को पंखाजूर सिविल अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन वहां पहुंचने से पहले ही रास्ते में उन्होंने दम तोड़ दिया। शहीद जवान अखिलेश राय उत्तर प्रदेश के गाजीपुर के रहने वाले थे। अफसरों की ओर से बताया गया है कि इलाके में बीएसएफ, जिला रिजर्व गार्ड और जिला पुलिस के जवान संयुक्त रूप से तलाशी अभियान चला रहे हैं।

शेयर बाजार हुआ रॉकेट, निवेशकों ने की 4 लाख करोड़ की छप्परफाड़ कमाई

मुंबई (एजेंसी)। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के फैसले के बाद गुरुवार को भारतीय शेयर बाजार में रिकॉर्ड तेजी देखी गई। सेंसेक्स जहां पहली बार 70 हजार अंक के पार बंद हुआ। वहीं निफ्टी दिन के कारोबार में 20,200 के स्तर के पार चला गया था। इसके चलते निवेशकों की संपत्ति आज दिन भर में करीब 4.08 लाख करोड़ बढ़ गई। अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने एक दिन पहले लगातार तीसरी बार ब्याज दरें नहीं बढ़ाने का फैसला किया था। इसके अलावा उसने अगले साल कम से कम तीन बार ब्याज दरों में कटौती होने का संकेत दिया। यह फैसला आज शेयर बाजार में तेजी की मुख्य वजह रही। बाजार को उम्मीद है अमेरिका में ब्याज दरों के नीचे आने के बाद विदेशी निवेशक भारतीय शेयर बाजार की ओर रुख करेंगे। इससे बाजार अगले साल नया पीक बनाते हुए दिख सकता है। इसके अलावा सरकार ने एक दिन पहले बताया कि देश का औद्योगिक उत्पादन अक्टूबर में 16 महीने के उच्च स्तर पर रहा। खासतौर से मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के उत्पादन में 10 प्रतिशत से अधिक की ग्रोथ देखने को मिली। इस बीच स्टॉक मार्केट में आज सबसे अधिक उछाल आईटी और रियल्टी शेयरों में देखने को मिला। बाजार में तेजी चौतरफा थी, क्योंकि बीएसई के सभी सेक्टोरल हरे निशान में बंद हुए। वहीं मिडकैप इंडेक्स 1.06 फीसदी और स्मॉलकैप इंडेक्स 0.62 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुआ। कारोबार के अंत में बीएसई सेंसेक्स 929.60 अंक यानी 1.34 प्रतिशत की तेजी के साथ 70,514.20 अंक पर बंद हुआ।

बीजेपी नेता की हथेली काटने वालों के घर चला बुलडोजर

भोपाल/नवप्रदेश। भोपाल में बीजेपी नेता की हथेली काटने वाले 5 आरोपियों के 3 घर गुरुवार को बुलडोजर चलाकर ढहा दिए गए। आरोपियों ने 5 दिसंबर को तलवार मारकर जपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ अरेरा मंडल के महामंत्री देवेंद्र सिंह ठाकुर की हथेली काट दी थी। हमले के 9वें दिन आरोपियों पर कार्रवाई हुई। डॉ. मोहन यादव के मुख्यमंत्री बनने के बाद ये पहला एक्शन है। 5 दिसंबर को जनता कॉलोनी में रहने वाले आरोपी फारुख राइन उर्फ मिन्नी, असलम, समीर उर्फ बिल्लू, शाहरुख और बिलाल ने साईं बोर्ड के पास देवेंद्र सिंह पर हमला किया था। कोलार एसडीएम आशुतोष गोस्वामी के नेतृत्व में पहुंची नगर निगम की टीम ने इन आरोपियों के घरों पर बुलडोजर चलाया। अतिक्रमण अधिकारी प्रतीक गर्ग और हबीबगंज थाना प्रभारी मनीष राज सिंह भदौरिया ने मीडिया को बताया कि मकानों के अवैध हिस्से और अतिक्रमण को गिराया गया है। निगम के 25 से अधिक कर्मचारियों ने मकान तोड़ने की कार्रवाई की है। डेढ़ घंटे में अतिक्रमण को हटाया गया। बिल्डिंग परमिशन समेत अन्य अनुमतियां नहीं थी। देवेंद्र सिंह ठाकुर पर हमले के आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। 8 दिसंबर को भोपाल कलेक्टर आशीष सिंह ने इनमें से एक आरोपी फारुख राइन उर्फ बिन्नी पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून लगाया था। आरोपी फारुख पर मारपीट के 14 केस दर्ज हैं। वह हबीबगंज पुलिस थाने की गुंडा लिस्ट में शामिल है। हमला करने वाले पांचों आरोपी आपराधिक प्रवृत्ति के हैं।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह परिसर का होगा सर्वे

मथुरा (एजेंसी)। मथुरा के श्री कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवादित परिसर का सर्वे कराया जाएगा। गुरुवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यह फैसला दिया है। हिंदू पक्ष की याचिका स्वीकार करते हुए कोर्ट ने सर्वे के लिए कोर्ट कमिश्नर नियुक्त करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष यानी वक्फ बोर्ड की उन दलीलों को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने याचिका को सुनने योग्य नहीं होने का दावा किया था। हाईकोर्ट के जस्टिस मयंक कुमार जैन की सिंगल बेंच ने यह फैसला सुनाया। 16 नवंबर को इस अर्जी पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। इस दिन विवादित परिसर की 18 याचिकाओं में से 17 पर सुनवाई हुई थी। ये सभी याचिकाएं मथुरा जिला अदालत से इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई के लिए शिफ्ट हुई थीं। हाईकोर्ट के फैसले के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

भगदड़... हार के बाद कांग्रेस में हाहाकार... बयानबाजी पर एक्शन जारी, दो पूर्व विधायकों पर गिरी गाज

महंत की 'घुड़की' से कांग्रेस में तूफान के पहले की शांति

रायपुर/नवप्रदेश। विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. चरणदास महंत की घुड़की से कांग्रेस में मची भगदड़ कितने समय के लिए थमी यह कहना मुश्किल है, लेकिन इसे तूफान के पहले की शांति माना जाना चाहिए। तीन दिन पहले महंत ने एक बयान जारी कर कहा था कि कांग्रेस की चुनावी हार को लेकर जिन लोगों के बयान आ रहे हैं वह ठीक नहीं है, उनके खिलाफ कार्रवाई की जरुरत है। इस बयान को तीन दिन हुए और आज रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट के सर्वाधिक मतों से पराजित प्रत्याशी महंत रामसुंदर दास ने इस्तीफा दे दिया है। चुनावी हार के बाद पहला बयान पूर्व मंत्री जय सिंह अग्रवाल का आया और उन्होंने सीधे-सीधे चुनावी हार के लिए भूपेश बघेल को जिम्मेदार ठहरा दिया। ठीक उसी के आसपास दूसरा बयान पूर्व विधायक बृहस्पत सिंह का आया और उन्होंने कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा और टीएस सिंहदेव को न केवल जिम्मेदार ठहराया, बल्कि सैलजा के विरूद्ध अभद्र टिप्पणी भी की। इस बयान के मुताबिक बृहस्पत सिंह का कहना था कि टीएस सिंहदेव ड्राइविंग सीट पर बैठते थे और सैलजा वीडियो की रील्स बनाती थीं। तीसरा बयान विनय जायसवाल का आया और उन्होंने प्रदेश प्रभारी सचिव चंदन यादव पर 7 लाख रुपए लेने का आरोप लगा दिया। तीन दिनों में कांग्रेस में मची भगदड़ को देख डॉ. चरणदास महंत को सामने आना पड़ा और उन्होंने आगाह किया कि इस तरह के बयान न दिए जाए अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। बयानबाजी तो बंद हुई, लेकिन इसे तूफान के पहले की शांति माना जाना चाहिए कि अनुशासनहीनता के आरोप में जिन लोगों ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने नोटिस भेजे है, उन नोटिसों का जवाब कांग्रेस कमेटी से पहले मीडिया हाउस तक पहुंच रहे। मसलन बृहस्पत सिंह ने जो जवाब कमेटी को भेजे उसी की एक कॉपी मीडिया को भी भेज दी। और अपने पूरे ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बृहस्पत और विनय 6 साल के लिए निष्कासित

कांग्रेस ने रामानुजगंज के पूर्व विधायक बृहस्पत सिंह और मनेंद्रगढ़ डॉ विनय जायसवाल को पार्टी से 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया है। दोनों नेताओं ने पार्टी के खिलाफ बयानबाजी की थी। दोनों को नोटिस जारी करने के बाद कार्रवाई की गई है। दूसरी ओर गुरूवार को ही पूर्व विधायक विनय जायसवाल के घर बृहस्पत सिंह समेत कई कांग्रेसी नेताओं ने बैठक की। इसमें कांग्रेस के पूर्व विधायक बृहस्पत सिंह और डॉ विनय जायसवाल को कांग्रेस ने 6 साल के लिए निष्कासित कर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बृहस्त सिंह

विनय जायसवाल

■ न्यूज गैलरी

मप्र के राज्यपाल पटेल ने गोपाल भार्गव को दिलाई प्रोटेम स्पीकर की शपथ

भोपाल(वार्ता)। मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने आज पूर्व मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ विधायक गोपाल भार्गव को प्रोटेम स्पीकर पद की शपथ दिलाई। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी उपस्थित रहे। प्रोटेम स्पीकर विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान सभी नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाएंगे। इसी दौरान विधानसभा के पूर्णकालिक अध्यक्ष का भी निर्वाचन होगा। श्री भार्गव मध्यप्रदेश के सर्वाधिक वरिष्ठ विधायकों में से एक हैं। वे इसके पूर्व मध्यप्रदेश में विभिन्न मंत्रालयों में कैबिनेट मंत्री रहे हैं। राज्य में 2018 में बनी कमलनाथ सरकार में वे विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष भी रह चुके हैं।

श्रीनगर में शून्य से 5.4 डिग्री नीचे तापमान

श्रीनगर(ए)। श्रीनगर शहर में गुरुवार को न्यूनतम तापमान में और गिरावट हुई। यहां सीजन का अब तक का सबसे कम तापमान माइनस 5.4 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग के एक अधिकारी ने कहा, श्रीनगर में शून्य से 5.4 डिग्री सेल्सियस नीचे इस मौसम का अब तक का सबसे कम तापमान दर्ज किया गया। जम्मू-कश्मीर में अगले 2 से 3 दिनों के दौरान रात के तापमान में और गिरावट आने की संभावना है। गुलमर्ग में गुरुवार को न्यूनतम तापमान माइनस 5 और पहलगाम में माइनस 5.8 डिग्री दर्ज किया गया। लद्दाख के लेह शहर में रात का सबसे कम तापमान माइनस 14.1, कारगिल में माइनस 10.2 और द्रास में माइनस 11.7 दर्ज किया गया। जम्मू में न्यूनतम तापमान 6.7, कटरा में 6.6, बटोट में 2.1, भद्रवाह में माइनस 0.2 और बनिहाल में माइनस 0.5 डिग्री रहा। कड़ाके की ठंड की 40 दिनों की लंबी अवधि जिसे स्थानीय रूप से 'चिल्लई कलां' के नाम से जाना जाता है, हर साल 21 दिसंबर को शुरू होती है और 30 जनवरी को समाप्त होती है।

गंगा की सफाई के लिए 10 साल में हुआ व्यापक काम: शेखावत

नई दिल्ली (वार्ता)। सरकार ने कहा है कि गंगा की सफाई के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने पिछले 10 साल के दौरान जो कदम उठाए हैं उनकी वजह से गंगा स्वच्छता का काम व्यापक स्तर पर हुआ हैं। जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने गुरुवार को लोकसभा में एक पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि मोदी सरकार ने निर्मल गंगा के लिए 'नमामि गंगे' कार्यक्रम की शुरुआत की जिसके तहत इतने कदम उठाए हैं कि संयुक्त राष्ट्र की धरोहरों में सुधार के लिए दुनिया के देशों से मांगी गई 10 नाम की सूची में नमामि गंगे अभियान के तहत हुआ काम शीर्ष पर है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल के दौरान यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया है कि गंगा में गंदा पानी नहीं गिरे और इसके लिए शिवर ट्रीटमेंट संयंत्रों की स्थापना हुई है जिससे गंगा को मैला होने से बचाने का काम आसान हुआ है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि गंगा की सफाई के अलावा हिंडन, काली नदी सहित कई नदियों में भी सफाई का अभियान शुरू किया गया है।

वेनेजुएला में सड़क हादसों में आठ लोगों की मौत

कराकस(वार्ता)। वेनेजुएला की राजधानी कराकस को तटीय शहर गुआरेनास से जोड़ने वाले राजमार्ग पर हुई कई सड़क दुर्घटनाओं में कम से कम 8 लोगों की मौत हो गई और 14 अन्य घायल हो गए। जोखिम प्रबंधन और नागरिक सुरक्षा के उप मंत्री कार्लोस पेरेज़ अम्पुएडा ने एक्स पर कहा, राजमार्ग पर 17 वाहनों की आपस में टक्कर हो गयी और उनमें आग लग गई। यह घटना पिछली दुर्घटना के कारण वहां मौजूद वाहनों के साथ एक लॉरी की टक्कर के कारण हुई।

गाजा जंग में शांति की धुन बजाने वालों को इंदिरा गांधी शांति पुरस्कार

नई दिल्ली(ए.)। मशहूर पियानो वादक और म्यूजिक कंडक्टर डैनियल बरेनबोइम और शांति कार्यकर्ता अली अबू अव्वाद को संयुक्त रूप से शांति, निरस्त्रीकरण और विकास के लिए साल 2023 के इंदिरा गांधी पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्रस्ट के एक बयान के अनुसार, भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश टीएस ठाकुर की अध्यक्षता में एक अंतरराष्ट्रीय जूरी द्वारा बरेनबोइम और अव्वाद को चुना गया है, जिनका काम अहिंसक उपकरणों से संगीत, संवाद और लोगों की भागीदारी तय करना रहा है। बयान में कहा गया है कि 2023 के लिए शांति, निरस्त्रीकरण और विकास के लिए इंदिरा गांधी पुरस्कार उन दो लोगों को संयुक्त रूप से दिया जा रहा है जो इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष के अहिंसक समाधान के लिए इजरायल और अरब दुनिया के युवाओं और अन्य लोगों को एक साथ लाने के उत्कृष्ट प्रयासों में शामिल रहे हैं। बयान में कहा गया है कि इन दोनों ने संगीत और शांति संवाद के माध्यम से राजनीतिक और मानवीय संघर्षों को दूर करने और शांतिपूर्ण सार्वजनिक सहयोग की स्थापना में सामाजिक और सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा देने में बड़ी भूमिका निभाई है। इन दोनों को यह सम्मान देने का ऐलान इजरायल-हमास जंग के बीच हुआ

है, जिसमें अब तक 17000 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है।

कौन हैं बरेनबोइम

बरेनबोइम अर्जेंटीना में जन्मे प्रतिष्ठित शास्त्रीय पियानो वादक और कंडक्टर हैं, जो दुनियाभर में कुछ प्रमुख ऑर्केस्ट्रा के साथ प्रदर्शन और संचालन के लिए जाने जाते हैं। अपनी संगीत उपलब्धियों के अलावा, उन्हें पश्चिम एशिया में शांति और सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए संगीत का उपयोग करने के प्रयासों के लिए भी जाना जाता है।

1992 से जनवरी 2023 तक बरेनबोइम बर्लिन स्टेट ओपेरा के सामान्य संगीत निर्देशक और इसके ऑर्केस्ट्रा, स्टैट्सकैपेल बर्लिन के स्टैट्सकैपेलमिस्टर÷ रह चुके हैं। प्रसिद्ध फिलिस्तीनी साहित्यिक विद्वान एडवर्ड सईद के साथ उनकी दोस्ती और साझेदारी ने इजरायल-फिलिस्तीनी संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के उनके दृष्टिकोण को आकार दिया है।

वैश्विक कलह और विभाजन पर काबू पाने में संगीत की भूमिका को समझते हुए, बरेनबोइम ने इजरायल, फिलिस्तीन और अन्य अरब और उत्तरी अफ्रीकी देशों के युवाओं को एकजुट करने और एक मंच पर लाने के लिए उन्होंने सईद के साथ पश्चिम-पूर्वी दीवान ऑर्केस्ट्रा और बरेनबोइम-सईद अकादमी की स्थापना की है। सांस्कृतिक शिक्षा और एकीकरण में मानवीय प्रयासों के लिए बरेनबोइम को कई पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है,

लद्दाख को हम मान्यता नहीं देते, आर्टिकल 370 पर एससी के फैसले पर चीन की हिमाकत

नई दिल्ली(ए.)। जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाने के संसद के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने मुहर लगाई है। इसे लेकर पाकिस्तान अब चीन का भी रिएक्शन आया है। चीन ने तो हिमाकत दिखाते हुए लद्दाख पर ही दावा किया है। चीन ने बुधवार को कहा कि वह सुप्रीम कोर्ट के आदेश को नहीं मानता, जिसने जम्मू-कश्मीर के पुनर्गठन को मंजूरी दी है। यह लगातार दूसरा मौका है, जब सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर चीन की प्रतिक्रिया आई है। इससे पहले चीन ने कहा था कि जम्मू-कश्मीर का मसला बातचीत से हल होना चाहिए। इस मामले में भारत और पाकिस्तान को साथ बैठकर बात करनी

चाहिए। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट फैसले से चीन का स्टैंड नहीं बदलेगा। चीन का हमेशा से यह मानना रहा है कि भारत और चीन सीमा का पश्चिमी हिस्सा हमारा है। माओ निंग ने कहा, 'चीन ने कभी भारत की ओर से एकतरफा और अवैध तौर पर बनाई गई यूनियन टेरिटरी ऑफ लद्दाख को मान्यता नहीं दी है। भारत की अदालत का फैसला हमारे स्टैंड को नहीं बदलेगा कि भारत और चीन की सीमा का पश्चिमी हिस्सा हमारा है।' इससे पहले 2019 में आर्टिकल 370 हटाए जाने पर भी चीन ने ऐसी ही प्रतिक्रिया दी थी। इससे पहले मंगलवार को चीनी प्रवक्ता ने कश्मीर मुद्दे पर कहा था कि भारत और पाकिस्तान को बैठकर शांति से मसले का हल करना चाहिए। चीन का यह बयान भी शरारतपूर्ण था क्योंकि भारत जम्मू-कश्मीर को अपना अभिन्न अंग मानता है और यह आंतरिक मामला है। ऐसे में इस मामले में पाकिस्तान को पार्टी के तौर पर स्वीकार करना कूटनीतिक गलती होगा। माओ निंग ने कहा था, 'कश्मीर का मुद्दा लंबे समय से लटता है। इसे यूएन चार्टर के अनुसार शांति से निपटाने की जरूरत है।'

> **'अक्साई चिन, गिलगित बाल्टिस्तान और पीओके हैं भारत का अभिन्न अंग'**
>
> इससे पहले 2019 में चीन ने कहा था कि जम्मू-कश्मीर का पुनर्गठन और उसका विशेष दर्जा खत्म करने का फैसला गलत है। वहीं भारत सरकार चीन और पाकिस्तान के स्टैंड को पूरी तरह खारिज करती है। होम मिनिस्टर अमित शाह तो सदन में कई बार दोहरा चुके हैं कि अक्साई चिन, गिलगित बाल्टिस्तान और पीओके हमारे हैं। हम इन्हें वापस लेकर रहेंगे। आर्टिकल 370 हटाने के बाद चीन ने इस मामले की चर्चा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भी करने का प्रयास किया था। हालांकि सफलता नहीं मिल पाई थी।

बिजनौर में दो गुटों में झड़प व फायरिंग में एक युवक की मौत

बिजनौर(ए)। उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले कोतवाली शहर थाना इलाके में बीती देर शाम को दो गुटों में झड़प और फायरिंग में एक युवक की मौत हो गई, जबकि मृतक का एक साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक, बुधवार शाम 06: 30 बजे पुलिस कंट्रोल रूम को आईटीआई कॉलेज के पास झगड़े की सूचना मिली। इसके बाद पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि मामूली बात पर हुई दो गुटों में झड़प और फायरिंग के बाद 22 वर्षीय आशू के सिर में गोली लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि हैप्पी को गंभीर रूप से घायल हो गया। शहर पुलिस अधीक्षक संजीव

वाजपेई ने कहा कि हमने मृतक के परिवार वालों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है और गोलीबारी में शामिल लोगों की तलाश की जा रही है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। हत्या के कारणों का अभी पता नहीं चला है। एएसपी ने कहा कि, पुलिस की तीन टीमों को लगाया गया है। आसपास पास लगे सीसीटीवी कैमरों का विश्लेषण किया जा रहा है। आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस ने आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने का दावा किया।

अशोक गहलोत को झटका, दिल्ली की अदालत ने संजीवनी मानहानि मामले में उनकी पुनरीक्षण याचिका खारिज की

जयपुर(ए.)। राजस्थान विधानसभा चुनाव में हार के बाद निवर्तमान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को एक और झटका लगा, जब दिल्ली की एक अदालत ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत द्वारा दायर मानहानि मामले में उनके खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी। ट्रायल कोर्ट द्वारा जारी किए गए समन को चुनौती देने की गहलोत की कोशिश राउज एवेन्यू कोर्ट द्वारा उनकी पुनरीक्षण याचिका खारिज कर दिए जाने से विफल हो गई। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एम.के. नागपाल ने बुधवार को मानहानि मामले में ट्रायल कोर्ट के समन को चुनौती देने वाली गहलोत की याचिका की समीक्षा की और 64 पन्नों के आदेश में गहलोत को जारी किए गए समन को बरकरार रखा, जिसमें उन्हें मानहानि मामले में सुनवाई के लिए उपस्थित होने के

लिए कहा गया। शेखावत के वकील आदित्य विक्रम सिंह ने कहा कि 6 जुलाई को गहलोत को जारी समन उन्हें पूरे मामले में प्रथम दृष्टया दोषी बनाता है। मुकदमे के बाद दोषी ठहराए जाने की हालत में गहलोत को संभावित रूप से कारावास का सामना करना पड़ सकता है, जिससे उनकी विधानसभा सदस्यता खतरे में पड़ सकती है। गहलोत ने शेखावत पर बार-बार संजीवनी घोटाले में शामिल होने का आरोप लगाया था। फरवरी में जोधपुर में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान गहलोत ने दावा किया कि शेखावत और उनका परिवार कथित घोटाले में शामिल थे। इसके जवाब में शेखावत ने आरोपों को सिरे से नकारते हुए और उन्हें बेबुनियाद बताते हुए 3 मार्च को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में मानहानि का मुकदमा दायर किया था। अब तक दाखिल चार आरोपपत्रों में शेखावत और उनके परिवार का नाम सामने नहीं आया था, इसलिए दिल्ली पुलिस की जांच ने अदालत को 6 अगस्त को गहलोत को समन जारी करने के लिए प्रेरित किया।

हर्ष फायरिंग में नाबालिग की मौत, 2 घायल

मोतिहारी(ए)। बिहार में हर्ष फायरिंग रोकने के लिए भले पुलिस मुख्यालय द्वारा कई निर्देश जारी किए जा रहे हों, लेकिन इसे रोकने में पुलिस को अब तक कामयाबी नहीं मिल पाई है। ताजा मामला पूर्वी चंपारण जिले के पकड़ीदयाल के सिसहनी गांव से सामने आई है जहां हर्ष फायरिंग में एक 10 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई और दो लोग घायल हो गए। इस घटना के बाद शादी की खुशी मातम में बदल गई। पुलिस के एक अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि बीती रात सिसवन गांव में अखिलेश पासवान की बेटी की शादी थी। शादी को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई थी। जब दूल्हा बारात लेकर दरवाजे पर पहुंचा, तभी किसी ने खुशी में हर्ष फायरिंग शुरू कर दी।

गोगामेड़ी की हत्या के पीछे 6 चेहरे, 5 साल की प्लानिंग के बाद किया गया करणी सेना प्रमुख का मर्डर

जयपुर(ए.)। राजस्थान में राजपूत समुदाय के बड़े नेता सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या की गुत्थी अब सुलझती नजर आ रही है। वो चेहरे सामने आ गए हैं जो करणी सेना प्रमुख से नफरत करते थे। गोगामेड़ी के सारे दुश्मन एकजुट हो गए थे। पांच सालों से वो मिलकर गोगामेड़ी के मर्डर की प्लानिंग कर रहे थे।

गोगामेड़ी की हत्या के पीछे 6 चेहरे!

1. रोहित गोदारा

रोहित गोदारा राजस्थान का एक गैंगस्टर जो बिश्नोई गैंग के लिए काम करता है। पिछले कुछ समय से रोहित विदेश में छुपा हुआ है। राजस्थान के ही एक दूसरे गैंगस्टर राजू ठेहट की हत्या में रोहित गोदारा का हाथ था। पुलिस को इसकी लंबे समय से तलाश थी।

2. रोहित राठौर

26 साल का रोहित राठौड़ राजस्थान के नागौर का एक शार्प शूटर है जो रोहित गोदारा के लिए काम करता है। ये वो शख्स था जो गोगामेड़ी के घर दोपहर 1 बजे के करीब पहुंचा। करणी सेना प्रमुख गोगामेड़ी के एक दोस्त अजय से रोहित ने दोस्ती की और फिर गोगामेड़ी से मिलवाने के लिए कहा। अजय ही रोहित को गोगामेड़ी के घर लेकर आए और फिर बातों के दौरान ही रोहित ने अपनी बंदूक निकालकर करणी चीफको निशाना बना दिया।

3. नितिन फौजी

रोहित गोदारा का दूसरा शार्प शूटर नितिन फौजी हरियाणा का रहने वाला है जिसे दिया गया था गोगामेड़ी को मारने का काम। रोहित राठौड़ के साथ उन दिन दूसरा आरोपी नितिन फौजी ही था। ये दोनों बिश्नोई गैंग के लिए काम करते हैं और उन्हें रोहित गोदारा का सबसे भरोसेमंद माना जाता है।

4. चीनू

इस मर्डर की इकलौती फीमेल आरोपी चरणजीत सिंह उर्फ चिनू। गैंगस्टर आनंदपाल की बेटी है चिनू जो फिलहाल दुबई में रहती है। साल 2017 में आनंदपाल की हत्या हो गई थी जिसके बाद से चिनू के रिश्ते गोगामेड़ी से बिगड़ गए थे। **5. गोल्डी बराड़**

बिश्नोई गैंग का दूसरा सबसे बड़ा लीडर गोल्डी बराड़ जो सालों से कनाडा में बैठकर देश में दहशत फैला रहा है। बताया जा रहा है कि गोगामेड़ी हत्या के मामले में रोहित गोदारा लगातार गोल्डी बराड़ से जुड़ा हुआ था।

6. लॉरेंस बिश्नोई

देश का सबसे बड़ा गैंगस्टर है लॉरेंस बिश्नोई। बड़ी-बड़ी हत्याओं में लगातार लॉरेंस बिश्नोई का नाम आ रहा है।

महिलाओं का मासिक धर्म कोई विकलांगता नहीं इसलिए पेड लीव देने की जरूरत नहीं है : स्मृति इरानी

नई दिल्ली(ए.)। मासिक धर्म के दौरान छुट्टी मिलनी चाहिए या नहीं, इससे जुड़े एक सवाल के जवाब में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति इरानी ने कहा की इसकी जरूरत नहीं है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वह मासिक धर्म को एक महिला की जिंदगी का स्वाभाविक हिस्सा मानती हैं, यह कोई विकलांगता नहीं है। इस तरह उन्होंने संकेत दिया कि मासिक धर्म को दौरान महिलाओं को छुट्टी देने की किसी पॉलिसी की जरूरत नहीं है। स्मृति इरानी ने कहा, 'माहवारी वाली महिला होने के नाते मैं कह सकती हूं माहवारी और उसका चक्र कोई विकलांगता

नहीं है। यह महिला की जीवन यात्रा का स्वाभाविक अंग है। चूंकि आज महिलाएं अधिक से अधिक आर्थिक मौकों की तलाश कर रही हैं, मैं इस पर अपनी व्यक्तिगत राय रखना चाहूंगी।'

राज्यसभा में आरजेडी सांसद मनोज झा की तरफसे बुधवार को प्रश्नकाल के दौरान पूछे गए सवाल के जवाब में कहा, 'हमें कोई ऐसा मुद्दा प्रस्तावित नहीं करना चाहिए जहां महिलाओं को सिर्फ इसलिए समान अवसरों से वंचित किया जाए कि जिसे माहवारी नहीं आती वह माहवारी के बारे में एक खास तरह की राय रखता है।'

झा ने कहा कि 1990 के दशक की शुरुआत में बिहार पहला राज्य बना था जिसने मासिक धर्म के दौरान छुट्टी दी थी। उसके बाद केरल भी उसी रास्ते पर चला। आरजेडी सांसद ने मंत्री से पूछा कि महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान अनिवार्य तौर पर पेड लीव देने को लेकर क्या किया गया है। इसके जवाब में इरानी ने राज्यसभा को बताया कि मासिक धर्म एक प्राकृतिक प्रक्रिया है। सिर्फ कुछ महिलाओं को उन दिनों में जटिलताओं का सामना करना पड़ता है। ज्यादातर मामलों में सामान्य तौर पर कुछ खास दिक्कत नहीं होती। पिछले हफ्ते कांग्रेस सांसद शशि थरूर के एक सवाल के जवाब में इरानी ने कहा था कि महिलाओं को अनिवार्य तौर पर पेड मेंस्ट्रुअल लीव देने को लेकर किसी प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जा रहा है।

दरअसल, लंबे समय से यह मांग होती रही है कि महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान अनिवार्य तौर पर छुट्टी दी जानी चाहिए। हालांकि, इस विचार का यह कहकर विरोध भी किया जाता है

रोडवेज बस ड्राइवर की अचानक बिगड़ी तबीयत, 4 को रौंदा

ग्रेटर नोएडा(ए.)। ग्रेटर नोएडा के दनकौर में उस समय भीषण हादसा हो गया, जब एक रोडवेज बस ने सामने से आ रही दो बाइकों में टक्कर मार दी, जिसमें तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक शख्स का इलाज चल रहा है. ये हादसा बस ड्राइवर की तबीयत अचानक बिगड़ने की वजह से हुआ. बताया जा रहा है कि ड्राइवर को अचानक दौरा पड़ गया, जिसकी वजह से उसने बस पर अपना नियंत्रण खो दिया.

जानकारी के मुताबिक, यूपी रोडवेज की एक बस बुधवार को नोएडा से दनकौर के रास्ते बुलंदशहर की ओर जा रही थी.

जैसे ही बस दनकौर के श्यामपुर मंडी के पास पहुंची, बस ड्राइवर की अचानक तबियत बिगड़ गई. उसे दौरा पड़ा, जिसकी वजह से बस अनियंत्रित हो गई और उसने सामने से आ रही दो बाइकों में टक्कर मार दी. ये टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और एक शख्स का अस्पताल में इलाज चल रहा है. वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है.

ग्रेटर नोएडा के एडिशनल डीसीपी अशोक कुमार ने इस हादसे की जानकारी देते हुए बताया कि आज थाना दनकौर क्षेत्र के अंतर्गत मंडी श्याम नगर फ्लाई ओवर के पास रोडवेज बस नंबर ক্কা5 ष्ठ्ठ8367 के ड्राइवर के अस्वस्थ होने के कारण बस के सामने से आ रही दो मोटरसाइकिल से एक्सीडेंट हो गया, जिसमें तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. इनकी पहचान बुलंदशहर के रहने वाले करन (32) और सुशील और एक अज्ञात के रूप में हुई है. पुलिस बल मौके पर मौजूद है।

असम के 1281 मदरसे हमेशा के लिए हुए बंद, हिमंत सरमा ने रेग्यूलर स्कूल में किया कनवर्ट

नई दिल्ली (ए.)। असम सरकार ने बुधवार को एक अधिसूचना जारी कर 31 जिलों के 1281 मदरसों के नाम बदल दिए और उन्हें राज्य शिक्षा बोर्ड के तहत नियमित स्कूलों में बदल दिया है। शिक्षा मंत्री रनोज पेगु ने बुधवार को आदेश जारी किया। उन्होंने नए स्कूलों की सूची एक्स पर साझा की है। उन्होंने लिखा, ÷माध्यमिक शिक्षा बोर्ड असम (एसईबीए) के तहत सभी सरकारी और प्रांतीय मदरसों को सामान्य स्कूलों में परिवर्तित करने के परिणामस्वरूप स्कूल शिक्षा विभाग ने 1281 मदरसों के नाम बदलकर मिडिल इंग्लिश (एमई) स्कूल कर दिया है।

उनके आदेश में कहा गया है, राज्य सरकार की मंजूरी के अनुसार, प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय के तहत 1281 मदरसों का नामकरण तत्काल प्रभाव से एमई स्कूल के रूप में जाना जाएगा।

असम सरकार ने जनवरी 2021 में कानून पारित किया था, और राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड के अधीन थे।

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने इस साल मार्च में कर्नाटक में एक रैली को संबोधित करते हुए दावा किया था कि उनकी सरकार ने 600 मदरसों को बंद कर दिया है। उन्होंने यह भी कहा था कि राज्य के सभी मदरसे बंद हो जाएंगे। सरमा ने कहा था, वह स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय चाहते हैं न कि इस्लामी धार्मिक संस्थान।

7 दिसंबर को सरमा ने कहा कि 2020 में असम सरकार ने सभी सरकारी और प्रांतीय मदरसों को खत्म करने और उन्हें नियमित स्कूलों में तब्दील करने का एक परिवर्तनकारी निर्णय लिया। उन्होंने कहा, इसके परिणामस्वरूप पूर्व मदरसा प्रणाली के 3,748 छात्रों ने 2023 में हाई स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट (मैट्रिकुलेशन) परीक्षा दी। उन्होंने कहा, बांग्लादेश से लोग असम आते हैं और हमारी सभ्यता और संस्कृति के लिए खतरा पैदा करते हैं। मैंने 600 मदरसों को बंद कर दिया है और मैं सभी मदरसों को बंद करने का इरादा रखता हूं, क्योंकि हम मदरसे नहीं चाहते हैं। हम स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय चाहते हैं।

संबंध बनाने से इनकार करने पर लिव-इन पार्टनर ने की युवती की हत्या, गिरफ्तार

भोपाल/नवप्रदेश। मध्य प्रदेश के इंदौर में 20 वर्षीय एक युवती की उसके लिव-इन पार्टनर ने कथित तौर पर शारीरिक संबंध बनाने से इनकार करने पर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। आरोपी के घर पर खून से लथपथ युवती का शव मिलने के तीन दिन बाद पुलिस ने चौंकाने वाला खुलासा किया।

पुलिस के मुताबिक, महिला का शव उसकी हत्या के दो दिन बाद 9 दिसंबर को मिला था। आरोपी अपने घर का दरवाजा बंद कर भाग गया था। जांच के दौरान, पुलिस को पता चला कि पीड़िता प्रवीण सिंह धाकड़ के साथ रिश्ते में थी और इंदौर में उसके किराए के घर पर रह रही थी। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अभिनय विश्वकर्मा ने संवाददाताओं को बताया कि सात दिसंबर को रावजी बाजार इलाके में किराए के मकान में महिला की हत्या कर दी गई थी और दो दिन बाद पुलिस ने उसका शव बरामद किया था। उन्होंने बताया कि गुना जिले का रहने वाला 24 वर्षीय धाकड़ उस वक्त गुस्से में आ गया, जब उसने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने से इनकार कर दिया और उसकी गर्दन पर कैंची से वार कर दिया।

विश्वकर्मा ने कहा, महिला को बहुत खून बहने लगा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आरोपी घबरा गया और घर को बाहर से बंद करके भाग गया और उसका मोबाइल फोन भी छीन लिया।

न्यूज गैलरी

सड्डू में प्लेसमेंट कैम्प आज

रायपुर/नवप्रदेश। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सड्डू, विधानसभा रोड रायपुर में 15 दिसंबर को सुबह 9 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इस प्लेसमेंट कैम्प में निजी क्षेत्र के नियोजक टाटा मोटर्स सनंद गुजरात, गंगेश इण्टरनेशनल टॉवर वर्क पुडुचेरी चेन्नई, क्रिस्टल पॉलीवर्क प्रा.लि. उरला रायपुर, एम.एन.सी वरना गोवा, वोल्टास ए.सी.रायपुर, टाटा लार्डस ए.सी रायपुर, कल्पतरू पावर ट्रांसमिशन खोरपा रायपुर, रजत इक्यूपमेंट भनपुरी रायपुर और श्री इंडस्ट्रीज भनपुरी रायपुर आदि संस्थान उक्त तिथि को उपस्थित रहेंगे।

युवक से मारपीट, केस दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। रावणभाठा स्टेडियम मंदिरहसौद के पास तीन लोगों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किए। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। प्रार्थी नीलेश वर्मा 20 वर्ष मंदिरहसौद का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी रावणभाठा स्टेडियम में बच्चों के साथ फुटबाल खेल रहा था, तभी आरोपी सतखोजन बंजारे, प्रताप बंजारे व अन्य आया और फुटबाल खेलेंगे कहा। जिससे प्रार्थी ने मना किया तो आरोपियों ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

हॉस्टल पार्किंग से बाइक पार

रायपुर/नवप्रदेश। मेकाहारा के ब्वॉयज हॉस्टल के पार्किंग से अज्ञात चोर ने बाइक पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर मौदहापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मोहम्मद साजिद 32 वर्ष पीजी ब्वॉयज हॉस्टल मेकाहारा का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 17 केपी 4605 को हॉस्टल के पार्किंग में रखा था। तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 25 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर मौदहापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 379 केतहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सरेआम शराब पीते दर्जन भर पकड़ाए

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते दर्जन भर लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। तेलीबांधा पुलिस ने अंग्रजी शराब दुकान के पास सरेआम शराब पीते आरोपी कमलेश साहू 21 वर्ष, टोनू साहू 21 वर्ष, कौशल साहू 20 वर्ष व मोनू मानिकपुरी 36 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह खमतराई पुलिस ने आरोपी कमलेश साहू 35 वर्ष एवं खरोरा पुलिस ने आरोपी गजेन्द्र भारद्वाज 19 वर्ष, विकास धीवर 46 वर्ष व अनेश कनरा 19 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं नेवरा पुलिस ने आरोपी चुम्मन लाल वर्मा 53 वर्ष, डोमन वर्मा 35 वर्ष, रामप्रसाद वर्मा 40 वर्ष व दिनेश वर्मा 40 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

अवैध शराब बेचते युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। ग्राम आमासिवनी में अवैध शराब बेचते विधानसभा पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 19 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 150 रुपए जब्त किया है। पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम आमासिवनी में एक युवक अवैध शराब बेच रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी समीर निषाद 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 19 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 150 रुपए जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

'बगिया' के फूल से अब महकेगा पूरा छत्तीसगढ़

- **मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के गाँव बगिया के लोगों ने कहा- सुशासन से संवरेगा छत्तीसगढ़ - आएगी खुशहाली**

रायपुर/नवप्रदेश। सुशासन से संवरेगा छत्तीसगढ़ कार्यशैली और व्यवहार कुशलता से सब के दिलों में अपनी छाप छोड़ेंगे नए मुख्यमंत्री प्राकृतिक सुंदरता के साथ शान्ति और सुकून का आभास कराने वाले जशपुर की पहचान में एक नई कड़ी जुड़ गई है। यहां के कांसाबेल ब्लॉक में जीवनदायिनी मैनी नदी के किनारे बसे खूबसूरत गाँव बगिया में खिले विष्णु देव साय रूपी फूल की खुशबू से अब पूरा छत्तीसगढ़ महकेगा। छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय इसी बगिया गाँव में जन्में और पले बढ़े हैं। बगिया गांव के निवासियों का कहना है कि पहली बार उनके गाँव और जशपुर जिले से छत्तीसगढ़ का मुख्यमंत्री बनाया गया है, इससे इस क्षेत्र में विकास की नई बयार चलेगी। सुशासन का उदय होगा और प्रदेश में खुशहाली आएगी। लगभग ढाई हजार की जनसंख्या वाले बगिया गांव से पहली बार कोई मुख्यमंत्री बना है। इससे गांव के साथ-साथ पूरे जशपुर जिले में उत्साह और खुशियों का माहौल है।

जनजाति समाज से आने वाले श्री विष्णु देव साय द्वारा मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के साथ ही बगिया में रहने वालों में ही नहीं बल्कि जशपुर, सरगुजा संभाग सहित पूरे छत्तीसगढ़ में विकास की एक नई उम्मीद और आस बंध गई है। श्री विष्णु देव साय की सादगी और व्यवहार से गाँव के लोग भलीभांति परिचित हैं। गाँव में रहने वाले 75 साल के बुजुर्ग जितरंजन साय बताते हैं कि विष्णु देव साय की सादगी और व्यवहार को देखकर गाँव के लोगों ने उन्हें पहले पंच फिर सरपंच बनाया। गाँव के लोग चाहते थे कि श्री साय बड़ा मंत्री बनें, उन्हें मुख्यमंत्री बनते देख के पूरा गांव बहुत खुश है। अब उनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की उन्नति होगी और भविष्य उज्ज्वल होगा। मैनी नदी के किनारे श्री विष्णु देव साय के घर के सामने ही ग्रामीण सुखलाल सिदार रहते हैं। उनका कहना है कि अब हमारे गाँव बगिया के फूल से पूरा छत्तीसगढ़ महकेगा। श्री विष्णु देव साय किसी खूबसूरत फूल की तरह कोमल हृदय वाले, सहज और सादगी वाले व्यक्ति है। उनका व्यवहार सबको भाएगा। गाँव में उनका मेलजोल सभी के साथ है। आदिवासी मुख्यमंत्री के रूप में भले ही आज वे शपथ ले रहे हैं, लेकिन वे अपनी कार्यशैली और व्यवहार कुशलता से सभी के दिलों में अपनी छाप छोड़ेंगे। उनके नेतृत्व में सरगुजा संभाग सहित पूरे छत्तीसगढ़ का विकास होगा।

बगिया गांव के बंठू राम साय कहते हैं कि श्री विष्णु देव साय को प्रदेश के मुखिया के रूप में देखकर बहुत खुशी हो रही है। श्री साय जब गांव आएंगे तो उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। उनके मुख्यमंत्री बनने से बगिया ही नहीं बल्कि आसपास के सभी गाँव के लोग खुश है और सबको एक नया भविष्य दिख रहा है।

गाँव में स्व सहायता समूह संचालित करने वाली एकता स्व सहायता समूह की अध्यक्ष श्रीमती शानियरो बाई और सचिव उमादेवी कहती हैं कि श्री विष्णु देव साय हमारी बातों को ध्यान से सुनते हैं और समस्या को दूर करने की कोशिश करते हैं। कुछ ऐसा ही गांव की देवंती बाई और सुकांति बाई भी बताती हैं। उनका कहना है कि श्री विष्णु देव साय छत्तीसगढ़ में सादगी और सुशासन का एक नया अध्याय लिखेंगे।

मुख्यमंत्री साय ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर किया नमन

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री और गृहमंत्री भारतरत्न सरदार

वल्लभ भाई पटेल की 15 दिसंबर को पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया है। श्री साय ने सरदार पटेल का पुण्य स्मरण करते हुए कहा है कि सरदार पटेल अपने फौलादी संकल्पों के कारण लौह पुरुष के नाम से जाने जाते हैं। उन्होंने देशी रियासतों का भारतीय संघ में विलय कर देश के एकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्वतंत्रता के लिए किये संघर्ष के दौरान उन्होंने कई आंदोलनों का कुशल नेतृत्व किया। श्री साय ने कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भी सरदार पटेल भारत को एक सूत्र में पिरोने की दिशा में काम करते रहे। भारत देश के निर्माण में सरदार पटेल की भूमिका हमेशा अविस्मरणीय रहेगी।

रानू साहू की जमानत याचिका पर सुनवाई टली, नई तारीख 8 जनवरी

रायपुर/नवप्रदेश। निलंबित IAS रानू साहू की जमानत याचिका पर आज सुनवाई पूरी नहीं होने पर न्यायालय ने 8 जनवरी को सुनवाई की अगली तारीख मुकर्रर की है। बता दें कि IAS रानू साहू कोयला घोटाला कांड में निलंबित चल रही। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में आज गुरुवार को सुनवाई पूरी नहीं होने पर न्यायालय ने 8 जनवरी को सुनवाई की अगली तारीख है। बता दें कि पिछले साल अक्टूबर में ईडी ने छत्तीसगढ़ में कई अफसरों और कारोबारियों के घर-दफ़्तर पर छापामारी की थी और आरोप लगाया था कि राज्य में एक संगठित गिरोह कोयला परिवहन में 25 रुपए प्रति टन की वसूली कर

रहा है। ईडी के दस्तावेज़ों की मानें तो 15 जुलाई 2020 को इसके लिए सरकारी अधिकारियों ने एक सोची-समझी नीति के तहत आदेश जारी किया और उसके बाद ही अवैध वसूली का सिलसिला शुरू हुआ। ईडी के अनुसार, इस घोटाले में कई कारोबारी, कांग्रेस पार्टी के नेता और अफ़सर शामिल थे और उन्होंने अब तक इस तरीक़े से 540 करोड़ रुपए से अधिक की रक़म अवैध तरीक़े से वसूली की।

शपथ ग्रहण समारोह : कांग्रेस ने लगाया छत्तीसगढ़िया महतारी के अपमान का आरोप

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने बीजेपी सरकार के शपथ ग्रहण पर छत्तीसगढ़ महतारी, भाखा और राज्य गीत की अनदेखी का आरोप लगाया है। आरोपों को सिरे से ख़ारिज करते हुए सीएम विष्णुदेव साय ने कहा- राज्य गीत के प्रति हम सब आदर भाव रखते हैं।

शपथ ग्रहण कार्यक्रम में राज्यपाल भी मौजूद थे और राष्ट्रधुन का पालन किया गया था। कांग्रेस नेता श्री शुक्ल ने बयान जारी कर बीजेपी पर छत्तीसगढ़ महतारी की तस्वीर तक मंच में नहीं लगाने पर घोर आपत्ति की है। उन्होंने कहा बीजेपी का चाल, चरित्र और चेहरा बताता है कि सिर्फ चुनावी मौसम में छत्तीसगढ़िया, छत्तीसगढ़ महतारी और राज्य गीत के प्रति झूठा दिखावा किया गया। सरकार बनाते ही शपथ ग्रहण के दौरान, छत्तीसगढ़ी भाखा, महतारी और छत्तीसगढ़ियों की भावनाओं का अपमान किया गया है।

ओपन स्कूल : 10वीं-12वीं परीक्षा के लिए पोर्टल तैयार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में ओपन स्कूल द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकण्डरी परीक्षा के लिए सत्र 2023-24 से ऑनलाईन पोर्टल प्रारंभ किया जा रहा है। इस पोर्टल के माध्यम से छात्र-छात्राएं पांच चरणों में आवेदन की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल द्वारा छात्र-छात्राओं को स्वयं आवेदन भरने की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए स्टुडेंट कार्नर तैयार किया गया है। इसके द्वारा निर्धारित समय-सीमा में छात्र कभी भी और कहीं से भी स्टुडेंट पोर्टल के माध्यम से परीक्षा आवेदन फार्म भर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिये छात्र-छात्रायें वेबसाइड से विवरणिका डाउनलोड कर अध्ययन कर सकते

हैं। छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकण्डरी परीक्षा हेतु परीक्षा आवेदन पत्र परीक्षार्थियों के द्वारा संबंधित अध्ययन केन्द्रों में जमा किये जाते हैं, जिसे अध्ययन केन्द्रों के द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल के ऑनलाइन पोर्टल पर इन्द्राज किया जाता है एवं शुल्क बैंक द्वारा पेमेंट गेटवे के द्वारा जमा किया जाता है।

स्कूलों में 6 दिन का शीतकालीन अवकाश

रायपुर/नवप्रदेश। देश के लगभग सभी राज्यों में सर्दी का स्तर पहले की तुलना में अधिक बढ़ चुका है. छत्तीसगढ़ में भी इन दिनों काफी ठंड पड़ रही है, जिसके चलते स्कूल के टाइमिंग में बदलाव किया गया है. स्कूल को दो पालियों में संचालित करने जिला प्रशासन द्वारा आदेश जारी किया गया है. छत्तीसगढ़ के स्कूलों में शीतकालीन अवकाश की बात करें तो यह 25 दिसंबर से 30 दिसंबर 2023 तक होने वाला है। राज्य शासन ने इसकी घोषणा पहले ही कर दी है. इसके अलावा मौसम विभाग की तरफ से भी एक बहुत बड़ी अपडेट सामने आ रही है. बताया गया है कि दिसंबर महीने में कई सारे राज्यों में अचानक से ठंड बढ़ने की आशंका है, जिस वजह से स्कूल-कॉलेज बंद हो

सकते हैं. राजस्थान में विद्यार्थियों के अर्धवार्षिक परीक्षा चल रही है और यह 25 दिसंबर को खत्म हो जाएंगे. इसके बाद 25 दिसंबर से 5 जनवरी तक राजस्थान में विद्यार्थियों के शीतकालीन अवकाश रहेंगे.

फिर बदलेगा मौसम का मिजाज बदली और बारिश की आशंका

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में एक बार फिर से मौसम का मिजाज बदलने वाला है। मिचौंग तूफान का असर खत्म होने तथा आसमान साफ होने के बाद से ही प्रदेश में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। अब पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से आसमान में हल्के बादल की उपस्थिति देखी जा सकती है।

एक नया सिस्टम पश्चिमी विक्षोभ पुनः ईरान, ईराक के निकट सक्रिय है। इसका प्रभाव उत्तरी छत्तीसगढ़ में 4-5 दिनों के पश्चात होने की संभावना है। अगले 48 घंटे में न्यूनतम तापमान में 1-2 डिग्री की कमी होने की संभावना जताई जा रही है। वहीं सरगुजा संभाग सहित उत्तरी छत्तीसगढ़ में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। अंबिकापुर की बात करें तो यहां का तापमान 8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है, वहीं रायपुर का न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड दर्ज किया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर के मुताबिक हवा की दिशा पूर्व होने की वजह से अब वह नमी लेकर छत्तीसगढ़ में प्रवेश कर रही है।

पॉवर कंपनी शतरंज चैंपियनशिप में कोरबा ने मारी बाजी

- **पुरुष वर्ग में मुकेश सोनकर और महिला वर्ग में नूतन जीती**
- **नेशनल में भाग लेने टीम की हुई घोषणा**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के अंतर क्षेत्रीय शतरंज प्रतियोगिता में महिला वर्ग से कोरबा वेस्ट टीम विजेता रही। साथ ही पुरुष वर्ग में अटल बिहारी ताप विद्युत गृह मड़वा का दबदबा रहा। व्यक्तिगत श्रेणी में मुकेश सोनकर मड़वा और नूतम ठाकुर कोरबा विजेता तथा राजेश गोपाल गुप्ता दुर्ग व मीना कुर्रे रायपुर उपविजेता रहीं। इसके साथ ही राष्ट्रीय स्तर की स्पर्धा के लिए श्रेष्ठ खिलाड़ियों का चयन भी किया गया।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के केंद्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद ने क्षेत्रीय शतरंज स्पर्धा का तीन दिवसीय आयोजन किया। इसका समापन आज डगनिया मुख्यालय में हुआ। समापन समारोह के मुख्य अथिति छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के डायरेक्टर श्री केएस रामाकृष्णा रहे। उन्होंने सभी विजेताओं व उपविजेताओं शुभकामनाएं दी और कहा कि खेल के आयोजन से कार्यालयीन कर्मियों में रचनात्मक बढ़ती है। इससे उनमें नई ऊर्जा का संचार होता है। अध्यक्षता कर रहे कार्यपालक निदेशक श्री केएस मनोठिया हमें सकारात्मक बनाता है। इस अवसर पर क्रीडा एवं कला परिषद के महासचिव एवं कार्यपालक निदेशक एम एस चौहान ने राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए पुरूष और महिला खिलाडियों के नामों की घोषणा की। इस अवसर पर तीन अधिकारियों को खेल के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट सम्मान दिया गया। इसमें अधीक्षण अभियंता आरके बंछोर, सारथी करकरे कोरबा एवं, प्रबंधक अरूण कुमार देवांगन को शॉल व श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) अशोक कुमार वर्मा, अतिरिक्त मुख्य अभियंता विनोद अग्रवाल, सचिव श्री पंकज सिंह, केंद्रीय पर्यवेक्षक रजनीश चौबे उपस्थित रहे। प्रतियोगता के आब्जर्वर आयुष सिंह व विनेश दौलतानी रहे। सामूहिक पुरस्कारों की श्रेणी पुरुष वर्ग में अटल बिहारी ताप विद्युत गृह मड़वा की टीम विजेता रही। इसमें मुकेश सोनकर, मनोज ठाकुर, रूपेश देवांगन व लोकेश यादव को पुरस्कृत किया गया। उपविजेता दुर्ग रीजन की टीम रही, इसमें राजेश गोपाल गुप्ता, मनीष ठाकुर, यशवंत चंद्राकर, राजेश शर्मा को पुरस्कृत किया गया। महिला वर्ग से हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम की टीम विजेता रही, इसमें नूतन ठाकुर व मंजुला साहू को पुरस्कृत किया गया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा : 16 दिसंबर से 26 जनवरी तक होंगे आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। ज़िले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 16 दिसंबर से विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू होगी। 26 जनवरी 2024 तक चलने वाली इस यात्रा के सफल आयोजन के लिए कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर भुरे ने कलेक्टोरेट परिसर स्थित सभाकक्ष में आज अबतक की गयी तैयारियों की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में उन्होंने अधिकारियों को केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने इस संकल्प यात्रा के सफल एवं बेहतर आयोजन के लिए सभी तैयारियां समयपूर्व पूरी करने के भी निर्देश बैठक में दिए। बैठक में जिला पंचायत के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हरि कृष्ण जोशी, नगर के निगम के अपर आयुक्त अभिषेक अग्रवाल सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

नेशनल लोक अदालत कल

रायपुर/नवप्रदेश। जिला न्यायालय/कुटुंब न्यायालय परिसर में 16 दिसंबर को सुबह 10:30 बजे नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्घाटन न्यू कोर्ट बिल्डिंग कक्ष क्रमांक-210 में जिला एंव सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में किया जाएगा। इसके कवरेज के लिए प्रिंट और इलेक्ट्रोनिक मीडिया के प्रतिनिधि सादर आमंत्रित है।

ओपीएस या एनपीएस: विकल्प और जानकारी भरने 29 अंतिम तिथि

रायपुर/नवप्रदेश। ओपीएस चयन एवं कार्मिक संपदा पोर्टल में अपलोड किए जाने के संबंध में संचालनालय पेंशन एवं भविष्य निधि नवा रायपुर द्वारा अंतिम तिथि 29 दिसंबर निर्धारित की गई है। वरिष्ठ जिला कोषालय अधिकारी ने बताया कि संबंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारी उक्त प्रक्रिया की विस्तृत सूचना कार्यालय जिला कोषालय रायपुर से भी संपर्क किया जा सकता है।

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन
प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. 0771-4903223
email ID: eocghbzone2@gmail.com

आम सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि अटल आवास योजनांतर्गत मुनगी फेस-I, जिला-रायपुर में स्थित भवन क्रमांक-36, श्रीमती शांता गिलहरे पति श्री बंधुलाल गिलहरे, के नाम पर इस कार्यालय के नामांतरण आदेश क्रमांक-298 दिनांक 13.09.2023 के माध्यम से नामांतरित किया गया है। वर्तमान मे नामांतरी श्रीमती शांता गिलहरे पति श्री बंधुलाल गिलहरे, निवासी-537 वार्ड नं.-10 अखरा पारा सिलयारी, कुरूद, जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को श्रीमती कदम राजपूत पति श्री यशवंत राजपूत, निवासी-मकान नं.-70/1 स्कूल के पास शीतलापारा, आमासिवनी, रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.) के नाम से विक्रय करने के लिये इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत कर अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) की मांग की गई है।

अतः उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति, शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-2, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.5)
ईदगाहभाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email rmczone5@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 7405 दिनांक 14.12.2023
वार्ड का नाम - 67 - भक्तमाता कर्मा वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 67 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR567F00851 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती MONA SONI पिता/पति श्री/श्रीमती DEEPAK SONI के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती लक्ष्मी बाई रघाटाटे पिता/पति श्री/श्रीमती हेमचंद रघाटाटे ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
श्री सुशील कुमार चौधरी
(जोन कमिश्नर)
जोन (5)
नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, दन्तेवाड़ा
(फोन/फैक्स नंबर 07856-252362, ई-मेल eedan-pher-cg@nic.in)
निविदा सू.क्र./397-408/ले.शा./का.अ./ लो.स्वा.यां. /2023 दन्तेवाड़ा, दिनाँक 05/12/2023

// निविदा आमंत्रण सूचना //

एकीकृत पंजीयन व्यवस्था प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र ''ए'' प्रतिशत दर पर निम्नलिखित कार्य हेतु (Online) निविदा आमंत्रित की गयी है।
कार्य का नाम :- जल जीवन मिशन के अंतर्गत सिंगल विलेज का कार्य ।

क्रं.	सिस्टम टेण्डर क्रमॉक	कार्य का विवरण / ग्राम / विकासखण्ड	निविदा आमंत्रण	अनुमानित लागत (लाख में)
1	149661	नलजल प्रदाय योजना टिकनपाल / कुआकोण्डा	तृतीय काल	239.39
2	149662	नलजल प्रदाय योजना गढ़मिरी / कुआकोण्डा	तृतीय काल	207.22
3	149663	सोलर आधारित नलजल प्रदाय योजना फुलपाड़/कुआकोण्डा	तृतीय काल	230.11
4	149664	सोलर आधारित नलजल प्रदाय योजना गुडसे / कटेकल्याण	तृतीय काल	248.60
5	149665	सोलर आधारित नलजल प्रदाय योजना जबेली/कुआकोण्डा	प्रथम काल	138.38
6	149666	नलजल प्रदाय योजना हिरोली / कुआकोण्डा	तृतीय काल	123.38
7	149667	नलजल प्रदाय योजना ककाड़ी / कुआकोण्डा	तृतीय काल	110.54
8	149669	सोलर आधारित नलजल प्रदाय योजना पोटाली/कुआकोण्डा	तृतीय काल	206.40
9	149670	सोलर आधारित नलजल प्रदाय योजना आलनार / गीदम	तृतीय काल	105.99
10	149671	सोलर आधारित नलजल प्रदाय योजना बुरगुम / कुआकोण्डा	तृतीय काल	123.12
11	149672	सोलर आधारित नलजल प्रदाय योजना नीलावाया/कुआकोण्डा	द्वितीय काल	81.48
12	149687	सोलर आधारित नलजल प्रदाय योजना कौरगांव / गीदम	तेरहवां काल	197.61
		कुल योग		2012.22

निविदा की सामान्य शर्ते एवं अन्य जानकारी वेबसाईट पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in पर दर्शित है।
टीप :- निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनॉक 20.12.2023 है।

जी-06335/7

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड
दंतेवाड़ा

संपादकीय

संसद की सुरक्षा तार-तार होना गहन चिंता का विषय

संसद पर हमले की 22वीं बरसी पर संसद में कुछ युवकों द्वारा स्मोक अटैक की घटना ने संसद की सुरक्षा व्यवस्था को कटघरे में खड़ा कर दिया है। नए संसद भवन में जो कुछ भी हुआ वह वाकई हैरत अंगेज है। और गंभीर चिंता का भी विषय है। बधाई के पात्र हैं वे सांसद जिन्होंने लोकसभा में उत्पात मचाने वाले मनोरंजन गौड़ा और सागर शर्मा नामक युवकों को न सिर्फ धर दबोचा बल्कि उनकी पिटाई करके उन्हें सुरक्षाकर्मियों के हवाले कर दिया। अब तक 4 आरोपी पकड़े जा चुके हैं। इनमें नीलम आजाद नाम की एक युवती भी है जो संसद के बाहर स्मोक अटैक करने के बाद जय भीम, जय हिंद, तानाशाही बंद करो, संविधान बचाओ जैसे नारे लगा रही थी। पुलिस ने हरियाणा के हिसार में रहने वाली नीलम आजाद की जन्म कुण्डली खंगाली है जिससे पता चला है की वह भाजपा विरोधी है और उसने किसान आंदोलन के दौरान सक्रिय भूमिका निभाई थी। संसद के भीतर घुसे दो युवकों मे से एक मनोरंजन गौड़ा ने अपने पिता जी के परिचय का फायदा उठाते हुए मैसूर से भाजपा के सांसद के साथ संपर्क किया था और वह संसद में प्रवेश पाने के लिए दो पास पाने में सफल हो गया था। ये सभी छह आरोपी जिनमें से दो अभी फरार हैं अलग अलग राज्यों के रहने वाले हैं और ये सोशल मीडिया पर भगत सिंह फैन्स ग्रुप के माध्यम से एक दूसरे से जुड़े हुए थे। इनके पीछे किसका हाथ है और संसद में हंगामा करने का इनका क्या मकसद है यह जांच का विषय है और पुलिस इसकी जांच में जुटी हुई है। रही बात संसद की सुरक्षा व्यवस्था की तो इसे सरकार ने गंभीरता से लिया है। लोकसभा सचिवालय ने आठ कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी इस घटना को लेकर एक उच्च स्तरीय बैठक ली है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि संसद की सुरक्षा सचिवालय की जिम्मेदारी है और इस नाते सांसदों की सुरक्षा मेरी जिम्मेदारी है। भविष्य में ऐसी घटना न हो इसके लिए वे सभी के साथ चर्चा करेंगे। संसद में इस मुद्दे को लेकर विपक्ष ने जमकर हंगामा किया इसके जवाब में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सभी सांसदों से आग्रह किया की वे पास देने में सावधानी बरते फिलहाल संसद में पास के जरिये प्रवेश बंद कर दिया गया है साथ ही संसद परिसर में सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई है। यह तो अब जांच के बाद ही पता चलेगा की संसद पर हमले की बरसी के दिन इन युवकों ने ऐसा कृत्य किसके इशारे पर किया। इस घटना को लेकर सियासत भी शुरू हो गई है। संसद की सुरक्षा में चूक को लेकर विपक्ष के नेता सरकार पर निशाना साध रहें हैं। गृह मंत्री अमित शाह से बयान देने की मांग कर रहें हैं। विपक्ष के नेताओं की चिंता स्वाभाविक है क्योंकि 22 साल पूर्व पाकिस्तानी आतंकवादियों ने संसद पर हमला किया था। इसमें 9 सुरक्षाकर्मी शहीद हो गए थे। संसद की सुरक्षा का तार- तार होना गहरी चिंता का विषय है और विपक्ष को यह मुद्दा उठाने का अवसर भी मिल गया है। अब सरकार को ही सदन को आश्वस्त करना होगा की भविष्य में इस तरह की दुर्भाग्यजनक घटना की पुनरावृत्ति नहीं होगी। इस घटना को लेकर सरकार को कटघरे में खड़ा करना विपक्ष का अधिकार है लेकिन विपक्ष को इस मामले को लेकर आपत्ति जनक बयानबाजी से बचना चाहिए। लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने इस मामले को लेकर बेहद आपत्तिजनक बयान दिया है कि सरकार के प्रति लोगों का आक्रोश संसद के भीतर पहुंचा है। प्रमुख विपक्षी पार्टी के एक जिम्मेदार नेता का ऐसा बयान निश्चत रूप से बहुत ही गैर जिम्मेदाराना कहा जाएगा। विपक्ष के नेताओं को इस घटना को लेकर बयानबाजी करते समय संयम से काम लेना चाहिए।

गाजा की तबाही के लिए हमास ज़िम्मेदार

नीरज मनजीत

एक हफ़्ते के सीज़फायर के बाद इज़राइल और हमास के बीच चल रहा युद्ध अब दक्षिणी गाज़ा तक जा पहुंचा है। इज़राइली डिफेंस फ़ोर्स इस युद्ध को उत्तरी गाज़ा तक ही सीमित रखना चाहती थी, मगर जब हमास चीफ़ याह्या सिनवार उत्तरी गाज़ा से भागकर दक्षिणी गाज़ा के ख़ान यूनुस इलाके में जा छिपा, तो इज़राइली आर्मी ने दक्षिणी गाज़ा पर हमला बोल दिया। बेंजामिन नेतन्याहू का इल्ज़ाम है कि याह्या सिनवार ही इज़राइल पर 7 अक्टूबर के हमले का मास्टरमाइंड है। इस हमले के बाद से याह्या को दूसरा ओसामा बिन लादेन कहा जाने लगा है। 61 वर्षीय याह्या हमास का सबसे खूंख़ार उग्रवादी-आतंकवादी है। युवावस्था में ही वह आतंकी संगठनों से जुड़ गया था और ऐलानिया तौर पर उसने इज़राइल को मिटा देने की क़समें खाई थीं। नतीजतन उसे 22 वर्ष इज़राइली जेलों में बिताने पड़े। 2011 में जब उसने गाज़ा पट्टी में अमन की बहाली का वादा किया तो उसे रिहा कर दिया गया। मगर जेल से निकलते ही एक बार फिर उसने इज़राइल के ख़िलाफ़ आतंकी साज़िशें रचनी शुरू कर दीं। इन्हीं हरकतों की वजह से 2015 में अमेरिका ने उसे मोस्ट वांटेड आतंकवादी घोषित कर दिया था।

2017 में वह पैंतरा बदलकर गाज़ा के लोगों से अमन की अपील करते हुए खुद को अमनपसंद दिखाने की कोशिश करने लगा। यह तो 7 अक्टूबर के हमले के बाद पता चला कि ऐसा उसने इज़राइली सरकार और खुफ़िया एजेंसी मोसाद को झांसे में डालने के लिए किया था। दरअसल यह पैंतरा उसकी दीर्घकालीन रणनीति का हिस्सा था। अमनपसंदगी के उसके ऐलान के बाद गाज़ा पट्टी में शांति की राह खुलते देख 2018 में उसे हमास चीफ़ बना दिया गया। गाज़ा की जनता ने हमास को सत्ता भी सौंप दी। यहीं से याह्या के षड़यंत्रों की शुरुआत हुई। उसने गुपचुप तरीके से पूरे उत्तरी गाज़ा में भूमिगत सुरंगों का जाल बिछा दिया। इस बात का खास ध्यान रखा गया कि इन सुरंगों का कंट्रोल रूम किसी अस्पताल, स्कूल, घने रिहायशी इलाके या मस्जिद के नीचे रहे, जहाँ बड़ी तादाद में हथियार स्टोर किए जा सकें। यह काम कई सालों तक चला और बताया जाता है कि ईरान ने इसमें उसकी बड़ी मदद की है। ज़ाहिर है कि इज़राइल के ख़िलाफ़यह एक बड़े युद्ध की तैयारी थी।

जब याह्या सिनवार को ऐसा लगा कि सारी तैयारियां पूरी हो गई हैं, तो 7 अक्टूबर को दक्षिणी इज़राइल के नागरिक इलाक़े में हमास के उग्रवादियों ने बर्बर हमले को अंजाम दे दिया। यह हमला इस सदी का सबसे क्रूर जीनोसाइड था, जिसमें युद्ध के सारे नियम तोड़ दिए गए। निरीह स्त्रियों से निर्मम रेप किया गया, मासूम बच्चों के गले काट दिए गए और आम नागरिकों को गोली मार दी गई। इस बर्बरता का नंगा प्रदर्शन करते हुए पूरी दुनिया में वीडियो वायरल किया गया। 240 लोगों को बंधक बना लिया गया, जिनमें बच्चे और वृद्ध स्त्री-पुरुष भी शामिल थे। मक़सद बिल्कुल साफ़था--इज़राइल को घुटनों पर लाना और पूरी दुनिया को दहशत की जीत का संदेश देना। बंधकों को उत्तरी गाज़ा की सुरंगों में क़ैद कर लिया गया। हमास के इस पशुवत कृत्य को दूसरे आतंकी गुट हिजबुल्लाह और हैती के आतंकी संगठन का खुला समर्थन और ईरान का अपरोक्ष साथ हासिल था।

इन सब विध्वंसक संगठनों को क़तई उम्मीद नहीं थी कि इज़राइल का प्रत्युत्तर इतना तगड़ा होगा। इज़राइली सरकार ने हमास के ब्लैकमेल के आगे झुकने से इंकार कर दिया और पूरी ताक़त से गाज़ा के नागरिक इलाकों में कायरों की तरह छिपे हमास के आतंकियों पर हमला कर दिया। चूंकि हमास के आतंकियों ने अस्पताल, स्कूल, मस्जिद और घने रिहायशी इलाकों में ठिकाने बना रखे थे, इसलिए वे निश्चिंत थे कि नैतिकता के नाते इज़राइली आर्मी इन ठिकानों पर हमला नहीं करेगी। और अगर ऐसा हुआ भी, तो दुनियाभर में इज़राइल को बदनाम करने के लिए हमास समर्थक बौद्धिक वर्ग सक्रिय हो जाएगा और इज़राइल को वैश्विक स्तर पर दबाव का सामना करना पड़ेगा। उनका अंदाज़ा बिल्कुल ग़लत साबित हुआ। इज़राइली डिफेंस फ़ोर्स ने ईरान की धमकियों और हमास के समर्थक मुस्लिम मुल्कों से डरे बग़ैर पूरे गाज़ा में कायर हमास पर हमला बोल दिया। हालांकि इज़राइल को अमेरिका और पश्चिमी देशों का खुला समर्थन हासिल है, पर बहुत से देशों का एक तबका इस हमले का विरोध भी कर रहा है। हम मानते हैं कि इज़राइल के हमलों से गाज़ा के आम नागरिकों को बहुत बड़ी मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है। मगर हमें यह भी देखना चाहिए कि इस नामुराद जंग और ब्लैकमेल की शुरुआत हमास ने ही की है।

सरल नहीं होता हैं मोहन, विष्णु और भजनलाल हो जाना

प्रवीण गुगनानी

एक दिन तो हम कुछ दस बारह किमी की पदयात्रा करके नेताजी सुभाषचंद्र बोस के निवास स्थान पर बने स्मारक तक भी पहुँच गये थे। संलग्न चित्र कोलकाता के नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्मारक के सामने का ही है। तब सुबह सुबह वह स्मारक खुला भी नहीं था और हमें बाहर से ही दर्शन करके लौटना पड़ा था। भजनलाल जी और मेरा रात्रि का भोजन और उसके बाद की सैर और पान खाना और लंबी गपशप करना भी साथ में होता था। और हां, इस गपशप में कोविड के दिल दहला देने वाले और हृदय को भीतर तक चीर देने वाले किस्से अवश्य ही हुआ करता था। प्रतिदिन जब कोरोना से मृत्यु का डर मुझ पर हावी होता था तब भजनलाल जी केवल मुझे ही नहीं बल्कि मेरे जैसे दसियों कार्यकर्ताओं को हिम्मत बंधाते और साहस देते नजर आते थे। बड़े भी विनम्र किंतु सख्त, हंसमुख के साथ गंभीर, अच्छे नियोजक किंतु सरल, चटोरे किंतु शुद्ध शाकाहारी, उन्मुक्त किंतु निर्व्यसनी, सहज चर्चा करने वाले किंतु उत्तम वक्ता, कम बोलने वाले किंतु मित्रों के साथ मुखर; प्रकार के व्यक्ति हैं, भजनलाल जी!!

अनंत शुभकामनाएं एवं बधाई .. और आपके चरितार्थ होते देवतुल्य कार्यकर्ता भाव के चिरंजीवी होने हेतु मंगल कामनाएं ....

भारतीय जनता पार्टी में एक टर्म या शब्द चलता है, देवतुल्य कार्यकर्ता÷ यह शब्द बड़ा ही विशेष है! जहां विश्व के तमाम राजनैतिक दलों या यूं भी कह सकते हैं कि विश्व के सभी प्रकार के संगठनों में ऐसा शब्द सुनने-बोलने में नहीं आता है, वहीं भाजपा में यह शब्द चरितार्थ होता हुआ भी दिखाई पड़ता है!! छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु साय जी भी ऐसे ही व्यक्ति हैं किंतु उनका कोई अनुभव, भेंट या संस्मरण मेरे पास दुर्योग से नहीं है। मध्यप्रदेश व राजस्थान के नवनियुक्त मुख्यमंत्री मोहन यादव व भजनलाल शर्मा के संबंध में देवतुल्य कार्यकर्ता शब्द सिद्ध होता है। ये दोनों व्यक्ति अपने संगठन के कार्यकर्ता को देवतुल्य मानते हैं; ये मेरा व्यक्तिगत अनुभव व संस्मरण है।

पहला संस्मरण मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव जी का है, इसे मैंने वर्ष 2021 में मेरे ब्लॉग व सोशल मीडिया के अन्य प्लेटफार्म्स पर भी पोस्ट किया था। मोहन यादव जी से मेरी भेंट, चर्चा व जान पहचान का अत्यंत सीमित दायरा ही था। मोहन जी मप्र के उच्च शिक्षा मंत्री थे तब मैंने उन्हें छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय के कार्यपरिषद सदस्य होने के नाते एक पत्र लिखा था। एक दिन अचानक बिना पूर्व सूचना के मैं उनके भोपाल स्थित कार्यालय पहुँच गया। अंदर मेरे जाने की सूचना पर्ची के माध्यम से गई और उन्होंने मुझे तत्काल ही अंदर बुलवा लिया। जैसे ही मैंने उनके कक्ष में प्रवेश किया, मोहन जी तत्क्षण बोलना प्रारंभ किया - प्रवीण जी, आपने जिस महाविद्यालय के लिए राशि पिछले माह मांगी थी उसका स्वीकृति पत्र लेकर जाइए!! और इसके तत्काल बाद उन्होंने मुझे मेरे प्रस्ताव की प्रशासकीय स्वीकृति सहित बजट आवंटन का पत्र मेरी हाथों में थमा दिया था। मुझे बड़ा घनघोर आश्चर्य हुआ। मैं दांतों तले अंगुली दबाने को विवश हो गया। मैं ठहरा संघ-भाजपा का अत्यंत छोटा व मामूली सा कार्यकर्ता और मेरे एक मामूली से पत्र के सारे सारे के सुझावों व मांगों को मानते हुए इतने बड़े बजट के आवंटन को देखते हुए मैं आश्चर्यचकित ही नहीं अपितु भावविभोर भी हो गया था। मेरे बड़े ही संक्षिप्त, अल्प आग्रह पर मप्र के उच्च शिक्षा मंत्री मोहन जी यादव ने बैतुल के जयवंती हक्सर महाविद्यालय हेतु 9.18 करोड़ व आठनेर महाविद्यालय हेतु 3.53 करोड़ रु. भवन निर्माण हेतु स्वीकृत कर दिये थे। पत्र देते हुए उन्होंने यह भी कहा कि, आपके आग्रह के अनुसार शाहपुर महाविद्यालय के बजट का आवंटन शेष रहा है वह भी शीघ्र ही मिल जाएगा। भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने यदि मोहन जी यादव को मुख्यमंत्री मनोनीत करने का निर्णय लिया है तो निश्चित ही उन्होंने भाजपा के लाखों कार्यकर्ताओं, संगठन, समाज व अपने कर्तव्य के प्रति मोहन जी की इस परायणता, समर्पण व चैतन्यता को देखकर ही किया होगा।

आज उनके मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रथम दिवस पर उनकी कर्तव्य परायणता के भाव को नमन सहित उन्हें बधाई व शुभकामनाएँ!!

दूसरा संस्मरण राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जी का -

अप्रैल, 2021 में वो बड़े भारी और भयंकर कोविड महामारी के दिन थे। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव चल रहे थे। उन दिनों मप्र से लेकर बंगाल तक पूरे देश के श्मशान में शवों के दाह संस्कार के हेतु लाइनें लगा करती थी। परिजनों के शवों का अंतिम संस्कार करना भी एक चुनौतीपूर्ण कार्य हो गया था। मौत अपने चरम रूप को दिखाते हुए तांडव कर रही थी। समूचे देश में चीख पुकार और हाहाकार मचा हुआ था। उन दिनों में अपने घर से दो हज़ार किमी की यात्रा करके पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार हेतु जाना पागलपन ही था। यह पागलपन भजनलाल जी शर्मा और मैंने कर लिया था। हम दोनों ही अनेकों कार्यकर्ताओं की भांति अपने अपने प्रदेश से पश्चिम बंगाल के विस चुनाव में भाजपा के प्रचार कार्य हेतु पहुंचे हुए थे। भजनलाल जी व मेरा वहां पहली बार परिचय हुआ था। भजनलाल जी व मुझमें एक समानता थी, दोनों के ही पारिवारिक परिजन सुबह शाम घर वापिस लौटने हेतु रोते, चीखते और क्रोधित होकर फोन किया करते थे, और हम; इन पत्नी, पिता, माता, भाई, बच्चों के इन फोन कॉल्स से व्यथित होकर भी काम में लगे रहते थे। प्रतिदिन हम परिवार से आने वाले इन फ़ोन कॉल्स की चर्चा किया करते थे। परिवार जनों से झूठ कहते थे कि फ्लाइट नहीं है या, टिकिट नहीं हो रही या कैलाश जी विजयवर्गीय और अरविंद जी मेनन आने नहीं दे रहे हैं!!

राजस्थान के नवनियुक्त मुख्यमंत्री भजनलाल जी शर्मा, कूचबिहार के निशीथ जी और मैं पश्चिम बंगाल विस चुनाव के समय कोलकाता मुख्यालय में रुके थे। हम तीनों का साथ प्रतिदिन सुबह पांच से सात बजे तक का होता था। सुबह का योग व्यायाम, फिर पांच सात किमी की सैर और लौटकर सुबह का अल्पाहार भजनलाल जी के संग ही होता था मेरा। फिर वो दिन भर वो अपने रास्ते और हम अपने रास्ते निकल जाते थे। एक दिन तो हम कुछ दस बारह किमी की पदयात्रा करके नेताजी सुभाषचंद्र बोस के निवास स्थान पर बने स्मारक तक भी पहुँच गये थे। संलग्न चित्र कोलकाता के नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्मारक के सामने का ही है। तब सुबह सुबह वह स्मारक खुला भी नहीं था और हमें बाहर से ही दर्शन करके लौटना पड़ा था। भजनलाल जी और मेरा रात्रि का भोजन और उसके बाद की सैर और पान खाना और लंबी गपशप करना भी साथ में होता था। और हां, इस गपशप में कोविड के दिल दहला देने वाले और हृदय को भीतर तक चीर देने वाले किस्से अवश्य ही हुआ करता था।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1794 फ्रांस में क्रांतिकारी ट्रिब्यूनल को समाप्त कर दिया गया। 1801 हद्दी मुस्तफा पाशा, तुर्क कमांडर और राजनेता, की बेल्ग्रेड में हत्या कर दी गई। 1852 एफिल टावर बनाने वाले फ्रांसीसी इंजीनियर और आर्किटेक्ट गुस्ताव एफिल का जन्म हुआ। 1852 फ्रांस के भौतिकशास्त्री तथा प्रसिद्ध आविष्कारक हेनरी बेकरेल का पेरिस में जन्म हुआ। उन्होंने 1896 ईसवी में ऐसे पदार्थ की खोज की जो रेडियो धार्मिता की विशेषता रखता था। 1864 नैशविले की लड़ाई में अमेरिकी नागरिक युद्ध-संघ के सैनिकों ने टेनेसी की सेना को हराया, जो सबसे बड़ी संघि सेनाओं में से एक थी। 1864 अमेरिकी नागरिक युद्ध - नैशविले की लड़ाईः संघीय सेना ने टेनेसी की संघीय सेना को पराजित किया। 1877 थॉमस एडीसन ने फोनोग्राफका अविष्कार किया। 1961 बीबीसी श्रृंखला, कॉमेडी प्लेहाउस में पहला एपिसोड प्रस्तुत किया गया। 1965 बांग्लादेश में गंगा नदी के तट पर आये चक्रवात में 15,000 लोगों की मौत हुई। 1966 दुनिया की सबसे बड़ी एनीमेशन कंपनी के संस्थापक वॉल्ट डिज़्नी का निधन हुआ।

आज का पंचांग

सूर्योदय : 07:11, सूर्यास्त : 05:31, चन्द्रोदय : 08:30, चन्द्रास्त : 18:31, अयन : दक्षिणायणे (दक्षिणगोलीय), ऋतु : हेमन्त, शक सम्वत : 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वत : 2080 (पिंगल), मास : मार्गशीर्ष, पक्ष : शुक्ल, तिथि : तृतीया, नक्षत्र : पूर्वाषाढ, योग : वृद्धि, प्रथम करण : बालव (14:04 तक), द्वितीय करण : कौलव (24:56 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : वृश्चिक, चंद्र : धनु, मंगल : वृश्चिक (अस्त, पश्चिम, मार्गी), बुध : धनु (अस्त, पूर्व, वक्री), गुरु : मेष (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र : तुला (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 11:51 से 12:32, अमृत काल : 27:42 से 29:11, विजय मुहूर्त : 13:54 से 14:35, गोधूलि मुहूर्त : 17:15 से 17:43, सायाह्न सन्ध्या : 17:18 से 18:41, निशिता मुहूर्त : 23:44 से 24:39, राहुकाल : 10:30 से 12:00, राहुवास : दक्षिण, यमगण्ड : 07:04 से 08:21, दुर्मुहूर्त : 10:29 से 11:10, होमाहुति : सूर्य, दिशाशूल : दक्षिण, अग्निवास : पृथ्वी (24:55 तक), चन्द्रवास : पूर्व।

QUIZ TIME

1) अंतरिम सरकार में गृह, सूचना एवं प्रसारण मंत्री कौन थे?

2) सशस्त्र सेना झंडा दिवस कब मनाया जाता है?

3) अरूणाचल प्रदेश के बाद ई-कैबिनेट प्रणाली शुरू करने वाला दूसरा उत्तर-पूर्व राज्य कौन सा है?

4) किस देश में दुनिया की सबसे चौड़ी सड़क है?

5) किसे टाइम मैगजीन द्वारा पर्सन ऑफ द ईयर नामित किया गया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) सरदार वल्लभ भाई पटेल (2) 7 दिसंबर (3) त्रिपुरा (4) ब्राजील (5) टेलर स्विफ्ट

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज का दिन आपके लिए मिश्रित फलदायक रहेगा आज आप प्रत्येक कार्य सोच समझकर ही करेंगे फिर भी मध्यान्ह तक की दिनचर्या अस्त व्यस्त रहेगी।

वृषः आज के दिन आप अपनी ही किसी गलती अथवा लापरवाही के चलते संकट में फंस सकते हैं।

मिथुनः आज के दिन बीते कुछ दिनों से जिस कार्य योजना पर प्रयासरत थे उसमें विजय मिलने की संभावना है स्वभाव में अहम की भावना अधिक रहेगी।

कर्कः आज का दिन आपके भौतिक फलों में वृद्धि कारक है। सार्वजनिक क्षेत्र पर आपकी छवि में बीते दिनों से सुधार आएगा।

सिंहः आज के दिन आपको बौद्धिक एवं शारीरिक दोनों प्रकार के परिश्रम करने पड़ेंगे।

कन्याः आज का दिन मानसिक अशांति वाला रहेगा। बचते बचते भी अन्य लोगों के झगड़ों में पड़कर स्वयं का नुकसान करेंगे।

तुलाः आज का दिन आप को किसी न किसी रूप में अवश्य ही धन लाभ कराएगा। परिवार में छोटे भाई अथवा बहनों का ईर्ष्यालु व्यवहार मन को आहत कर सकता है।

वृश्चिकः आज के दिन आप स्वयं स्वभाव से संतोषी रहेंगे। लेकिन परिजनों का व्यवहार आपके प्रति गैरजिम्मेदाराना रहेगा।

धनुः आज का दिन आपके धन धान्य कोष में वृद्धि करेगा लेकिन खर्च भी आज अनियंत्रित ही रहेंगे।

मकरः आज दिन के प्रथम भाग में आप जिस भी कार्य से आशा लगाए रखेंगे बाद में वही हानि करेगा।

कुंभः आज का दिन आपके व्यक्तिगत सुख में वृद्धि करेगा। आप स्वभाव से अत्यंत ईर्ष्यालु रहेंगे किसी अन्य विशेषकर प्रतिद्वंदी की खुशी देखकर सहन नहीं कर पाएंगे।

मीनः आज का दिन बीते कुछ दिनों की अपेक्षा बेहतर रहेगा सुबह सुबह के समय अवश्य ही थोड़ी बहुत शारीरिक अकड़न एवं कमजोरी अनुभव होगी।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -273

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

ऊपर से नीचे

1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 272 का हल

स्मृ	ति		पा	व	क		बे	ल
	र	ज	नी	च	र			दद्दू
मु	स्का	न		न	म	की	न	
सा	र		स			ट	ख	ना
फि		अ	जा	य	ब		रा	जा
र	च	ना		था	ल			य
		धि		र्थ		स	मा	ज
उ	प	कृ	त		आ	वा	ज	
ल्लू		त			ब	ल	रा	म

न्यूज गैलरी

विधायक ने ली अधिकारियों की बैठक

भिलाई/नवप्रदेश। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने दुर्ग सर्किट हाउस में निगम भिलाई एवं नगर तथा ग्राम निवेश विभाग दुर्ग के अधिकारी व कर्मचारियों की संयुक्त बैठक ली। जिसमें छ.ग. शासन अनधिकृत विकास का नियमितिकरण (संशोधन) अधिनियम/नियम 2022 के तहत् प्राप्त प्रकरणो निराकरण के संबंध में, चर्चा की गई तथा लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण किए जाने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों के द्वारा प्रकरणों के संबंध में जानकारी दी गई। बैठक में संयुक्त संचालक सूर्यभान सिंह ठाकुर, राजेश डुम्भरे, उपअभियंता संदीप पटेल एवं निगम भिलाई भवन अधिकारी हिमांशु देशमुख व अन्य संबंधित कर्मचारी व अधिकारी उपस्थित थे।

18 को बंद रहेगी शराब की दुकानें

दुर्ग/नवप्रदेश। कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने 18 दिसम्बर गुरू घासीदास जयंती पर जिले के सभी मदिरा दुकानों के लिए शुष्क दिवस घोषित किया है। 18 दिसम्बर 2023 गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर जिले में स्थित सभी प्रकार की मदिरा दुकानें एवं लायसेंस अर्थात् सी एस.2, कम्पोजिट, एफएल.1, एफएल-3, होटल बार, एफएल 4, असैनिक विनोद गृह, व्यवसायिक क्लब, एफएल.7/8, सैनिक कँटीन एवं भण्डारण भाण्डागार भिलाई को पूर्णतः बन्द रखे जाने हेतु आदेशित किया गया है।

कलेक्टर ने धान खरीदी व शासकीय उचित मूल्य दुकानों का किया निरीक्षण

दुर्ग/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं एसडीएम के निर्देशन में अतिरिक्त तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता ने विगत 13 दिसम्बर को दुर्ग तहसील के धान खरीदी केन्द्र व शासकीय उचित मूल्य दुकान थनौद का आकस्मिक निरीक्षण कर किसानों एवं हितग्राहियों से चर्चा की गई। धान खरीदी केंद्र में 30 किसानों से 1695.20 क्विंटल धान खरीदी की गई है। निरीक्षण में मापक यंत्र से धान की नमी की जांच एवं तौलाई भी करवाया गया। साथ ही किसानों से चर्चा भी की गई। समिति प्रबंधक ने बताया की नियमित रूप से धान का उठाव जारी है। किसानों को भुगतान भी की जा रही है। पर्याप्त मात्रा में बारदाने भी उपलब्ध है। समिति प्रबंधक एवं नोडल अधिकारी को प्रति सप्ताह स्टॉक सत्यापन कराए जाने हेतु कहा गया। शासकीय उचित मूल्य दुकान में उपस्थित हितग्राहियों ने नियमित रूप से राशन मिलना संतोषजनक बताया।

कल बुद्ध मेला में कव्वाल का आयोजन

दुर्ग/नवप्रदेश। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 16 दिसम्बर को बुद्ध मेला समारोह का आयोजन पंचशील बुद्ध विहार उरला में रखा गया है। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 10 बजे भन्तेजी द्वारा परितांत्र पाठ होगा । शाम 7 बजे अतिथियों का प्रबोधन होगा। बुद्ध मेला समारोह के मुख्य अतिथि गंजेन्द्र यादव विधायक दुर्ग शहर होगें । विशिष्ट अतिथि ललित चंद्राकार विधायक दुर्ग ग्रामीण होगें । कार्यक्रम की अध्यक्षता योगेन्द्र चौरे करेंगे। रात्रि 10 बजे से कव्वाली कमलेश का शानदार कार्यक्रम कव्वाला वैशाली शिन्दे (मुम्बई) विरुद्ध कव्वाल अजय खोब्रागड़े के बीच मुकाबला रात भर चलेग अतः समस्त आम जनता से अपील है कि बुद्ध मेला समारोह में ज्यादा से ज्यादा लोग पहुंच ,यह जानकारी योगेन्द्र (बब्लू) चौरे ने दी।

शिक्षक व्यवस्था करने मिला आश्वासन

पाटन/नवप्रदेश। विकासखंड शिक्षा अधिकारी जे आर जगदल्ले ने प्राथमिक शाला परसदा का औचक निरीक्षण किया जहां उपस्थित शिक्षकों के द्वारा अध्यापन कार्य करते हुए पाया गया। खंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा बच्चों को भी पढ़ाया गया एवं कुछ बच्चों से भी जानकारी ली गई बच्चों ने भी सहजता से अपने बात रखी। खंड शिक्षा अधिकारी की बताया गया कि प्राथमिक शाला परसदा लगातार विगत वर्षो से शिक्षकों की कमी से जूझ रहा है जिसको दानदाताओं के द्वारा पूर्ति किया गया है। प्रधान पाठक पवन कुमार साहू के द्वारा पूरा स्कूल घुमाया और स्कूल के समस्याओं से भी अवगत कराया वही विकासखंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा शिक्षकों से बातचीत कर अध्यापन कार्य को और बेहतर करने के लिए प्रेरित किया गया एवं आने वाले समय में शिक्षकों की व्यवस्था करने की बात कही गई। मध्यान भोजन का भी अवलोकन किया गया एवं रसोईया से पूछताछ भी की गई।

चोरी के 6 मामलों का खुलासा, 2 महिला सहित 4 गिरफ्तार

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जिला पुलिस ने चोरी के 6 मामलों का खुलासा किया है। पुलिस ने दो महिला सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों से 825000 का माल बरामद किया है। आरोपी इसके पहले भी चोरी के मामले में जेल जा चुके हैं। ए.सी.सी.यू. एवं थाना भिलाई नगर, भिलाई भट्ठी, चौकी स्मृति नगर की टीम ने संयुक्त कार्वाई की है। जिले मे लगातार चोरी की घटनायें घटित हो रही थी जिसे गंभीरता से लेते हुये वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामगोपाल गर्ग (भा.पु.से.) के द्वारा चोरी के मामलों में त्वरित कार्यवाही करते हुये आरोपियों की शीघ्र पतासाजी एवं माल बरामदगी हेतु निर्देश दिए गए थे। इसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) अभिषेक झा (रा.पु.से.), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (सायबर) अनुराग झा (रा.पु. से.), नगर पुलिस अधीक्षक (भिलाई नगर) व्ही. डी. त्रिपाठी (रा.पु.से.) के मार्गदर्शन में ए.सी.सी.यू. प्रभारी निरीक्षक नरेश पटेल, निरीक्षक संतोष मिश्रा, थाना प्रभारी भिलाई नगर निरीक्षक मनोज प्रजापति, थाना प्रभारी

भिलाई भट्ठी निरीक्षक विपिन रंगारी, प्रभारी स्मृतिनगर उप निरीक्षक नवीन राजपुत के नेतृत्व में ए.सी.सी.यू. एवं थानों की एक संयुक्त टीम गठित कर टीम को कार्यवाही हेतु लगाया गया था। टीम द्वारा घटना स्थल का सूक्ष्मता से निरीक्षण कर घटना स्थल एवं उसके आस-पास के आवागमन के मार्गो में लगे सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन किया गया जिससे कुछ संदिग्ध व्यक्तियों के फूटेज प्राप्त हुये, फूटेज के आधार पर जेल से रिहा हुये पूर्व के आदतन चोरी के संदिग्धों से पूछताछ कर एवं होटल लॉज, ढ़ाबा मे संदिग्धों के फूटेज दिखाकर आरोपियों के पतासाजी के प्रयास किये जा रहे थे, पतासाजी हेतु विशेष सूत्र भी लगाये गये थे, इसी तरह चोरी के कुछ जगहो पर एक्टिवा स्कूटर जैसे वाहन में सवार कुछ संदिग्ध सीसीटीवी फूटेज में दिखाई दिये थे जिसके आधार पर पतासाजी की जा रही थी, कि इसी दौरान विशेष सूत्रों से पता चलने पर संदेही मोहम्मद अनीश पिता मोहम्मद इलियास, शासकीय स्कूल के सामने जेपी नगर कैम्प 2 भिलाई व गुरजीत उर्फ बॉबी पिता नरेन्द्र सिंह उर्फ तोते जवाहर नगर अटल आवास वैशालीनगर को सेक्टर 6 मार्केट के पास घेराबंदी कर पकड़ा गया जो पूछताछ करने पर खम्हरिया, सेक्टर-2 सड़क 16, सेक्टर 6 सड़क 86 व 82, सेक्टर 4 सड़क 10 एवं सेक्टर 9 डॉ मोहन्ती के घर नकबजनी की घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किये और चोरी किये गये सोने चॉदी के जेवरातों को आपस बॉट कर रखना एवं कुछ जेवरातों को महिला आरोपियों के पास रखना बताये।

अतिक्रमण प्रभावितों का होगा व्यवस्थापन

सड़क किनारे गड्ढे, खुले चेम्बर की सर्वे कर मरम्मत करने के दिए निर्देश

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जिले के नगरीय निकायों में यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए सड़क किनारे सभी छोटे-बड़े कब्जों, अवैध ठेले गुमटियों व चौपाटियों पर की गई कार्यवाही से प्रभावित व्यवसायियों का जिला प्रशासन द्वारा व्यवस्थापन किया जाएगा। कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने आज नगरीय निकायों के अधिकारियों की वीडियों कांफ्रेसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि नगरीय निकायों के चौक-चौराहों से हटाये गये अतिक्रमित व्यवसायियो को उनके आजीविका के लिए नगर में जगह

चिन्हांकित कर शिफ्ट् किया जाए। ठेले को वेडिंग जोन में रखना संभव न हो तो सड़क किनारे स्थान जहां ठेला लगाया जा सके उस स्थान पर व्यवस्थित रूप से शिफ्ट् किया जाए। प्रभावित लोगों का व्यवस्थापन कराकर स्मार्ट वेडिंग जोन के तहत बैंक ऋण राशि की सुविधा मुहैय्या कराने इन्हें प्रधानमंत्री स्व निधि योजना से जोड़कर लाभान्वित किया जाए। कलेक्टर ने नगरीय निकाय के अधिकारियों को प्रभावित लोगों की व्यवस्थापन कराकर निकायवार जानकारी उपलब्ध कराने कहा है। कलेक्टर श्री मीणा ने जिले में केटल- फ्री रोड पर जोर देते हुए नगरीय निकायवार रोस्टर प्रारंभ होने के अब तक पकड़े गये पशुओं की जानकारी ली। उन्होंने सड़कों पर पशुओं के कारण हो रही दुर्घटना को रोकने के लिए सड़कों से घुमन्तु पशुओं को हटाने के लिए अधिकारियों को प्रभावी तरीके से कार्य करने कहा। कलेक्टर ने कहा कि सब्जी मंडी, बाजार, कालोनियॉं व सड़क की संख्या आदि पर पशुओं की लोकेशन के अनुसार कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि नगर की सड़क केटल-फ्री दिखना चाहिए, पशुओं को सड़कों पर छोड़े जाने पर पशुपालकों की पहचान कर कार्यवाही किया जाए।

एसएमएस-3 में सुरक्षा सप्ताह का आयोजन

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। इस्पात संयंत्र का स्टील मेल्टिंग शॉप-3 द्वारा 16 दिसम्बर 2023 तक सुरक्षा सप्ताह मना रहा है। तकनीकी सह सुरक्षा स्टॉल का उद्घाटन कार्यपालक निदेषक (प्रोजेक्ट्स) एस मुखोपाध्याय ने किया। श्री मुखोपाध्याय ने सभी स्टॉलों का निरीक्षण कर उनके उत्कृष्ट प्रयासों की सराहना की। एसएमएस-3 टीम एवं अन्य श्रमिकों द्वारा दिखाया गया उत्साह प्रषंसनीय है और टीम को इसी तरह काम करना जारी रखना चाहिए। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि उत्पादन में शून्य दुर्घटना के लक्ष्य को लेकर कार्य निष्पादित करें। इस सुरक्षा सप्ताह के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट (बीओडब्ल्यू) और तकनीकी सह सुरक्षा स्टॉल में विभिन्न विभागों के कर्मचारी एवं सहयोगी कंपनियां जैसे सीमेनस, प्रोटेक्टिव, जीआर एंटरप्राइज, केएमसी, वैक्स, वसुवीएस एवं लॉयड्स ने भाग लिया। मेसर्स केएमसी, मेसर्स प्रोटेक्टिव जनरल इंजीनियरिंग लिमिटेड और मेसर्स सीमेंस के स्टॉल को क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। विजेताओं को ईडी (प्रोजेक्ट्स) द्वारा सम्मानित किया गया।

अवैध कब्जे पर निगम का चला बुलडोजर

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाईनगर। निगम द्वारा खुले मे अवैध रूप से मांस, मटन, मछली विक्रय करने वालो के खिलाफबंद की कार्यवाही कर सड़क किनारे से हटा जा रहा इसी कडी मे निगम का तोड़ फोड़ दस्ता जुनवानी, कोहका, मॉल चौक से कार्यवाही करते हुए केम्प-1 सुभाष चौक पहॅुचा, तो वहॉ के मांस मटन व्यापारियों ने अपने व्यापार को स्वयं से हटाने के लिए समय चाह गया था। मांस मटन एवं सड़क किनारे अन्य व्यापार करने वाले सुभाष चौक के व्यापारियों के साथ निगम सभागार में अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, सीएसपी अशीष कुमार बंछोर, छावनी थाना टीआई सोनम ग्वाला की उपस्थिति में बैठक आहुत किया गया, जिसमें व्यापारियों ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि केम्प-1 के सुभाष चैंक में हम लम्बे समय से व्यापार कर रहे है। हमे अपने व्यापार के लिए कोई स्थान दिया जाये, जिस पर अपर आयुक्त ने कहा की खुले में मांस मटन का विक्रय प्रतिबंधित किया जा रहा है। उसे आप तत्काल बंद करिए एवं अन्य स्थान के लिए जोन दो, जोन तीन एवं योजना विभाग की संयुक्त टीम मौका मुवायना कर स्थिति स्पष्ट करेगे। जिस पर व्यापारियों ने गुरूवार शाम तक अपना व्यापार जो सड़क किनारे लगे टीन, टप्पर, बांस बल्ली गड़ाकर किया जा रहा है, उसे हटाने सहमति दी थी। मियाद खत्म होते ही निगम प्रशासन की टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचे और कार्यवाही शुरु की।

भिलाई इस्पात मजदूर संघ ने सौंपा ज्ञापन

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। फेस आईडी सिस्टम द्वारा अटेंडेंस सिस्टम लागू करने हेतु भिलाई इस्पात संयंत्र में फोटोग्राफी चालू करने का कर्मचारियों द्वारा विरोध संघ के पदाधिकारियों के पास सुबह से ही शुरू हो गया। संघ द्वारा विषय को गंभीरता से लेते हुए दोपहर 1 बजे संघ कार्यालय सेक्टर 6 में सदस्यों की बैठक बुलाई गई और उसमें सर्वसम्मति से निर्णय कर अधिशासी निदेशक कार्मिक एवं प्रशासन से मिलकर फोटोग्राफी सिस्टम को रोकने की मांग की गई। संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य इस्पात भवन पहुंचे। संघ के 7 सदस्य चर्चा करने हेतु गए। संघ ने बताया कि पहले भी हम मुख्य महाप्रबंधक कार्मिक संदीप माथुर के समक्ष इसका विरोध कर चुके हैं और पहले एन जे सी एस में लंबित मुद्दों को हल कर कर्मचारियों को आर्थिक लाभ पहुंचाया जाए। बैठक आधे घंटे चली और चर्चा सार्थक रही। बैठक में कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, मुख्य महाप्रबंधक कार्मिक संदीप माथुर, जेनएन ठाकुर, उपमहाप्रबंधक विकास चंद्रा, यूनियन कार्यकारी अध्यक्ष रवि शंकर सिंह, महामंत्री चन्ना केशवलू आदि मौजूद थे।

बोरसी में संकल्प यात्रा का शुभारंभ

दुर्ग। निगम सीमा क्षेत अंतर्गत विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए निगम प्रशासन द्वारा तैयारी कर ली गई है। 16 दिसम्बर को दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक बोरसी प्रगति मैदान में किया जाएगा। (केम्प 2) में स्वास्थ्य जांच शिविर, आधार कार्ड का अपडेशन किया जाएगा, आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा के अलावा पीएम आवास आवेदन सहित अन्य कार्य किया जाएगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए तैयारी पूरी कर ली गई है। प्रमुख योजनाओं की संतृप्तीकरण के लिए आउटरीच गतिविधियों से लाभार्थियों से सीधा संवाद स्थापित करने लोगो से चर्चा किया जाएगा।

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 03 जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र- 202309100400217/अ-6अ/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामाधीन पिता स्व. थनवार निवासी ग्राम अंजोरा तह. व जिला दुर्ग के द्वारा मौजा अंजोरा प.ह.नं. 24 स्थित भूमि खसरा नं. 113, 254/1, 321, 322/1 रकबा 0.38, 0.10, 0.03, 0.29 हे. भूमि जो कि आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। किन्तु ऑनलाईन में उनके नाम के स्थान पर उनके भाई रामगुलाम पिता थनवार का नाम त्रुटिवश दर्ज होने का लेख करते हुए त्रुटि सुधार कर रिकार्ड अद्यतन किए जाने बाबत् आवेदन पत्र संबंधित दस्तावेजों को संलग्न कर अ.वि.अ. (रा.) को पेश किया गया है जो जांच हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा -आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 06.12.2023 अथवा प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित आपत्ति आवेदन पेश कर सकतें हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20.11.2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार 03, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई-3 जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ऑन. | पक्षकार का नाम: सत्यभामा सुदेश शुक्ला | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202312104300001

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका सत्यभामा सुदेश शुक्ला पति सुदेश शुक्ला निवासी सिविल लाइन गोदिंया तहसील व जिला द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम उरला प.ह.न. 08 तह. भिलाई जिला दुर्ग	613/7	0.0098 हें	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 11.12.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, भिलाई-03, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई-3 जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ऑन. | पक्षकार का नाम: योगेश कुमार शुक्ला | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202312104300008

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक योगेश कुमार शुक्ला पिता छन्नूलाल शुक्ला निवासी शारदा चौक रायपुर तहसील व जिला रायपुर द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम उरला प.ह.न. 08 तह. भिलाई जिला दुर्ग	613/5	0.0098 हें	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 11.12.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, भिलाई-03, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई-3 जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ऑन. | पक्षकार का नाम: पूनम शुक्ला | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202312104300009

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका पूनम शुक्ला पति बृजेश कुमार शुक्ला निवासी शारदा चौक रायपुर तहसील व जिला रायपुर द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम उरला प.ह.न. 08 तह. भिलाई जिला दुर्ग	613/6	0.0098 हें	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 11.12.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, भिलाई-03, जिला दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील -दुर्ग प.ह.न. 00049 रिसाली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- सी.जी. 510642609202300l

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00049 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के वर्तमान भूमिस्वामी संतोष मिश्रा पिता/पति स्व. रामकृपाल मिश्रा पता ई 202 मारुती लाईफ स्टाइल आर.के. मॉल के पीछे कोटा रोड मोह बाजार रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 265/45 (0.0139) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता रीता कुशवाहा पिता/पति सुभाष कुशवाहा पता प्लाट नं. 100 स्ट्रीट नं. 26 स्मृतिनगर नेहरु नगर भिलाई तह. व जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 19.10.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27.09.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम: श्री समीर कुमार साहू | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202312100400158

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री समीर कुमार साहू आ. श्री हिंछाराम साहू निवासी जयंती नगर सिकोला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम सिकोला प.ह.न. 17 तह. व जिला दुर्ग	60/8	0.010 हें 1100 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 12/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./202312100800034/अ-55/वर्ष 2023-24

ग्राम-कोनका, प.ह.न. 03

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी धमधा के पृष्ठा क्रं. 2731/वाचक-1/2024 दिनांक 11.10.2023 के माध्यम से आवेदक भूपसिंह वर्मा पिता रामशरण वर्मा जाति लोधी निवासी ग्राम कोनका तह. धमधा जिला दुर्ग के द्वारा आवेदन पत्र अंतर्गत ग्राम पटेल की नियुक्ति करने के संबंध में पेश कर निवेदन किया है कि ग्राम कोनका में स्व. होरीलाल साहू पिता दल्ला साहू ग्राम पटेल के पद पर नियुक्त था जो विगत 07 वर्ष से मृत्यु हो गई है वर्तमान में ग्राम कोनका में पटेल की पद रिक्त है। आवेदक ग्राम कोनका में ग्राम पटेल के पद पर नियुक्त होना चाहता है। अतः ग्राम कोनका में ग्राम पटेल की नियुक्ति हेतु आवेदन पर जांच कर प्रतिवेतन हेतु प्राप्त। जो प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

यदि जिस किसी भी व्यक्ति को आवेदक को ग्राम कोनका में पटेल पद पर नियुक्त किए जाने से कोई आपत्ति/दावा या उजर हो तो स्वयं इस न्यायालय में पेशी दिनांक 05.01.2024 को लिखित में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते है। साथ ही ग्राम कोनका के अन्य इच्छुक व्यक्ति ग्राम कोनका में पटेल पद हेतु आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

मुहर — तहसीलदार, धमधा (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

(धारा 178 प्रारूप ख)

रा.प्र.क्र./202312101100031/अ-27/वर्ष 2023-24

ग्राम-खजरी, प.ह.न. 26

क्योंकि मौजा खजरी प.ह.न. 26 रा.नि.मं. दारगांव तह. धमधा जिला दुर्ग के सहभूमिस्वामी आवेदकगण 01 ना.बा. चन्द्रकांत 02 ना.बा. नवीन कुमार दोनो वली व माता मंजू 03 मंजू बेवा स्व. श्री टोपकुमार 04 थानेश्वर 05 ईश्वरी दोनो पिता स्व. श्री संतराम निवासी ई.डब्ल्यू.एस 1603 वीर सावरकर नगर हीरापुर रायपुर तह. व जिला रायपुर छ.ग. 06 ओंकारप्रसाद पिता स्व. श्री सुखदास सभी निवासी ग्राम बिरोदा तह. धमधा जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा आवेदन पेश कर निवेदन किया है कि हमारे शामिलात खाते की कृषि भूमि मौजा ग्राम खजरी प.ह.न. 26 रा.नि.मं. दारगांव तह. धमधा जिला दुर्ग में स्थित कृषि भूमि खसरा क्रं. 546 (0.5700 हे) कृषि भूमि राजस्व अभिलेखो में संयुक्त उभय पक्षकारों ने 01 ना.बा. चन्द्रकांत 02 ना.बा. नवीन कुमार दोनो वली व माता मंजू 03 मंजू बेवा स्व. श्री टोपकुमार 04 थानेश्वर 05 ईश्वरी दोनो पिता स्व. श्री संतराम 06 ओंकारप्रसाद पिता स्व. श्री सुखदास निवासी ग्राम बिरोदा तह. धमधा जिला दुर्ग छ.ग के शामिलात नाम से धारित है। वारिसानों के मध्य खाता विभाजन करने हेतु आवेदन पेश किया गया है क्योकि उक्त खाते के बटवारा किया जाना प्रस्तावित हुआ है एवं सुनवाई दिनांक 29.12.2023 स्थान तहसील धमधा पर दिन 11:00 बजे नियत किया गया है। उक्त खाते में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वे निश्चित दिनांक को या तो स्वतः अथवा किसी अभिभाषक अथवा प्रतिनिधि द्वारा हाजिर हों एवं अपने आक्षेपों यदि कोई हो तो पेश करें।

उपरोक्त तिथि एवं स्थान पर हाजिर नहीं होने पर एवं आक्षेपों को पेश नहीं कर पाने की स्थिति में आक्षेपों पर विचार नहीं किया जावेगा।

(खाते का विवरण): सर्वेक्षण सख्यांक/भूखण्डः 546, क्षेत्रफल 0.57 हे., भू-राजस्व 1.31 पैसा।

आज दिनांक 11.12.2023 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र- 202301101400013/अ-6/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रोहित कुमार देवांगन पिता एवत देवांगन पता कातरो तह. व जिला दुर्ग के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि चेतनलाल, रामेश्वर कुमार, रोहित कुमार नाबा. पिता एवत कुमार के नाम से शामिलात खाता में ग्राम घुघसीडीह प.ह.नं. 58 रा.नि.मं. उतई स्थित भूमि खसरा नं. 221/2, 224, 277/1, 778 रकबा 0.12, 0.23, 0.74, 0.83 हे. कुल रकबा 1.92 हे. भूमि भूमिस्वामी हक में स्थित है वर्तमान में रामेश्वर कुमार एवं रोहित कुमार बालिग हो चुके है जो कि रामेश्वर कुमार की जन्म तारीख 01.07.1977 एवं रोहित कुमार का जन्म तारीख 01.07.1977 जो भाई जुड़वा है दोनो का उम्र वर्तमान में करीबन 46 वर्ष हो चुका है। उक्त संपत्ति पर खातेदार रामेश्वर कुमार, रोहित कुमार नाबा. पिता एवत कुमार लिखा गया है दोनो भाई वर्तमान में बालिग हो चुके है नाबालिग को बालिग किए जाने आवेदन पत्र न्यायालय के सक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 19.12.2023 तक स्वयं अथवा विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति पेश कर सकतें हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09.11.2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार-01, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सचिन उजवाने पिता स्व. एस.एम. उजवाने निवासी ग्राम रिसाली सेक्टर भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 359/13/2 रकबा 0.0080 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार एस.एम. उजवाने की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 15.12.2023 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 16.10.2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

(धारा 178 प्रारूप)

मा.क्र.//अ-27/वर्ष 2023-24

क्योंकि मौजा कसारीडीह तह. व जिला दुर्ग के सहभूमिस्वामी उल्दव देवांगन आ. स्व. थनवार अन्य 04 निवासी सुभाष नगर तह. व जिला दुर्ग (सिविल किसी के अनुसार) ने निम्नांकित अनुसूचि में निर्दिष्ट खाते के विभाजन के लिए आवेदन किया है एवं क्योंकि उक्त खाते का बंटवारा किया जाना प्रस्तावित हुआ है एवं सुनवाई का दिनांक 28.12.2023 स्थान तहसील कार्यालय दुर्ग पर दिन 11:00 बजे नियत किया गया है। उक्त खाते में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वे निश्चित दिनांक को या तो स्वतः अथवा किसी अभिभाषक अथवा प्रतिनिधि द्वारा हाजिर हों एवं अपने आक्षेपों यदि कोई हो तो पेश करें।

उपरोक्त तिथि एवं स्थान पर हाजिर नहीं होने पर एवं आक्षेपों को पेश नहीं कर पाने की स्थिति में आक्षेपों पर विचार नहीं किया जावेगा।

(खाते का विवरण): सर्वेक्षण सख्यांक/भूखण्डः 767/151, क्षेत्रफल 0.008 हे., भू-राजस्व 4.50

आज दिनांक 04.12.2023 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र./202312103000005/अ-27/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आमजनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अंकालुराम व अन्य पिता स्व. खोरबाहरा देवांगन निवासी बोड़ेगांव तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम रवेलीडीह तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 337 रकबा 2.150 हे. भूमि जो कि आवेदक एवं अन्य सहखातेदार के नाम वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के अंश के आधार पर खाता विभाजन किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 20.12.2023 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01.12.2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./202308100700109/अ-19/वर्ष 2023-24

आवेदक यशवंत यादव आ. तीरथलाल यादव निवासी कंडरापारा दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 1181 का भाग रकबा 100 वर्गमीटर पर कब्जा अनुसार शासन द्वारा निर्धारित मापदण्डो एवं नियमानुसार आवेदित भूमि का आबंटन कर पट्टा प्रदाय किए जाने बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में पेश किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 23.12.2023 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 12.12.2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र- 202312100900043//ब/121/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम पाहंदा प.ह.नं. 02 तह पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक प्रेमलाल पिता बिसाहू राम देवांगन निवासी पाहंदा तह. पाटन जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा आवेदक के नाम पर दर्ज ग्राम मौजा ग्राम पाहंदा प.ह.न. 02 तह. पाटन जिला दुर्ग स्थित संयुक्त खाते की भूमि आवेदक प्रेमलाल पिता बिसाहूराम देवांगन के नाम पर दर्ज भूमि खसरा नं. 1173/1 रकबा 0.01 हे. दर्ज होने किन्तु मूल ऋण पुस्तिका गुम जाने से द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदाय किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत आवेदन पर प्रकरण विचाराधीन है।

अतः आवेदक प्रेमलाल पिता बिसाहूराम देवांगन निवासी ग्राम पाहंदा तह. पाटन जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा प्रस्तुत आवेदन आधार पर उपरोक्तापुसार भूमि का आवेदक को मूल ऋण पुस्तिका प्रदाय किए जाने की कार्यवाही में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि दिनांक 28.12.2023 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात में प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12.12.2023 को जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

कार्यलय संपदा अधिकारी

छ.ग. गृह निर्माण मण्डल सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-दुर्ग (छ.ग.)

आम सूचना

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि कुमारी मनमीत कौर पिता श्री मनमोहन सिंह, निवासी- शंकरनगर छावनी भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग) को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र दुर्ग में स्थित भवन क्रमांक एल.आई.जी./ 194(भूतल) जुनवानी जिला दुर्ग (छ.ग.) में आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का विक्रय पत्रक उपपंजीयक कार्यालय दुर्ग से दिनांक 21.05.2021 एवं पूर्व में फ्री होल्ड दिनांक 18.06.2013 अनुसार, उक्त भवन बयनामा रजिस्ट्री दिनांक 22.08.2023 को श्रीमती हेमू सोनी पति श्री कमलकांत सोनी के नाम विक्रय कर दिया गया है। नवीन क्रेता श्रीमती हेमू सोनी के आवेदन एवं पंजीकृत दस्तावेज आधार पर उक्त भवन का स्वामित्व मण्डल अभिलेख में अपने नाम पर दर्ज कराने हेतु आवेदन किया है।

अतः हक प्राप्तकर्ता श्रीमती प्रीति श्रीवास्तव के नाम हस्तान्तरण/नामांतरण किया जाता है तो किसी भी व्यक्ति, वारिसान, शासकीय, अर्धशासकीस बैंक वित्तीय निकायों इत्यादी को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर लिखित में आपत्ति/दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। बाद में प्राप्त आपत्ति/ दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं नामांतरण की कार्यवाही करने के लिए मण्डल स्वतंत्र रहेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मोहर के साथ आज दिनांक 04.12.2023 को जारी किया गया है।

सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र दुर्ग (छ.ग)

समक्ष श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी, महोदय दुर्ग (छ.ग.)

शपथ-पत्र

मै शपथकर्ती श्रीमती हितेश्वरी टंडन पति श्री सूरज कुमार टंडन, निवासी एच.नं. 101 टंडन भवन, पांच रास्ता पुरानी बस्ती हनुमान मंदिर सुपेला भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) की रहने वाली हूँ। यह कि मैं उपरोक्त दर्शाये पते की निवासी हूँ। मेरे शालेय रिकार्ड में मेरा नाम हितेश्वरी दर्ज है जो कि मेरे विवाह पूर्व का नाम है। मेरे विवाह के बाद मेरा नाम हितेश्वरी टंडन हो गया है। मेरे भविष्य के समस्त शासकीय/अर्धशासकीय एवं अन्य प्रमाण पत्रों में अपना नाम हितेश्वरी टंडन दर्ज करवाना चाहती हूं एवं उक्त नाम से ही भविष्य में जानी, पहचानी व पुकारी जाऊंगी। अत: यह शपथ पत्र में वर्णित जानकारी सही व सत्य होने के प्रमाण में श्रीमान सक्षम अधिकारी महोद्य के समक्ष प्रस्तुत करती हूं। अत: उपरोक्त कथनों के समर्थन में यह शपथ.पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ती, हितेश्वरी टंडन

पालक बच्चों की पढ़ाई में मदद कर बना सकते हैं भविष्य : योगेन्द्र प्रताप

राजनांदगांव/नवप्रदेश। बच्चों का भविष्य पालक ही सुधार सकते हैं, यह बात शाला प्रबंधन समिति सोमनी एवं पालकों के बीच हुई बैठक में जनकल्याण सामाजिक संस्थान के अध्यक्ष एवं शाला प्रबंधन समिति के शिक्षाविद् सदस्य योगेन्द्र प्रताप सिंह ने कही। उन्होंने पालकों से छात्रों के विषय में सिलसिलेवार जानकारी प्राप्त कर स्कूल से वापस घर जाने के बाद बच्चों को पढ़ने में मदद करते हैं कि नहीं इस पर विशेष चर्चा की, जब तक बच्चों को पालक पढ़ाई में सहयोग नहीं करेंगे, उन्हें पढ़ने के लिए प्रोत्साहित नहीं करेंगे, तब तक बच्चा पढ़ाई में रुचि नहीं लेगा। खेलकूद में उसका ध्यान अधिक रहेगा, इससे उसकी पढ़ाई की गुणवत्ता में स्वाभाविक रूप से प्रभाव पड़ेगा। अपने बच्चों के भविष्य का निर्माण स्वयं करते हैं। शिक्षक तराशने का कार्य करता है। पालकों से निवेदन किया गया कि आप बच्चों को अपने काम के साथ-साथ पढ़ाई के लिए अवश्य समय दें। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य पालकों, शाला प्रबंधन समिति एवं शिक्षकों के बीच कैसे अच्छा समन्वय हो सकता है। बच्चों के नियमित शाला आने को लेकर विशेष चर्चा की गई। साथ ही बच्चों के शैक्षणिक स्तर व उनमें गुणवत्ता किस प्रकार बढ़ाई जा सकता है। इस पर विस्तार से चर्चा की गई। संकुल समन्वयक व प्रधान पाठक नरेश दुरुगकर के द्वारा स्कूल की प्रबंधन व्यवस्था, शिक्षकों द्वारा पढ़ाई कराने के तरीके, ड्राप आउट बच्चों, अनियमित बच्चों के विषय में जानकारी प्रदान की गई। स्कूल के शिक्षक सुधीर गजभिये, श्रीमती पूनम सिंह एवं श्रीमती अर्पणा रामटेके द्वारा कक्षावार अनियमित बच्चों की जानकारी दी गई तथा पालकों से इस विषय मे चर्चा की गई। शाला ने नई पहल करते हुए पालकों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सक्रिय पालको का चयन कर उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित किये गए पालकों में ममता सतनामी, श्रीमती उषा बघेल, श्रीमती गीता बमभोले, श्रीमती सरिता चंदेल, संतोष बघेल मुख्य है। बैठक में शाला प्रबंधन समिति की अध्यक्ष मीनू सिंह व पालकगण उपस्थित थे।

अमन अभाविप के जिला संयोजक बनाए गए

राजनांदगांव/नवप्रदेश। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् का 69वां राष्ट्रीय अधिवेशन देश की राजधानी दिल्ली के इंद्रप्रस्थ नगर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में देश गृह मंत्री अमित शाह शामिल हुए। अधिवेशन में देशभर 10000 से अधिक प्रतिनिधि व देश-विदेश से पहुंचे अतिथि उपस्थित हुए, जहां छत्तीसगढ़ का प्रांत अधिवेशन भी संपन्न हुआ। अधिवेशन में छत्तीसगढ़ प्रदेश के 225 से ज्यादा प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। अधिवेशन में अनेक सत्रों के माध्यम से अभाविप की विचारधारा को छात्र प्रतिनिधियों को प्रमुख कार्यकर्ताओं ने बताया। अधिवेशन के तीसरे दिवस दिल्ली नगर में विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जिसका दिल्ली के जनमानस द्वारा जगह-जगह पर भव्य स्वागत किया गया। प्रांत अधिवेशन में प्रदेश के नवीन कार्यकारिणी की घोषणा हुई, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष के रूप में पुनः प्रो. अमित बघेल व प्रदेश मंत्री के रूप में यज्ञदत्त वर्मा के नाम की घोषणा हुई तथा निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष द्वारा प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसमें राजनांदगांव जिला से डोंगरगढ़ के अमन बृज नामदेव को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व पुनः जिला संयोजक की जिम्मेदारी दी गई। साथ ही विभाग प्रमुख हेतु रामशरण चंद्रवंशी, प्रांत सोशल मीडिया प्रमुख चंदना श्रीवास्तव, विभाग छात्रा प्रमुख निकिता श्रीरंगे, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य के लिए राजनांदगांव के जीत प्रजापति, डोंगरगढ़ के कुश मालेकर, मोहला के भुनेश्वर भारद्वाज और खैरागढ़ के गुलशन भगत के नाम की घोषणा हुई।

जिले में अब तक 2 लाख 63 हजार 823 एमटी धान की खरीदी

कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण उठाव की ली जानकारी

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा जिलें में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के लिए एक नवंबर से शुरू हुए धान खरीदी अभी तक 2 लाख 63 हजार 823 मीट्रिक टन धान का समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा चुकी हैं। जिले के 129 धान उपार्जन केन्द्रों में 102 सहकारी समिति द्वारा धान खरीदी की जा रही हैं। कलेक्टर पदुम सिंह एल्मा लगातार धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण कर धान खरीदी व उठाव की जानकारी ले रहे हैं, साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे हैं ताकि किसानों को धान विक्रय में किसी प्रकार की समस्या ना आये। बेमेतरा जिले के धान खरीदी केंद्रों से धान का उठाव तेजी से किया जा रहा है। प्रभारी अधिकारियों द्वारा लगातार धान उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी व्यवस्था का निरीक्षण कर रहे हैं। 1 नवंबर को पहले दिन 448 पंजीकृत किसानों का टोकन कट गया था। पहले दिन 409 किसानों से 18501 क्विंटल धान की खरीदी की गयी। जिला खाद्य अधिकारी नीतीश त्रिवेदी ने बताया कि उपार्जित धान के उठाव एवं कस्टम मिलिंग के लिए अब तक 40 मिलर्स से अनुबंध की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई हैं और अब तक 14 दिसंबर 2023 तक की स्थिति में कुल उपार्जन 263823 मि.टन हों चुके हैं। डीओ जारी 222719 मि.टन, डीओ में उठाव 140486 मि.टन, डीओ में उठाव शेष 82233 मि.टन, केंद्रों में शेष स्टाक 123337 मि.टन जिसमे खरीदी का प्रतिशत 28 व परिवहन 53 प्रतिशत हैं। उन्होंने बताया कि अभी तक 576.37 करोड़ रुपये की खरीदी की जा चुकी हैं, जिसमें 53606 किसान लाभान्वित हो चुके हैं।

भुगतान की पुष्टि 43988 कृषक, राशि 475.88 करोड़ हैं। खाद्य अधिकारी ने बताया कि समितियों में बारदाना की उपलब्धता सभी केंद्रों में उपलब्ध हैं तथा किसानों को किसी भी प्रकार की कोई समस्या ना हो इसकी उचित व्यवस्था की गई हैं।

भारत संकल्प यात्रा का प्रशिक्षण

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशन में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में विकसित भारत संकल्प यात्रा का प्रशिक्षण कार्यक्रम तीन पालियों में आयोजित किया गया। प्रथम पाली का प्रशिक्षण दोपहर 12 बजे द्वितीय 1 और तृतीय 3.30 बजे आयोजित किया गया।

अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, संयुक्त कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज और परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान ने तीनों पालियों में अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षण में बताया गया कि यात्रा के दौरान सभी विभाग अपने विभाग से संबंधित हितग्राहियों का पहचान कर उनको यात्रा में शामिल करेंगे। जिले में संचालित योजनाओं आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, जीवन ज्योति बीमा, किसान क्रेडिट कार्ड, दीनदयाल अन्त्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना ग्रामीण, हर घर जल-जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सहित सिकलसेल, एनीमिया उन्मूलन मिशन, एकलव्य आवासीय विद्यालय में पंजीयन, छात्रवृत्ति योजना, वन अधिकार पट्टा, व्यक्तिगत आदि शामिल है।

एवं सामूहिक वन धन विकास केन्द्र, डिजीटल भुगतान अवसंरचना, स्वच्छ भारत अभियान

हितग्राही अब घर पर ही अपना बना सकेंगे आयुष्मान कार्ड

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजनान्तर्गत बीपीएल और एपीएल राशन कार्डधारी अब स्वयं घर पर ही अपना आयुष्मान कार्ड निःशुल्क बना सकेंगे। इसके लिए उन्हें नजदीकी च्वाइस सेंटर या संबंधित अस्पताल या दफ्तर का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। इस हेतु स्वास्थ्य विभाग की ओर से मोबाइल एप लॉन्च किया गया है। इसके लिये आवश्यक दस्तावेज - राशनकार्ड व आधार कार्ड होना जरूरी है।

सर्वप्रथम अपने एंड्रॉयड मोबाइल के प्ले स्टोर से आयुष्मान एप व आधार फेस रीड (आरडी) एप डाउनलोड करना है। इसके बाद की प्रक्रिया निम्न बिंदुओं पर आधारित है। शुरूआत में आयुष्मान ऐप में लॉगिन पर जाएं बेनिफिसरी विकल्प चुनें, अपना रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर दर्ज करें एवं ओटीपी डालकर लॉगिन करें। इसके बाद स्टेट-छत्तीसगढ़, स्कीम-राशन कार्ड विकल्प का चयन करें, फिर सर्च बाई-फैमिली आईडी, डिस्ट्रिक्ट - अपना जिला चुनें। फैमिली आईडी- राशन कार्ड नम्बर दर्ज कर सर्च करें। इसके पश्चात परिवार के सभी सदस्यों की जानकारी प्रदर्शित होगी। जिन सदस्यों का नाम हरे रंग में होगा उनका आयुष्मान कार्ड बन चुका है उसे स्वयं डाउनलोड कर सकते हैं एवं जिन सदस्यों का नाम नारंगी रंग में होगा उनका कार्ड बनाना होगा। उनके नाम के सामने ''डू-ईकेवायसी'' विकल्प प्रदर्शित होगा, तो ''डू-ईकेवायसी'' विकल्प का चयन करें, आगे आधार एथेंटिकेशन-सत्यापन हेतु 4 विकल्प प्रदर्शित होंगे।

दरवाजे में लगाई आग, गिरफ्तार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। बीती रात 2 से 3 बजे के मध्य प्रार्थी जब अपने परिवार सहित घर में सोये हुए थे, तब आरोपियों ने उसके घर के दरवाजे पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। इससे घर के सामने के दरवाजा व अंदर का पर्दा जल गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 436 भादंवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामला गंभीर प्रवृत्ति का होने से पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहूल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के मार्गदर्शन में तत्काल टीम गठित कर घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी का अवलोकन कर रात्रि में घटनास्थल के आसपास घूमते दिखे संदेहियों के संबंध में लगातार पूछताछ की गई। मुखबीर की सूचना पर रात्रि में घूम रहे संदेही आरोपीगण लोकेश यादव पिता संतराम यादव (22), आयुश रनसुरे पिता बीरबल रनसुर (20), साकिनान स्टेशन पारा, पुलिस चौकी-चिखली को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर संतोष जनक उत्तर नहीं दे रहे थे। इस पर तकनीकी साक्ष्य के आधार पर पूछताछ करने पर आरोपीगण ने अपराध स्वीकार कर लिया। उन्होंने बताया कि पूर्व में प्रार्थी द्वारा थाने में शिकायत करने से क्षुब्ध होकर रंजिश रखते हुए बदला लेने के उदेश्य से उसके दरवाजे पर पेट्रोल डालकर आग लगाई।

चोरी के सामान के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

बेमेतरा/नवप्रदेश। प्रार्थी रामकरण निषाद उम्र 62 साल साकिन बेरला चंडी मंदिर के पास थाना बेरला जिला बेमेतरा ने 12 दिसंबर को थाना हाजिर आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि 11 दिसंबर को वैभव सोनी एवं प्रवीण द्विवेदी ने इसके जेब में रखे नगदी 4000 रुपए तथा एक कमरा में रखा 2 बोरी धान फसल वजन 50 किलोग्राम कीमती 1500 रुपए, 1 बोरी गेहूं फसल वजन 20 किलोग्राम कीमती 400 रुपए, 1 बोरी में चना वजन करीबन 15 किलो ग्राम कीमती करीबन 900 रुपए कुल कीमती करीबन 2800 रुपए को चोरी कर ले गये हैं, वैभव सोनी एवं प्रवीण द्विवेदी को दौड़ाकर पकड़ने का प्रयास करने पर इसके घर के बाहर 2 बोरी धान फसल कुल वजन करीबन 50 किलोग्राम, 1 बोरी गेहूं फसल वजन करीबन 20 किलोग्राम, 1 बोरी में चना वजन करीबन 15 किलोग्राम को एवं अपने लाल रंग का मोटर सायकल को छोड़कर भाग गये।

चित्रों और स्लोगन से ऊर्जा संरक्षण का संदेश

बेमेतरा/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद शासकीय शिवलाल राठी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बेमेतरा में आज ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाया गया। इस वर्ष का थिम- अपने बेहतर कल के लिए, आज ही ऊर्जा बचाएं पर शाला के प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों द्वारा नाट्य मंचन किया गया तथा माध्यमिक एवं पूर्व माध्यमिक कक्षाओं के बच्चों ने चित्रकला एवं स्लोगन लेखन द्वारा अपने विचार प्रस्तुत किए और ऊर्जा संरक्षण के महत्व को दर्शाया। इस उपलक्ष्य में शाला के सभी बच्चों एवं शिक्षकों ने शाला प्रांगण से नया बस स्टैण्ड तक रैली के माध्यम से लोगों को ऊर्जा संरक्षण के बारे में जागरुक कराया इस अवसर पर शाला के सभी शिक्षकगण एवं स्कूल की प्राचार्या श्रीमती सुदेशा चटर्जी मौजूद रही। कार्यक्रम के अंत में शाला की प्राचार्या श्रीमती सुदेशा चटर्जी ने ऊर्जा का महत्व को बताते हुए, बच्चों को ऊर्जा संरक्षण के विभिन्न क्षेत्रों में राष्ट्रीय उपलब्धियों से अवगत कराया, तथा ऊर्जा संरक्षण को अपने दैनिक जीवन में अभ्यास के रुप में उतारने की प्रेरणा दी।

डीएवी जांता का खेल में दबदबा

19 बच्चे राष्ट्रीय खेल स्पर्धा गाज़ियाबाद के लिए चयनित

बेमेतरा/नवप्रदेश। डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता के बच्चे अंडर 14 डीएवीएसीसीएल पब्लिक स्कूल गेवरा कोरबा, अंडर 17 डीएवी कुसमुंडा कोरबा व अंडर 19 गेवरा कोरबा स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल के खेल प्रांगण में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय खेल उत्सव में भाग लिए। इस आयोजन के मुख्य अतिथि डीएवी संस्थान छत्तीसगढ़ के प्रमुख डिप्टी रीज़नल ऑफिसर क्षेत्रीय अधिकारी प्रक्षेत्र अ, डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स छत्तीसगढ़ जोनल कोऑर्डिनेटर माननीय प्रशांत कुमार रहें। डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स के राज्यस्तरीय खेल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के 29 जिलों के 96 स्कूलों के 2400 छात्रों ने 30 खेलों में हिस्सा लिया। दो दिवसीय खेल स्पर्धा का आयोजन हुआ था, इन खेलों में तीन स्तरों के बच्चों का खेल आयोजन रखा गया था। जिसमें पहला अंडर 14, दूसरा अंडर 17 व तीसरा अंडर 19 इन तीनों स्तरों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। खेल समापन समारोह के मुख्यातिथि डीएवी संस्थान छत्तीसगढ़ के प्रमुख डिप्टी रीजनल ऑफिसर, क्षेत्रीय अधिकारी (प्रक्षेत्र अ) डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स छत्तीसगढ़ जोनल कोऑर्डिनेटर माननीय प्रशांत कुमार मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहें।

राज्य स्तरीय दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता में खेल विभाग के क्लस्टर एक के प्रमुख डॉ बीपी साहू के साथ सभी क्लस्टर इंचार्ज भी उपस्थित रहें।

प्रथम पृष्ठ का शेष

सदन की सुरक्षा में ...
जगदीप धनखड़ ने कड़ी आपत्ति जताई। उनके न मानने पर सभापति ने उन्हें फौरन सदन से बाहर जाने को कहा। सभापति ने डेरेक से कहा, 'आप क्या कर रहे हैं। आप विशेषाधिकार का उल्लंघन कर रहे हैं। आपका व्यवहार देखकर मेरा सिर शर्म से झुक रहा है।' इसके बाद उन्होंने सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

घुसपैठ केस में 8 ...
जिसके बाद संगमा अपनी कार से उतरे और शार्दुल द्वार से होते हुए संसद के अंदर गए।

सौम्या चौरसिया को ...
कुछ आरोपियों को जेल में विशिष्ट सुविधाओं को देने और ईडी अधिकारियों की रैकी किए जाने का आरोप लगाते हुए ईडी की ओर से हाईकोर्ट में तत्कालीन भूपेश सरकार के खिलाफ सीबीआई जांच कराए जाने की याचिका दायर की गई है। यह याचिका हाईकोर्ट में लंबित है।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही...
बाद अब श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह के 13.37 एकड़ विवादित जमीन का कोर्ट कमिश्नर सर्वे करेंगे। यह सर्वे वाराणसी की ज्ञानवापी में मई 2021 में हुए कमिश्नर सर्वे की तरह होगा। इसमें कोर्ट कमिश्नर की टीम वहां जाकर साक्ष्य एकत्रित करके कोर्ट को रिपोर्ट देगी।

महंत की 'घुड़की' से कांग्रेस...
जवाब में टीएस सिंहदेव को जिम्मेदार ठहरा दिया। गौरतलब हो कि बृहस्पत सिंह वे शख्स है, जब टीएस बाबा और भूपेश बघेल के बीच ढाई-ढाई साल के मुख्यमंत्रीत्व काल को लेकर राजनीतिक उठा पटक चल रही थी। तब भूपेश बघेल की ओर से बृहस्पत सिंह ने मोर्चा संभाल रखा था। मुख्यमंत्री पद से टीएस बाबा को दूर रखने के लिए बृहस्पत सिंह ने वो सारे धतकरम किए जिससे बाबा दूर रहे। यहां तक की उन पर खुद की हत्या करवाने का आरोप तक लगाए। बाबा को इतना परेशान किया गया कि उन्हें एक डिपार्टमेंट छोड़ना पड़ा। चूंकि बृहस्पत सिंह सीएम हाउस के प्रभाव में थे। इसलिए वह सबकुछ कर रहे थे जो उन्हें करने कहा जा रहा था।

हालांकि अपने नोटिस के जवाब में बृहस्पत सिंह ने लिखा है कि बाबा के राजनीतिक घटनाक्रमों के कारण भारतीय जनता पार्टी को कांग्रेस को घेरने का अवसर मिला और कांग्रेस चुनाव हार गई। आज ही प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू ने पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया है और स्पष्टीकरण मांगा है।

बृहस्पत और विनय 6 साल...
दिया है। दोनों नेताओं ने पार्टी के खिलाफ बयानबाजी की थी। दोनों को नोटिस जारी करने के बाद कार्रवाई की गई है। विनय जायसवाल के घर पर कांग्रेस नेता गुरुवार को बैठक कर रहे थे। इसमें बृहस्पत सिंह, शिशुपाल सोरी, पद्मा मनहर, मोतीलाल देवांगन, चंद्रदेव राय, ममता चंद्राकर, अनीता शर्मा, चुन्नीलाल साहू, भुवनेश्वर बघेल समेत कई पूर्व विधायक मौजूद रहे।

शास्त्रों में सभी समस्याओं का समाधान : नारायण

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद के गाँधी मैदान में चल रहे भुतेश्वरनाथ शिव महापुराण में गुरुवार को पांचवें दिन नारायण महाराज ने बताया कि गंगा, गीता और गौ माता ये तीन हमारे देश की धरोहर हैं। आज दक्षिणा में सबको रोज गीता के 4 श्लोक और रामायण का चार दोहा नियमित पढ़ने की प्रार्थना की। उन्होंने कहा हमारे जीवन में अगर सौ समस्याएं हैं तो हमारे शास्त्रों में हजार समाधान हैं। पर आज हम लोग पढ़ते नही बल्कि लाल कपड़े में शास्त्रों को बांधकर केवल दीपक जलाकर इति श्री कर लेते हैं। आज गणेश जन्म और गणेश विवाह की कथा श्रवण कराया। गणेश जी में तुलसी क्यों नहीं चढ़ता, उन्हें गजानंद क्यों कहा जाता सिके संबंध में बताया। भगवान शिव विवाह के बाद निरंतर समाधि में रहते थे, समाधि से कभी उठते ही नहीं थे। इस पर माता पार्वती के मन में एक भाव उत्पन्न हुआ कि मेरे प्रभु तो समाधि में लीन रहते हैं मेरे पास कोई नहीं रहता। माता पार्वती ने हल्दी के उबटन से मनुष्य की आकृति बनाया और उसमें प्राण फूंक दिए। कुछ दिन बाद भगवान शिव ध्यान से उठे तो पार्वती से मिलने उनके भवन पहुंचे। भवन के अंदर सीधे प्रवेश करने लगे तो द्वारपाल होने के नाते गणेश जी ने उन्हें रोक दिया। क्योंकि गणेश उन्हें पहचानते नहीं थे । मेरे घर में मुझे मेरी पत्नी से मिलने रोकने वाला कौन है।

भगवान शिव क्रोध में त्रिशूल से बालक गणेश के मस्तक काट दिए , और जैसे ही बालक के ऊपर त्रिशूल से प्रहार हुआ तो माँ माँ करके चिल्लाने लगा , अपने पुत्र के करुण पुकार से सुनकर पार्वती आई तो देखा कि शिव खड़े हैं और पुत्र गणेश का सिर धड़ से अलग पड़ा हुआ है। अपने पुत्र की यह हालत देखकर माता पार्वती विलाप करने लगी। इस पर भगवान शिव की आंखें भर आई और भगवान शिव ने आज वो अपने ही बच्चे को मार दिया करके विलाप करने लगे। इसके बाद उन्होंने हाथी के मस्तक को गणेश जी के धड़ पर रख उसमें प्राण फूंकते हैं। इसी कारण गणेश का एक नाम गजानंद पड़ा। प्रत्येक पूजन में गणेश जी के प्रथम पूजन का वरदान दिया।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
राष्ट्रीय राजमार्ग संभाग क्र. 1, लोक निर्माण विभाग, रायपुर (छ.ग.)

ज्ञाप. क्र. 03/वी.एल.एल./2023-24 — रायपुर, दिनांक 11.12.2023

संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना

1. निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु अवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि — 19.12.2023 अपरान्ह 5.30 बजे तक
2. निविदाएं प्राप्त करने की अंतिम तिथि — 22.12.2023 अपरान्ह 5.30 बजे तक
3. प्राप्त निविदाएं खोलने की तिथि — 26.12.2023 प्रातः 11.30 बजे
4. अर्ह ठेकेदारों की श्रेणी — ई-पंजीकरण के अंतर्गत श्रेणी 'द' से 'अ'

एन. आई. टी क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू. में) बैंक साल्वेंसी (रू. में) निविदा प्रपत्र की कीमत (रू. में) कार्य पूर्ण करने हेतु समयावधि
1	2	3
01	Special repair to stair case of NH Zonal office, Pensionbada, Raipur	1.46 लाख 2000.00 10000.00 300.00 एक माह

टीप :- निविदा संबंधी शर्तें एवं अन्य विवरण विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwd/raipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इसका अवलोकन संबंधित संभागीय कार्यालय में किया जा सकता है।

जी-06342/2

कार्यपालिन अभियंता
राष्ट्रीय राजमार्ग संभाग क्र.1 लो.नि.वि.
रायपुर (छ.ग.)

पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय
छत्तीसगढ़, उपरवारा, सेक्टर-40, नवा रायपुर, छ.ग. 493661
(छ.ग. अधिनियम क्र. 21/2008 द्वारा स्थापित)

दूरभाष 0771-2513702
ई-मेल healthuniversitycg@yahoo.com
वेबसाइट : www.cghealthuniv.com

तृतीय निविदा आमंत्रण

पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ द्वारा विश्वविद्यालय में उपलब्ध पुराने वाहन का विक्रय किये जाने हेतु सीलबंद निविदा आमंत्रित किया जाता है। निविदा फार्म तथा विस्तृत विवरण विश्वविद्यालय के वेबसाईट www.cghealthuniv.com से डाउनलोड किया जा सकता है। वेबसाईट से प्राप्त निविदा प्रपत्र राशि रूपये 1000.00 (रूपये एक हजार मात्र) का बैंक ड्रॉफ्ट जो कि ''कुलसचिव, पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ रायपुर'' के नाम से संलग्न करने पर ही मान्य होगा।

निविदा को निविदा प्रपत्रों के शर्तों के अधीन निम्नांकित समय सारणी के अनुसार प्रस्तुत करना होगा :-

क्र.	वाहन क्रमांक	वाहन का प्रकार	क्रय वर्ष	ऑफसेट मूल्य	निविदा फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि	निविदा खोलने की तिथि व समय
01.	CG 04 HM 3231	Tata Manza GEX SF Petrol	2014	Rs.70,500.00	दिनाँक 29.12.2023 अपरान्ह 03.00 बजे तक	दिनाँक 29.12.2023 अपरान्ह 04.00 बजे विश्वविद्यालय में

टीप :- निविदा फार्म के साथ वाहन के लिये अमानत राशि रूपये 10,000.00 (रूपये दस हजार मात्र) का बैंक ड्रॉफ्ट अनिवार्य रूप से जमा करना होगा, नगद राशि स्वीकार योग्य नहीं होगी।

संवाद-39104/1

कुलसचिव
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान
एवं आयुष विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़

// कार्यालय सेनानी 4थी वाहिनी छसबल माना, रायपुर छ.ग.//

क्र.-4थी वाहिनी/छसबल/माना/सा.अ./A/ 12037-A /2023, — दिनांक 12/12/2023

निविदा विज्ञप्ति

इकाई में निम्नानुसार कार्य कराये जाने हेतु सेनानी 4थी वाहिनी की ओर से सक्षम श्रेणी में पंजीकृत निविदाकारों से 02 लिफाफा पद्धति में (लिफाफा 'अ' में टेक्निकल बीड एवं लिफाफा 'ब' में फायनेंसियल बीड) दर्शाए अनुसार कार्य कराये जाने बाबत् मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। सीलबंद लिफाफे के ऊपर निविदा सूचना क्रमांक तथा निविदाकर्ता का पूरा नाम/पता लेख किया जाना आवश्यक है।

क्र.	कार्य विवरण	स्वीकृति राशि रू.	अमानत राशि
1	सीमा सुरक्षा बल हेतु बैरक क्रमांक 1 में मरम्मत कार्य	2,00,000.00	4000.00
2	सीमा सुरक्षा बल हेतु बैरक क्रमांक 2 में मरम्मत कार्य	2,00,000.00	

निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से आवेदन पत्र (आयकर प्रमाण पत्र सहित) के साथ रू. 300.00 कोषालय में **लेखा शीर्ष 0055 पुलिस मिसलिनियस पुलिस रिसिप्ट** के अंतर्गत सेनानी 4थी वाहिनी छसबल, माना रायपुर के नाम से जमा कर चालान की मूल प्रति सेनानी 4थी वाहिनी छसबल, माना रायपुर छ.ग. को प्रस्तुत कर दिनांक 22.12.23 के 17.00 बजे तक कार्यालयीन दिवस में निविदा फार्म प्राप्त किये जा सकते है।

1. निविदा बिक्री की अंतिम तिथि - 22.12.23 को समय 17.00 बजे तक।
2. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 02.01.24 को समय 15.00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि - 02.01.24 को समय 16.00 बजे तक।

नोटः- 1. उपरोक्तानुसार कार्य हेतु निविदा की नियम एवं शर्तें टेण्डर फार्म के साथ कार्यालयीन समय में कार्यालय सेनानी 4थी वाहिनी छसबल, माना से प्राप्त किए जा सकते हैं।

जी-06368/3

सेनानी
4थी वाहिनी छसबल
माना, रायपुर छ.ग.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-4035602,6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

■ न्यूज गैलरी

दिव्यांगों को बांटे सहायक उपकरण

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देश पर समाज कल्याण विभाग द्वारा जनचौपाल में मिले आवेदन अनुसार 2 मोट्राईज्ड ,एक सी.पी. चेयर एवं एक श्रवण यंत्र वितरण किया गया। जिसमें नगर पालिका भाटापारा निवासी अशोक ध्रुव,ग्राम ठेलकी के ईश्वरलल सेन को मोट्राईज्ड प्रदान किया गया। इसी तरह ग्राम रावन निवासी सुमंत वर्मा एवं ग्राम डोटोपार के काव्यांश यादव को श्रवण यंत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर उप संचालक समाज कल्याण विभाग अरविंद गेड़ाम सहित विभाग के समस्त कर्मचारी गण उपस्थित थे।

सांकरा के भानेंद्र बनेंगे नोडल अधिकारी

नगरी/नवप्रदेश। राज्य में इस वर्ष हुए व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा सहकारिता विभाग में विभिन्न पदों पर अधिकारियों की भर्ती की गई जिसमें लगभग 1.5 लाख अभ्यर्थियों ने परीक्षाएं दी थी। जिसमें ग्राम सांकरा निवासी भानेंद्र सिन्हा पिता डीकेश सिन्हा ने 22वां रैंक हासिल कर अपेक्स में नोडल अधिकारी के लिए चयनित किए गए हैं। इसके पूर्व में भानेंद्र सिन्हा सीजीपीएससी में चयनित हो चुके हैं। जेल अधिकारी भी बन चुके हैं।

स्कूलों का निरीक्षण करने पहुंची एबीईओ

नगरी/नवप्रदेश। संकुल केंद्र अमाली के आश्रित शाला माध्यमिक शाला गोरेगांव में विगत दिनों शाला का आकस्मिक निरीक्षण करने श्रीमती माहेश्वरी ध्रुव सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी नगरी पहुंचे। इन दिनों प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओ में अर्धवार्षिक परीक्षा 2023 चल रहा है। जिनका निरीक्षण करते हुए छात्र-छात्राओं से रूबरू हुए। आज विज्ञान,सामाजिक विज्ञान, हिंदी का सरल प्रश्न पत्र पाकार छात्र-छात्राएं प्रसन्न हुए व प्रधानपाठक केपी साहू को मार्गदर्शन दिया एवं समस्त पंजियों को संधारित करने को कहा। शाला में प्रबंधन समिति के बैठक लेकर शाला परिसर में अतिक्रमण को हटवाने को कहा ताकि शाला का अहाता निर्माण कार्य को शीघ्र शुभारंभ कराया जा सके। उक्त मौके पर मालती ध्रुव सरपंच गोरेगांव प्रधान पाठक कौशल प्रसाद साहू, शिक्षक राकेश कुमार कोसरिया, आरती साहू उपस्थित थे।

धीवर निषाद समाज की बैठक में एकीकरण पर चर्चा

नगरी/नवप्रदेश। 10 दिसंबर को दलदलसिवनी में आहूत धीवर निषाद समाज की पहली उच्च स्तरीय बैठक हुई। बैठक में धीवर एवं निषाद समाज के वरिष्ठ पदाधिकारीगण उपस्थित हुए । अपने इष्टदेव की पूजा अर्चना के बाद दोनों समाज के प्रमुख 16 पदाधिकारियों ने धीवर निषाद समाज एकीकरण के संबंध में पहली बार अपने विचार सार्वजनिक किया एवं अपने-अपने समाज की भावनाओं से अवगत कराया । जिससे एक बात स्पष्ट रूप से सामने आया कि दोनों समाज के समस्त परिजन निर्विवाद रूप से दोनों समाजों के एकीकरण के पक्ष में है। महिलाओं एवं युवाओं का मत भी एकीकरण के पक्ष में ही है। धीवर निषाद समाज की यह पहली बड़ी संयुक्त बैठक थी, जिसमें दोनों पक्षों ने एक दूसरे की भावनाओं को साझा किया, एक दूसरे समाज की भावनाओं को समाज के निचले स्तर तक ले जाकर सब की शंकाओं को दूर करने के लिए कुछ समय तो लगेगा ही, पहली बैठक में ही अंतिम निष्कर्ष में पहुंच जाए यह संभव नहीं है ।

डिप्टी सीएम शर्मा शहीद के परिजनों से मिलने पहुंचे

कवर्धा/नवप्रदेश। बुधवार को नारायणपुर जिले में हुए आईईडी ब्लास्ट में सक्ती जिले के हसौद निवासी शहीद हुवे सपूत कमलेश साहू के परिजनों से मिलने गुरुवार को छत्तीसगढ़ के नवनियुक्त उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा पहुंचे। उपमुख्यमंत्री ने शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने शहीद के पिता से गले लगकर सांत्वना व्यक्त की। कमलेश साहू के शहादत की खबर से हसौद क्षेत्र सहित पूरे सक्ती जिले में शोक की लहर व्याप्त है। उपमुख्यमंत्री शर्मा शहीद कमलेश साहू के घर पहुंचे और शहीद के पिता मुंगेश्वर साहू, माता श्रीमती तारा देवी साहू, पत्नी श्रीमती वृंदाबाई साहू समेत शहीद की बड़ी बहन श्रीमती कमलेश्वरी साहू और छोटे भाई यशवंत साहू सहित अन्य परिजनों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया। साथ ही ईश्वर से दुख की इस घड़ी में शहीद के परिजनों को इस दर्द को सहने के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि शहीद कमलेश साहू आदम्य साहस का परिचय देते हुए वीरगति को प्राप्त हुए है, उनकी शहादत को नमन है।

श्रीमद् भगवत कथा की हुई शुरुआत

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर के लिंक रोड स्थित नारायणी विहार फेस 2 भाटापारा में श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ महोत्सव का गुरुवार को शुभारंभ हुआ। कथा प्रारंभ के पूर्व नारायणी नवल धाम से बैंड बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई,जो की आयोजकद्वारिका प्रसाद पाण्डेय के निवास स्थित कथा स्थल पर संपन्न हुई।कथा वाचक पंडित राजेन्द्र शास्त्री व्यास पीठ पर विराजमान होकर सरल भाषा में कथा वाचन कर रहे हैं। पहले दिन उन्होंने गोकर्ण ब्यास,शुकदेव चरित्र, महा भारत प्रसंग पर विस्तार से कथा सुनाई। कथा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी।

सांसद पांडेय ने रेल मंत्री से डोंगरगढ़-कटघोरा रेल लाइन को लेकर की चर्चा

कवर्धा/नवप्रदेश। राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडेय ने गुरुवार को दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से मुलाक़ात की। उन्होंने मंत्री से डोंगरगढ़-कटघोरा रेल लाइन को लेकर चर्चा कर शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ कराने का आग्रह किया। जिस पर रेल मंत्री ने तुरंत कार्रवाई का आश्वासन दिया।

सांसद संतोष पांडेय ने बताया कि पूर्व में केंद्र सरकार द्वारा डोंगरगढ़-कटघोरा रेल लाइन निर्माण की स्वीकृति दी गई थी। यह केंद्र सरकार व राज्य सरकार का संयुक्त उपक्रम है। पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के समय इसका शिलान्यास भी किया गया था। रेलवे लाइन के विकास हेतु भू-अधिग्रहण, राज्यांश हेतु स्थानीय प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। गत पांच वर्ष से प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी। जो उक्त मामले पर उदासीन बनी रही। कांग्रेस सरकार की उदासीनता के चलते निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया। जबकि केंद्र सरकार ने अपनी सभी प्रक्रिया पूरी कर दी थी।

रेल मंत्रालय से सर्वे व प्रारंभिक कार्य हेतु प्राप्त 500 करोड़ में से एक पैसा भी तत्कालीन राज्य सरकार ने खर्च नहीं किया। उदासीनता और कर्तव्यहीनता का उदाहरण देखिए कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने प्रगति के पथ पर रोड़े अटकने में कोई भी कमी नहीं की। समस्त बिंदुओं से अवगत कराने पर रेल मंत्री ने आश्वस्त किया कि राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र की उन्नति व विकास हेतु किसी प्रकार की कोई भी कमी नहीं होने दी जाएगी। सांसद पांडेय ने बिलासपुर से जोधपुर तक चलने वाली ट्रेन भगत की कोठी (18243-44) एवं बिलासपुर से नागपुर के मध्य चलने वाली वन्दे भारत ट्रेन (20825-26) का डोंगरगढ़ में ठहराव एवं पूरी-गांधीधाम (22973-74) व पूरी-अजमेर (18421-22) का राजनांदगांव में ठहराव हेतु मांग पत्र सौपा। जिस पर मंत्री ने परीक्षण कर ठहराव की आवश्यक व्यवस्था करने आश्वासन दिया है।

निगम का स्वच्छता अभियान, चिखली तालाब के पास हुई सफाई

राजनांदगांव/नवप्रदेश। स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत शासन निर्देशानुसार 12 से 16 दिसंबर तक जनभागीदारी से स्वच्छता अभियान चलाने की कड़ी में अभियान के पहले दिन गौरव स्थल सहित शहर के ग्रामीण वार्डो में स्वच्छता अभियान चलाया गया और आज प्रातः चिखली वार्ड में शीतला मंदिर तालाब के आस पास स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई की गयी। अभियान में वार्ड की पार्षद व महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख सहित स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य गणेश पवार, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के प्रभारी सदस्य संतोष पिल्ले, पुर्नवास एवं नियोजन विभाग के प्रभारी सदस्य भागचंद साहू, पार्षद श्रीमती पूर्णिमा नागदेव एवं वार्ड के नागरिकों ने शीतला तालाब के आस पास साफ सफाई कर, कटिली झाड़िया काटकर, झिल्ली पन्नी उठाये। इसके अलावा मां पाताल भैरवी मंदिर परिसर, 18 एकड़

पेंड्री आदि क्षेत्रों में भी जन सहभागिता से स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई किया गया।

इस अवसर पर महापौर श्रीमती देशमुख ने कहा कि शहर में 12 से 16 दिसंबर तक जन भागीदारी से स्वच्छता अभियान चलाया जाना है। नगर निगम की टीम निगम पदाधिकारी एवं जनभागीदारी से शहर के विभिन्न क्षेत्रों जैसे दिल्ली दरवाजा के पास, तालाब के किनारे, मंदिर परिसर के अलावा अन्य सार्वजनिक स्थानों में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई कर रहे है।

लोक अदालत कल

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। लोक अदालत 16 दिसंबर शनिवार को हाईकोर्ट, जिला एवं सत्र न्यायालय, अपर जिला एवं सत्र न्यायालय, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम, द्वितीय न्यायालय, किशोर न्याय बोर्ड, श्रम न्यायालय, उपभोक्ता फोरम, राजस्व न्यायालय (तहसीलदार, एसडीएम, अपर कलेक्टर) आदि में आयोजित किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी के बकाया बिजली बिल आदि के जुर्माना शुल्क भुगतान कर प्रकरण को समाप्त कर सकते हैं।

भाजपा किसानों का दो लाख तक कर्ज माफ़ करें : चंद्रवंशी

■ **कर्जमाफी का वादा पहली बैठक में पूरा करें, नहीं तो प्रदर्शन करने बाध्य होंगे**

कवर्धा/नवप्रदेश। हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में एक तरफ जहाँ कांग्रेस ने किसानों की कर्जमाफी का वादा किया था। भाजपा ने घोषणा पत्र में किसानों की क़र्ज़ माफ़ी को स्थान नहीं दिया। इसके बाद भी कवर्धा विधानसभा के विधायक प्रत्याशी विजय शर्मा ने चुनाव प्रचार के दौरान किसानों से 2 लाख तक सभी किसानों का सभी बैंकों का क़र्ज़ माफ़ करने का ढिंढोरा पीटते रहे थे। इस पर जिला पंचायत सदस्य एवं युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष तुकाराम चंद्रवंशी शपथ के बाद ही विज्ञप्ति जारी कर उपमुख्यमंत्री पद का शपथ ग्रहण करने वाले कवर्धा विधायक विजय शर्मा को बधाई देते हुए कहा किसानों से किये वादे 2 लाख तक सभी किसानों का क़र्ज़ माफ़ी पहली कैबिनेट में करने की मांग की। तुकाराम चंद्रवंशी ने बताया भाजपा के अनेकों नेताओं ने अपने चुनाव प्रचार के दौरान किसानों का कर्जमाफ करने का वादा अपने चुनावी सभाओं में किया है। इस संबंध में पांप्लेट भी बाँटे गए हैं। छत्तीसगढ़ शासन के नवनियुक्त

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का चुनाव प्रचार के दौरान का वीडिओ सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। इसमें वो 2 लाख तक छोटे बड़े किसानों का कर्जमाफ करने का वादा स्पष्ट रूप से किया है और पत्रकारों ने इस संबंध में उनसे सवाल पूछने पर वो इस बात को स्वीकार भी चुके हैं। अब प्रदेश में पूर्ण बहुमत के साथ बीजेपी की सरकार बन गई है। विजय शर्मा स्वयं उपमुख्यमंत्री बन गए हैं तो आम किसानों की अपेक्षा है जल्द ही उनका कर्जमाफ हो। डिप्टी सीएम पहली कैबिनेट बैठक में प्रस्ताव पास करके अपने चुनावी वादा पूर्ण करें!

तुकाराम चंद्रवंशी ने बताया घोषणा पत्र समिति के अध्यक्ष विजय बघेल से तत्संबंध में पत्रकार ने कर्जमाफी के सवाल पर खंडन किया था उसके बावजूद भी विजय शर्मा अपने बड़बोलेपन से बाज नहीं आये और हर मंच में घोषणा करते चले गए इस पर तुकाराम ने चुटकी लेते हुए कहा भाजपा का किसानों कर्जमाफी की कोई मंशा ही नहीं है मुझे लगता है अंत में इसे भी चुनावी जुमला करार दिया जायेगा कवर्धा के साथ साथ पूरे प्रदेश में किसानों ने बीजेपी पर विश्वास जताया तो कर्जमाफी करें अन्यथा कांग्रेस पार्टी सड़क पर उतर कर प्रदर्शन करने को बाध्य होगी।

किसानों से प्रति बोरा ले रहे दो से ढाई किलो अतिरिक्त धान

■ **धान खरीदी केंद्र में लगाए गए जिम्मेदार अधिकारी खरीदी खरीदी केंद्र पर नहीं दे रहे हैं ध्यान**

भटगांव/नवप्रदेश। धान खरीदी केंद्र सालिहाघाट में किसानों को तौल करने वालो के साथ साथ सोसाइटी प्रबंधक के द्वारा चुना लगाने का काम किया जा रहा है जहां किसानों से प्रति तौल मे दो से ढाई किलो धान अतिरिक्त लिया जा रहा है । तो वही भोले भाले किसानों के धान के साथ हो रहे लूट खसोट में जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे है जिससे सोसायटी प्रबंधक का हौसला बुलंद है । जिस कारण किसानों को दो से ढाई किलो का धान का क्षती उठाना पड़ रहा है । शासन के निर्देशानुसार 1 नवंबर से धान खरीदी का कार्य प्रारंभ हो चुका है और भाजपा की सरकार आने पर ?3100 समर्थन मूल्य दिया जा रहा है लेकिन खरीदी केंद्र में लगे कर्मचारी आज भी पूर्व के शासनकाल की नीति पर चल रहा है जहां नौकरशाही हावी है जिसके कारण सालिहाघाट धान खरीदी केंद्र में किसानों से प्रति तौल दो ढाई किलो धान अतिरिक्त लिया

जा रहा है । जिससे किसानों में आक्रोश व्याप्त है और इन खरीदी केंद्रों में लगाए गए अधिकारी सब अंजान बने बैठे है । किसानों ने मांग किया है जिसकी जांच कर उचित कार्रवाई खरीदी केंद्र प्रभारी पर किया जाए ।

अब ऐसे में देखने वाली बात होगी की किसानों के साथ हो रहे लूट खसोट पर कार्यवाही कौन करेगा और कब तक खरीदी केंद्र प्रभारी के द्वारा किसान के खून पशिने की कमाई के साथ हेराफेरी किया जाएगा । किसान नरेंद्र कुमार ग्वालि ने बताया कि 9 कट्ठा धान की तौलाई किया गया था जिसमें पुनः तौलाई करने पर 2 से ढाई किलो धान अतिरिक्त निकाला गया इस तरह से किसानों से अतिरिक्त एन खरीदी केंद्र में लिया जा रहा है जिसकी जांच कर उचित कार्रवाई खरीदी केंद्र पर आभारी पर किया जाए वही किसान सेतराम ने बताया की धन तोले के दौरान दो से ढाई किलो धन अतिरिक्त लिया जा रहा है जो गलत है इस पर कार्रवाई होना चाहिए वही किसान राम प्रसाद पटेल ने बताया कि मेरा भी 54 कट्टा धन जिसकी तोले हो चुका है उसको पुणे तोले करवाया गया जिसमें दो से ढाई किलो धन निकाला कार्रवाई की मांग किया गया है । उप पंजीयक जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ - व्यास साहू ने कहा की मैं जांच करता हूं क्या है कैसा है ऐसा किया है तो गलत है जांच करता हूं।

स्वच्छ भारत अभियान पोरथ शिव मंदिर परिसर की सफाई

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के गावों में स्वच्छ भारत अभियान चलाया गया। बरमकेला ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत पोरथ के शिव मंदिर परिसर में स्वच्छ भारत अभियान के तहत परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान के नेतृत्व में सुबह साफ-सफाई किया गया और लोगो को स्वच्छता के लिए शपथ दिलाकर सफाई व्यवस्था के लिए प्रेरित किया गया। पोरथ धाम में स्थित शिव मंदिर परिसर का साफ-सफाई और इसके धार्मिक और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान के नेतृत्व में कई मतदाता जागरूकता और सफाई कार्यक्रम किया गया है। इस अवसर पर श्री चौहान ने कहा कि सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के हर ग्राम पंचायत में हर सप्ताह के शनिवार को स्वच्छता अभियान चलाकर गांव के लोगो को भी साफ सफाई के लिए प्रेरित कर पूरे जिले में सफाई अभियान चलाना हमारा मूल उद्देश्य है।

गायत्री परिवार ने निकाली रैली

नगरी/नवप्रदेश। ब्लॉक स्तरीय कार्यकर्ता गोष्ठी गायत्री शक्तिपीठ नगरी में संपन्न हुआ अखिल विश्व गायत्री परिवार उपजोन छत्तीसगढ़ प्रांत के मार्गदर्शन में शांतिकुंज हरिद्वार की कार्य योजना एवं वंदनीय माता भगवती देवी शर्मा की जन्मशताब्दी विजन 2026 और परम पूज्य गुरुदेव वेदमूर्ति तपोनिष्ठ श्री राम शर्मा आचार्य के सूत्रों व विचारों को प्रांत स्तरीय चयनित टोली नायिका सुश्री रूखमणी बंशोर एवं उनके सहयोगी बहने का आगमन 11.00 बजे शक्तिपीठ नगरी में हुआ। साथ ही स्थानीय गायत्री परिजनों के बीच पूजा अर्चना उपरांत अपने ओजस्वी भाषण में गायत्री मिशनरी सप्तांदोलन सूत्रों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरुदेव के विचारों को एवं सतयुग की वापसी के लिए हम अखिल विश्व गायत्री परिवार को सक्रिय होना जरूरी हैं। व सभी परिजनों को अपने कर्तव्यों का बोध कराया। साथ ही व्यक्ति निर्माण,समाज निर्माण को गांव - गांव, द्वार-द्वार पहुंचाने की बात कही। प्रबंध ट्रस्टी रमेश सार्वा ने गुरुजी के संकल्पो को स्मरण कराते हुए कहा कि सभी क्षेत्रीय परिजन गुरु कार्य के लिए योजना बनाकर कार्य करे । मंचस्थ टोलियो की शोभा बढ़ाने में प्रज्ञा पुत्रों भाई गैंद लाल(ढोलक) और शंकर पटेल (हरमोनियम) द्वारा युवा आहवान प्रज्ञा गीत से परिजनो को हृदय की धड़कन को प्रबल किया। साथ ही इकाई वार प्रमुखों ने अपने अपने व्यक्त्य में वर्ष भर किए गए गतिविधियों का जानकारी दिए व मंडलों को सशक्त बनाने के लिए संकल्पित हुए । गोष्ठी में उपस्थित क्षेत्रीय परिजन सहायक ट्रस्टी बलराम कंचन, ब्लॉक समन्वयक रामकुमार सामरथ, अशोक मरकाम,श्री सुरेश नाग, ब्लॉक स्तर नारी जागरण प्रभारी गायत्री बोदेले रामकुंवर सार्वा , तीरथ बाई, रीकेश्वरी साहू दिनेश्वरी साहू , साधना अग्रवाल श्री मति शशिकला बैरागी, चंद्रकला कश्यप ,नवीन नगरी ब्लॉक इकाई समन्वयक हेमिन गंजीर,गट्टासिल्ली समन्वयक शिव कुमार सरोज, राजपुर भुनेश्वर नागवंशी,फरसिया चित्रभानु तेजस अंजनी मोती लाल दिवाकर, लखन साहू ,आमगांव सुदेलाल भास्कर , रति राम ध्रुंव ,भोजन व्यवस्था प्रभारी ऊधो लाल साहू,ब्लॉक कोषाध्यक्ष मदन सेन एवं विशेष रूप से कार्यक्रम को सम्पन्न कराने नगरी ब्लॉक व्यसन मुक्ति एवम मीडिया प्रभारी पोषण पटेल जी एवं गट्टासिल्ली इकाई के परिजनों की बड़ी संख्या में उपस्थिति थे।,गोष्ठी उपरांत नशा मुक्ति अभियान रैली निकला गया जिसमें आम नागरिक ने भीबअपना सहभागिता प्रदान किया ।और अंत में सम्मनीय टोली का हार्दिक बिदाई साथ सभी का सादर आभार व शांति पाठ कर समापन गायत्री परिजनों के द्वारा किया गया ।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202309100400164/अ-2/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका हरीश कुमार पाटील आ./पति स्व. रामदास पाटील निवासी शांति नगर सुपेला भिलाई के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम करहीडीह प.ह.न. 15 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 182/4 रकबा 0.0139 हें/1500 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 13/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202312100400162/अ-2/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका पोषण कुमार साहू आ./पति कल्याण सिंह साहू निवासी नयापारा दुर्ग के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बोरसी प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 341/84 रकबा 0.0102 हें/1100 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 13/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202312100400/अ-2/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका हुकुम सिंह भुआर्य आ./पति थानसिंह भुआर्य निवासी सेक्टर-6 भिलाई के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम रिसाली प.ह.न. 49 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 671/22 रकबा 0.018 हें/2034 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 13/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202309100400/अ-2/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका दीनदयाल आ./पति सरजू प्रसाद निवासी डुण्डेरा के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उतई प.ह.न. 52 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 982/41 रकबा 0.0100 हें/1000 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 13/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202310100400006/अ-2/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका शीला साहू आ./पति उत्तमदास साहू निवासी संतोषी पारा केम्प-02 भिलाई के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम चंदखुरी प.ह.न. 37 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1428/14 रकबा 0.0149 हें/1605 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 03/10/2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 2023012100400/अ-2/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका दर्शन विश्वकर्मा आ./पति प्रेमलाल विश्वकर्मा निवासी सुपेला सेक्टर के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम कोहका प.ह.न. 45 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 712/12 रकबा 0.010 हें/ 588 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 13/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202312100400161/अ-2/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका भारती साहू आ./पति पवन कुमार साहू निवासी न्यू शांति नगर दुर्ग के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बोरसी प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 341/84 रकबा 0.0102 हें/1100 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 13/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

■ न्यूज गैलरी

लोगों ने शपथ ग्रहण समारोह देखा लाइव

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। मड़कड़ी में मुख्यमंत्री शपथ ग्रहण समारोह का लाइव प्रसारण हुआ। बिलाईगढ़-उच्च कार्यालय के निर्देशनुसार शास.प्राथ.शाला मड़कड़ी में मुख्यमंत्री छ.ग.शासन का शपथ ग्रहण समारोह का लाईव प्रसारण लेपटॉप के माध्यम से किया गया,जिसमें शाला के सभी बच्चों के साथ-साथ प्रधान पाठक राजकुमार वर्मा, सहायक शिक्षक हेमंत कुमार श्रीवास एवं जनभागीदारी शिक्षिका सुश्री दामिनी श्रीवास भी उपस्थित रहे। बच्चों ने नये मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय व दो उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं विजय शर्मा के शपथ ग्रहण समारोह के प्रसारण को लाईव देखकर अत्यंत ही उत्साहित हुये।

एनएसएस शिविर का समापन आज

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पवनी के द्वारा नशा मुक्त समाज के लिए युवा विषय पर आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम माहुलडीह में लगाया गया था जिसका समापन आज शुक्रवार को होगा जिसके मुख्य अतिथि बेल्हा सरपंच रमन बंजारे,विशिष्ट अतिथि व्याख्याता बी एल चन्द्राकर, उपसरपंच अनिल पटेल,प्रधानपाठक श्याम कुमार कैवर्त एवम अध्यक्षता संस्था के प्राचार्य ए के साहू करेंगे।उक्त जानकारी कार्यक्रम अधिकारी एच आर कुर्रे एवम वी पी साहू ने दी।

खुरसुला स्कूल में परख अंतर्गत मूल्यांकन आयोजित

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुरसुला में परख अंतर्गत मूल्यांकन परीक्षा आयोजित किया गया राज्य शैक्षिक अनुसंधान उपलब्धि सर्वेक्षण का क्रियान्वयन राष्ट्रीय नेतृत्व शिक्षा मंत्रालय और राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद(एनसीईआरटी) द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। इसके अंतर्गत 13 दिसंबर 2023 को खुरसुला स्कूल में सर्वेक्षण परीक्षा आयोजित की गई जिसमें कक्षा -नवमीं में 30 परीक्षार्थी शामिल हुए यह मूल्यांकन परीक्षा जमीनी स्तर पर काम करेगा और छात्रों की प्रगति के बारे में ब्लॉक स्तर पर विस्तृत जानकारी प्रदान करेगा इसके तहत ÷परख÷ एक राष्ट्रीय मूल्यांकन नियामक है। जिसका अर्थ है प्रदर्शन, मूल्यांकन, समीक्षा एवं समग्र विकास के लिए ज्ञान का विश्लेषण परख को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के कार्यान्वयन के एक भाग के रूप में लागू किया गया है भारत के सभी राज्यों के विकासखण्डों में एक समान और मानकीकृत कार्यान्वयन है जो भौगोलिक या सामाजिक, आर्थिक असमानताओं को परवाह किए बिना दक्षता मूल्यांकन के लिए समान अवसर सुनिश्चित करता है हमें ऐसे भविष्य की ओर ले जाए जहाँ प्रत्येक छात्र अपने पूरे समर्थ तक पहुँचे और प्रत्येक शिक्षार्थी आत्मनिर्भर भारत में योगदान दे यह विद्यार्थियों में भाषा और गणित जैसे विषयों का मूल्यांकन करता है सर्वेक्षण परीक्षा में पर्यवेक्षक मेगनेश्वर प्रसाद यादव (प्रधानपाठक)पूर्व माध्यमिक शाला पुरगांव तथा विषय शिक्षक मदनलाल तोमर (हिन्दी)एवं महेंद्र कुमार चतुर्वेदी(गणित) सालिक राम साहू (गणित)भारत राम बंजारे, हरेंद्र कुमार शांडिल्य, श्यामलाल नवरत्न, अमरज्योति डहरिया, लीलेश कुमार राजेश,हर्षवर्धन रत्नेश, महेंद्र कुमार चतुर्वेदी, सुनीता चतुर्वेदी, सुरेश कुमार रात्रे, उमाशंकर साहू सोहनलाल डडसेना का सहयोग सराहनीय रहा।

एथेनाल प्लांट के विरोध में उतरे ग्रामीण

बेमेतरा/नवप्रदेश। नया सरकार बनते ही एथेनॉल प्लांट निर्माण के शुरू होते ही विरोध होने लगा है। उसके खिलाफ भाजपा नेता राहुल टिकरिहा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया। गुरूवार को बेमेतरा के पथर्रा में बन रहे एथेनॉल प्लांट में पहुंचकर भाजपा नेता और ग्रामीणों ने संयंत्र निर्माण का काम को रोककर प्रदर्शन कर रहे है। इस दौरान तहसीलदार मौके पर पहुंचे और लोगों को समझने की कोशिश कर रहे थे। लेकिन ग्रामीण अपनी प्लांट निर्माण के विरोध करने पर डटे रहे। मजबूर तहसीलदार को असफल होकर लौटना पड़ा। इस प्रदर्शन में भारी संख्या में ग्रामीण महिला पुरूष उपस्थित हैं।

जीत के बाद दलेश्वर साहू को कार्यकर्ताओं ने लड्डू से तौला

डोंगरगांव/नवप्रदेश। विधायक दलेश्वर साहू के विजयी होने पश्चात डोंगरगांव नगर आगमन में अखिलेश नखत व महेंद्र वैष्णव द्वारा मेनरोड वर्धमान ड्रेसेस के सामने विधायक साहू को लड्डू से तौला गया।

ग्रामीणों ने सौ से अधिक ट्रकों को बनाया बंधक

कांकेर/नवप्रदेश। कांकेर जिले की चेलम खदान में ग्रामीणों ने पिछले 5 दिनों से ट्रकों को बंधक बनाया है। चेलम खदान में लौह अयस्क परिवहन कर रहे लगभग 100 से अधिक ट्रकों को ग्रामीणों ने रोक रखा है, जिससे वाहन मालिक एवं ट्रक चालक-परिचालक परेशान हैं। खदान के आस पास के ग्रामीण अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा है कि, हमारे लोगों को कंपनी में नौकरी दें। वहीं बंधक ट्रकों के चालक ग्रामीणों के इस आंदोलन से परेशान हो गए हैं। जंगल में खड़े 5 दिन हो गए हैं, राशन समाप्त हो गया है, जिससे उनके भूखों मरने की नौबत आ गई है। ट्रक मालिकों का कहना कि, प्रबंधन और ग्रामीणों की लड़ाई में ट्रकों को रोकना उचित नहीं है। प्रशासन से अनुरोध के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हो रही है, वहीं आंदोलनरत ग्रामीण सीधे मुंह बात ही नहीं कर रहे हैं।

सामाजिक बैठक में विधायक इंद्र साव का सम्मान

भाटापारा/नवप्रदेश। तहसील स्तरीय साहू समाज के बैठक टिकुलिया में संपन्न हुई। बैठक में भाटापारा के नवनिर्वाचित विधायक इंद्र साव शामिल हुए। तहसील के पदाधिकारियों सहित सभी परीक्षेत्र अध्यक्षों द्वारा विधायक इंद्र साव का सम्मान किया गया। इस दौरान तहसील साहू समाज भाटापारा के सभी पदाधिकारीगण उपस्थित थे। विधायक इंद्र साव ने समाज का आभार व धन्यवाद ज्ञापित किया। समाज को संगठित होकर ऐसे ही कार्य करते रहने का आग्रह किया। बैठक में मुख्य रूप से चैतराम साहू (तहसील अध्यक्ष व पूर्व विधायक), प्रेम नारायण साहू (बलौदाबाजार तहसील अध्यक्ष), जीत राम साहू (अध्यक्ष सिमगा तहसील) दीनदयाल रामु साहू (जिला उपाध्यक्ष), तिहारू राम साहू (तरेंगा परिक्षेत्र अध्यक्ष), कुलेश्वर साहू (मोपका परिक्षेत्र अध्यक्ष), सहदेव साहू (मोपर परिक्षेत्र अध्यक्ष),

कार्यक्रम का संचालन कुलेश्वर साहू द्वारा किया गया। सभा में पूर्व विधायक व तहसील अध्यक्ष चैतराम साहू ने समाज में सभी को एक साथ होकर हर परेशानी का सामना करने के लिए प्रेरित किया। जिला उपाध्यक्ष दीनदयाल रामू साहू ने समाज के कार्यों में युवाओं को बढ़ चढ़ कर एक होकर कार्य करने की बात कही। इस अवसर पर जिला व ग्रामीण इकाई के पदाधिकारियों पन्नालाल साहू, कमलेश साहू, ढेलूराम साहू, भरत साहू, नरेश साहू, घनाराम साहू, खूबीराम साहू, जीत नारायण साव, नीतीश साहू, रोशन साहू, सीताराम साहू, देवीलाल साहू, संतोष साहू, श्रीमती ममता साहू, श्रीमती नीलिमा साहू सहित काफी संख्या में सामाजिक जन उपस्थित थे।

राष्ट्रीय लोक अदालत में 5952 मामले रखे जाएंगे

बेमेतरा/नवप्रदेश। नालसा नई दिल्ली एवं सालसा, बिलासपुर के निर्देशन में अध्यक्ष/जिला न्यायाधीश बृजेन्द्र कुमार शास्त्री के मार्गदर्शन में 16 दिसंबर 2023 शनिवार को इस वर्ष का अंतिम नेशनल लोक अदालत का आयोजन होगा। उक्त नेशनल लोक अदालत में लगभग 5165 प्री-लिटिगेशन प्रकरण तथा 787 न्यायालय में लंबित प्रकरण निराकरण हेतु चिन्हांकित किये गये हैं। नेशनल लोक अदालत आयोजन के दौरान भी पक्षकार यदि चाहे तो अपने राजीनामा योग्य प्रकरण में राजीनामा हेतु न्यायालय उपस्थित होकर प्रकरण निराकृत करवा सकते हैं। इस वर्ष के अंतिम नेशनल लोक अदालत में जिला न्यायालय व तालुका न्यायालय में लंबित शमनीय अपराध के प्रकरण मोटर दुर्घटना दावा से संबंधित प्रकरण, धारा 138 एनआईएक्ट के अंतर्गत चेक बाउंस प्रकरण, धारा 125 दंप्रसं तथा मेट्रोमोनियल डिस्प्युट के अलावा जलकर, संपत्तिकर, सिविल प्रकरण, ट्रैफिक चालान आदि शामिल है।

नवागढ़ मेरा घर, यहां की जनता मेरा परिवार : रुद्रकुमार

नवागढ़/नवप्रदेश। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को नवागढ़ में मिली हार के बाद सोमवार को पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की समीक्षा बैठक ली। इस बैठक में नवागढ़ विधानसभा चुनाव में करारी हार को लेकर मंथन किया गया। इस बैठक में प्रमुख रूप से विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी रहे गुरु रुद्रकुमार उपस्थित थे। साथ ही विधानसभा के सभी ब्लॉक, सेक्टर व बूथ के प्रमुख पदाधिकारी भी शामिल हुए। गुरु रुद्रकुमार ने सबसे पहले नवागढ़ क्षेत्र की जनता का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि सबने अपना जन समर्थन दिया, जिसके चलते विधानसभा चुनाव में 86 हजार से भी अधिक मत हमें प्राप्त हुए। उन्होंने कहा कि एक-दूसरे

को दोष देने से कुछ नहीं होगा, हमें अपनी रणनीति पर पुनर्विचार करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि जिन बूथों पर हमें वोट क्यों कम मिला, इस पर काम करना चाहिए। हमें पुनः 5 साल पूरी ईमानदारी से मेहनत कर पूरी तैयारी के साथ फिर से विधानसभा चुनाव में जाना है। जगतगुरु रूद्र कुमार ने कहा कि फ़िलहाल परिणाम जो आया हो नवागढ़ विधानसभा अब मेरा घर है और यहाँ के सभी कार्यकर्ता व जनता मेरा परिवार हैं।

विकसित भारत संकल्प यात्रा से जुड़ेंगे नागरिक शासकीय योजनाओं से होंगे लाभान्वित : कलेक्टर

अधिकारियों एवं नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर दिए दिशा-निर्देश

कवर्धा/नवप्रदेश। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में विभागीय अधिकारियों एवं नोडल अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कल्याणकारी कार्यक्रमों एवं योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए समयबद्ध अभियान चलाया जाना है। समाज के अंतिम छोर तक पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन कबीरधाम जिले में 16 दिसंबर 2023 से 26 जनवरी 2024 तक किया जाएगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान केन्द्र सरकार से जिले के लिए 08 आईईसी (सूचना शिक्षा संचार) वेन उपलब्ध होगा। आईईसी वेन ग्राम पंचायतों में शिविर के माध्यम से योजनाओं के लाभार्थियों से चर्चा कर अब तक मिले लाभ पर लोग अपने अनुभव साझा करेंगे तथा ऐसे व्यक्ति जिन्हें लाभ दिया जाना है उनकी पहचान कर वहीं पर लाभान्वित किया जाएगा। शिविर में माननीय प्रधानमंत्री द्वारा नागारिकों को संबोधित किया जाएगा साथ में धरती कहे पुकार के अंतर्गत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का अयोजन होगा तथा विजेताओं को पुरष्कृत किया जाएगा। इस अभियान में स्वच्छ भारत मिशन, एलपीजी कनेक्शन, गरीबों के लिए आवास, खाद्य सुरक्षा, स्वच्छ पेयजल सुविधाएं, स्वास्थ्य सेवाएं, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा जैसे अनेक बुनियादी सुविधाआ प्रदान करने के लिए योजनाओं के माध्यम से संतृप्ति के लिए लक्षित पात्र हितग्राहियों को आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए जागरूक किया जाना है। कलेक्टर श्री महोबे ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि विभागीय कार्यक्रमों के संपूर्ण जानकारी के साथ मैदानी अमलों को प्रस्तावित शिविर स्थल में उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे। शासन की योजनाओं से लाभान्वित व्यक्तियों को अवसर दिया जाए कि वे अपने अनुभव को सभी ग्रामीणों के समक्ष रखे। यह अभियान शहरी क्षेत्र से लेकर स्थानिय निकायों एवं ग्राम पंचायतों में चलाया जाएगा। इसके लिए आवश्यक है कि सभी स्तर पर समन्वय समिति का निर्माण कर लिया जाए। कार्यक्रम के लिए रूट चार्ट, तिथि निर्धारण, स्थल चयन पहले से करते हुए नागरिकों को इसके लिए सूचित करें, जिससे कि वे संकल्प यात्रा में शामिल होकर लाभान्वित हो सके।

पीड़ित परिजनों को नई पहल ने पहुंचाई सहायता

भाटापारा/नवप्रदेश। ग्रामीण एन जी ओ डॉ संघ परिवार नई पहल सिंगारपुर मावली द्वारा ग्राम गोढ़ी एस निवासी स्व दुकलहीन बाई पति स्व रामजी पटेल के दशगात्र वाले दिन उसके घर जाकर नई पहल समिति के द्वारा । एक बोरी आलू 30 किलो चावल एक बड़ का पेड मृतका के बच्चे के हाथ सुपुर्द किया। समिति के सदस्यों का मानना है की पेड़ लगवाकर स्व दुकलहीन बाई की आत्मा को शांति मिलेगी। एक अत्यंत गरीब परिवार की महिला का गत दिवस देहांत हो गया। दशगात्र वाले दिन समिति के संरक्षक डॉ रामेश्वर वर्मा की पहल पर सुरेंद्र वैष्णव , अध्यक्ष डॉ सीताराम श्रीवास , उपाध्यक्ष षटबदन वर्मा सचिव डॉ राजकुमार ध्रुव उपसचिव हरदयाल सिंह नेताम कोषाध्यक्ष डॉ आर एन वर्मा संचालक डॉ मोहनलाल साहू ,केशव निषाद इत्यादि की उपस्थिति में पीड़ित के पुत्र को सहयोग देकर मानवीय मूल्यों का निर्वहन किया,जिसकी सभी प्रशंसा कर रहे हैं।

गलत कामों पर चलेगा बुलडोजर

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में सरकार बदलते ही अब भ्रष्टाचार पर कार्रवाई शुरू हो गई है। कबीरधाम जिले की एक सड़क बनने के दो दिन बाद ही उखड़ गई। इसकी जानकारी जैसे ही डिप्टी सीएम विजय शर्मा को मिली, तो उन्होंने तुरंत जांच के आदेश दिए। जांच के बाद सड़क निर्माण को अमान्य घोषित कर दिया गया। अब नए सिरे से ठेकेदार को काम करना होगा। उन्होंने साफ़ तौर पर यह भी कह दिया है कि गलत काम करोगे, तो बुलडोजर चलेगा।

यहां बन रही है सड़क

कबीरधाम जिले में सहसपुर लोहारा से रेंगाखार के बीच पेच रिपेयरिंग का काम किया

जा रहा है। सोशल मीडिया में सड़क की फोटो वायरल हुई। लोगों का आरोप है कि यहां डामर सड़क का निर्माण कार्य कराया गया था, जो दो दिन बाद ही उखड़ गई।

जांच करने पहुंचे अफसर

सड़क निर्माण में अनियमितता की खबर जैसे ही डिप्टी सीएम विजय शर्मा को मिली, तो उन्होंने अफसरों को जांच के आदेश दे दिए। इसके बाद अफसरों में हड़कंप मच गया. आनन- फानन में सड़क निर्माण की जांच की गई और सड़क को अमान्य घोषित कर दिया गया. अफसरों ने ठेकेदार को निर्देश दिया है कि फिर से सड़क का निर्माण करें।

डिप्टी सीएम बोले- चलेगा बुलडोजर

डिप्टी सीएम ने कहा कि अब प्रदेश में सुशासन का राज चलेगा। जो भी गलत काम करेगा, उनके खिलाफ बुलडोजर चलाने की कार्रवाई होगी। उन्होंने अफसरों पर सख्ती बरतते हुए कहा कि सभी निर्माण कामों में गुणवत्ता का पूरा ख्याल रखें। गड़बड़ी मिली, तो सख्त कार्रवाई होगी।

फसल बीमा योजना के जागरूकता रथ से किसान होंगे लाभान्वित : रामकुमार भट्ट

कवर्धा/नवप्रदेश। जिले के किसानों को फसल बीमा योजना का लाभ दिलाने एवं निर्धारित समय के पूर्व बीमा करने का संदेश देने के लिए उद्यानकी विभाग द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। आज फसल बीमा रथ को जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट ने हरी झंडी दिखाकर जिला पंचायत प्रांगण से रवाना किया।

ज्ञात हो की खरीफ वर्ष 2023 एवं रबी 2023-24 के लिए पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के अंतर्गत भारत सरकार के योजना अंतर्गत छत्तीसगढ़ शासन के सहयोग से भारतीय कृषि बीमा कंपनी द्वारा योजना का संचालन किया जा रहा है। जिसमें रबी फसलों का बीमा करने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2023 निर्धारित की गई है। फसल बीमा योजना अंतर्गत अधिसूचित फसलों में खरीफ के अंतर्गत राजस्व निरीक्षक मंडल स्तर पर टमाटर, बैगन, मिर्ची, अदरक, केला, पपीता एवं अमरूद है। रबी फसल के अंतर्गत राजस्व निरीक्षक मंडल क्षेत्र में टमाटर, बैंगन, फूलगोभी, पत्तागोभी, प्याज एवं आलू सम्मिलित है तथा योजना का संचालन राज्य के सभी 33 जिलों में किया जा रहा है। जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट ने इस कहा कि फसल बीमा जागरूकता रथ से क्षेत्र के किसानों को योजना का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि जिले के किसानों से इस योजना का लाभ उठाएं और सुरक्षित फसल निश्चित किसान फसल बीमा से सब का समाधान हो सके। उल्लेखनीय है कि फसल बीमा योजना के अंतर्गत ऋण लिए किसानों का फसल बीमा बैंक के माध्यम से होगा एवं सामान्य किसानों का लोक सेवा केंद्र से किया जाएगा।

फसल बीमा योजना के संबंध में क्षेत्र के किसान अधिक जानकारी सहायक संचालक उद्यान के जिला कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। इसके साथ ही विभाग द्वारा संचालित नर्सरी मोहतरा (पंडरिया), खुटू (कवर्धा), सालिया एवं रणजीतपुर (सहसपुर लोहारा), लालपुर (बोड़ला) से भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इस अवसर पर सहायक संचालक उद्यान आर एन पांडे विभाग ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी एवं जिला पंचायत के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में विधायक ने ली अफसरों की बैठक

गरियाबंद/नवप्रदेश। केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में राजिम विधायक रोहित साहू ने गुरुवार को कलेक्टर परिसर में कलेक्टर व जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी के साथ बैठक की। इस कार्यक्रम को सफल बनाने तथा अधिक से अधिक लोगों को योजनाओं का लाभ पहुँचाने इसकी समुचित व्यवस्था के निर्देश दिए। 16 दिसंबर से 25 जनवरी तक (40 दिन) चलने वाले इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के आयोजन को लेकर प्रशासन तैयारी में लगा हुआ है। उन्होंने प्रशासन स्तर पर की जा रही तैयारियों की जानकारी भी ली। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के तहत हितग्राहियों को मौके पर ही प्रशासन की टीम योजनाओं का

लाभ मुहैया कराएगी। विधायक रोहित ने इसे प्रभावी बनाने के भी निर्देश दिए।

इसके बाद राजिम विधायक रोहित साहू ने भाजपा पदाधिकारियों की बैठक लेकर प्रशासन के साथ सामंजस्य बिठाकर आमजनों के कार्य को प्राथमिकता के साथ पूरा करने में सहयोग प्रदान करने की बात कही। उन्होंने कहा कि ज्यादातर लोगों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुँचे। इस व्यवस्था के तहत सभी को मिलकर कार्य करना है। इस दौरान प्रमुख रुप से भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश साहू, जिला महामंत्री अनिल चन्द्राकर, जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, मंडल अध्यक्ष गरियाबंद सुरेन्द्र सोनटेके, भाजयुमो पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अजय रोहरा, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजू साहू, वरिष्ठ नेता प्रशांत मानिकपुरी, किशोर साहू उपस्थित रहे।

पाकिस्तान के खिलाफ पर्थ टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया प्लेइंग 11 घोषित

पर्थ। ऑस्ट्रेलिया ने यहां आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप सीरीज के शुरुआती मैच में पाकिस्तान से भिड़ने वाली टीम की घोषणा कर दी है। उम्मीद के मुताबिक पैट कमिंस ने गर्मियों के पहले अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी करेंगे। हालांकि, इस दौरान ऑस्ट्रेलिया टीम के उप-कप्तान के रूप में ट्रैविस हेड की नियुक्ति ने सबको हैरान जरूर किया। वह वर्तमान डिप्टी स्टीव स्मिथ के साथ टीम के सह-उप-कप्तान होंगे।

हेड का यह प्रमोशन उनकी क्षमताओं में विश्वास को दर्शाता है, जिसने उन्हें हाल ही में आईसीसी विश्व कप के सेमीफाइनल और फाइनल में बैक-टू-बैक मैच विजेता प्रदर्शन करने में मदद की। इन दोनों मैचों में अपनी वापसी के लिए उन्होंने प्लेयर ऑफ द

मैच का पुरस्कार जीता, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया ने रिकॉर्ड छठी बार ट्रॉफी जीती। इनके अलावा, स्पिनर नाथन लियोन साथी मर्फी के लिए प्लेइंग इलेवन में वापस आए हैं, जो ऑस्ट्रेलिया इलेवन में एकमात्र बदलाव है।ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख स्पिनर लियोन जून में लॉर्ड्स में इंग्लैंड के खिलाफ पिंडली में चोट लगने के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से चूक गए थे।हालांकि, उन्होंने हाल के महीनों में घरेलू क्रिकेट में वापसी की है और न्यू साउथ वेल्स के लिए मार्श कप और शेफ़ील्ड शील्ड में भाग लिया है।उम्मीद के मुताबिक डेविड वार्नर और उस्मान ख्वाजा पारी की शुरुआत करेंगे। एक मजबूत मध्यक्रम में मार्नस लाबुशेन, स्मिथ और हेड शामिल होंगे। मिचेल मार्श ऑलराउंडर की भूमिका निभाएंगे जिन्हें कैमरून ग्रीन पर तरजीह दी गई है।

ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेट विश्व कप अभियान के लिए जोश इंग्लिस को प्राथमिकता दिए जाने के बाद एलेक्स कैरी लाल गेंद वाले क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया के लिए वापसी कर रहे हैं।मिचेल स्टार्क, पैट कमिंस और जोश हेजलवुड तेज गेंदबाजी तिकड़ी होंगे।

सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर पुरस्कारों के लिए इन नामों का किया ऐलान

जिनेवा। इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ फुटबॉल एसोसिएशन (फीफा) ने सर्वश्रेष्ठ महिला गोलकीपर और सर्वश्रेष्ठ पुरुष गोलकीपर पुरस्कारों के फाइनलिस्ट की घोषणा की। 2023 में सर्वश्रेष्ठ फीफा फुटबॉल पुरस्कार 15 जनवरी 2024 को लंदन में आयोजित किए जाएंगे। ऑस्ट्रेलिया की मैकेंज़ी अर्नोल्ड, स्पेन की कैटालिना कोल और इंग्लैंड की मैरी अर्प्स सर्वश्रेष्ठ फीफा महिला गोलकीपर पुरस्कार के लिए फाइनलिस्ट हैं, जबकि पुरुष पुरस्कारों के फाइनलिस्ट में मोरक्को के यासीन, बेल्जियम के थिबाउट कोर्टोइस और ब्राजील के एडर्सन के नाम शामिल हैं। फीफा जल्द ही सर्वश्रेष्ठ फीफा फुटबॉल पुरस्कार 2023 के लिए और अधिक फाइनलिस्टों की घोषणा करेगा। इन घोषणाओं में सर्वश्रेष्ठ फीफा महिला कोच, सर्वश्रेष्ठ फीफा पुरुष कोच, सर्वश्रेष्ठ फीफा महिला खिलाड़ी, सर्वश्रेष्ठ फीफा पुरुष खिलाड़ी और फीफा पुस्कस पुरस्कार के फाइनलिस्ट शामिल होंगे।

रसेल की दमदार वापसी, वेस्टइंडीज को दिलाई ऐतिहासिक जीत

बारबाडोस। स्टार ऑलराउंडर आंद्रे रसेल ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सफल वापसी करते हुए वेस्टइंडीज को इंग्लैंड के खिलाफ ऐतिहासिक जीत दिलाई है।

दो साल से अधिक समय में रसेल का यह पहला अंतर्राष्ट्रीय मैच था। अपने कमबैक मैच में इस स्टार ऑलराउंडर ने गेंद और बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया। टी20 वर्ल्ड कप से पहले वेस्टइंडीज के लिए यह जीत बेहद खास है। 35 वर्षीय रसेल ने 14 गेंदों में तीन विकेट और नाबाद 29 रन बनाकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। वेस्टइंडीज के लिए अन्य बल्लेबाजों में ब्रेंडन किंग (22), काइल (35), साई (36), और रोमेन पॉवेल ने 31 रन का अहम योगदान दिया। रसेल को उनकी शानदार व्यक्तिगत खेल के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया और उन्होंने खेल के बाद स्वीकार किया कि अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में उनकी वापसी बिल्कुल योजना के अनुसार हुई है।

बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल मैदान पर वेस्टइंडीज के लिए यह रन चेज़ सबसे सफल रहा, जिसने 2014 में इंग्लैंड के खिलाफ वेस्टइंडीज के 155/5 के पिछले सर्वश्रेष्ठ स्कोर को भी पीछे छोड़ दिया। आईसीसी ने मैच के बाद रसेल के हवाले से कहा, जब से मुझे बुलावा आया है तब से दो सप्ताह से मैं सपना देख रहा हूं कि मैं अपने पहले मैच में प्लेयर ऑफ द मैच बनूंगा। मुझे नहीं पता था कि यह कैसे होगा, लेकिन मैं बस विश्वास करता रहा कि यह होगा। यह प्रदर्शन वेस्टइंडीज को टी20 विश्व कप की शुरुआत से छह महीने से भी कम समय में काफी आत्मविश्वास प्रदान करेगा, जिसकी वे संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ सह-मेजबानी करेंगे।

आईबीए ने चार नए राष्ट्रीय महासंघों की सदस्यता को दी मंजूरी

दुबई। इंटरनेशनल बॉक्सिंग एसोसिएशन (आईबीए) ने आयोजित अपनी वार्षिक कांग्रेस में चार नए महासंघों की सदस्यता को मंजूरी दे दी, जबकि तीन संगठनों की सदस्यता समाप्त कर दी गई। आईबीए से इस्तीफे के बाद नए नेतृत्व के तहत स्विस बॉक्सिंग की वापसी का स्वागत करते हुए 170 से अधिक राष्ट्रीय महासंघ के सदस्यों ने मतदान किया, एक दिशा जिसे बाद में उनकी पिछली आम सभा में उलट दिया गया था।इसके अलावा, यूएसए बॉक्सिंग की असंबद्धता के बाद प्रसिद्ध रॉय जोन्स जूनियर के नेतृत्व में एक नया संगठन, यूएस बॉक्सिंग फेडरेशन का गठन किया गया था। आईबीए की विज्ञप्ति के अनुसार, नॉरफ़ॉक आइलैंड बॉक्सिंग एसोसिएशन और तुवालु एमेच्योर बॉक्सिंग एसोसिएशन को स्वीकार किए जाने पर ओसनिया को दो नए सदस्य मिले।आईबीए कांग्रेस द्वारा जिन तीन संगठनों की सदस्यता समाप्त कर दी गई। वे हैं चेक बॉक्सिंग एसोसिएशन, जर्मन बॉक्सिंग एसोसिएशन और डच बॉक्सिंग फेडरेशन।इन समाप्ति के बाद, आईबीए प्रमुख उमर क्रेमलेव ने कहा कि आईबीए उन देशों के अन्य संगठनों का स्वागत करेगा जो अब शासी निकाय से जुड़े नहीं हैं।क्रेमलेव ने कहा, मुक्केबाजी परिवार का हिस्सा बनने वाले देशों में हमारा स्वागत है, लेकिन दुर्भाग्य से कई देशों में हमें मुक्केबाजी संघों के साथ समस्याएं हैं। हमने संस्थाओं पर निर्णय लिए, लेकिन देशों पर नहीं। हमारे पास पहले से ही ऐसे उम्मीदवार हैं जो यूएस बॉक्सिंग फेडरेशन की तरह आईबीए सदस्यता के लिए आवेदन करना चाहते हैं। हम उन देशों के उम्मीदवारों के लिए खुले हैं जो आईबीए छोड़ देते हैं या जो कांग्रेस के फैसले से समाप्त हो जाएंगे। इसके अलावा, आईबीए महासचिव और सीईओ क्रिस रॉबर्ट्स ओबीई ने 2024 के लिए इवेंट कैलेंडर की घोषणा की, जिसमें 16 चैंपियंस नाइट्स पेशेवर प्रारूप की लड़ाई शामिल करने की योजना है। जो इस साल 10 से अधिक है। ज़गरेब 13 जनवरी को इनमें से पहली की मेजबानी करने वाला है।रॉबर्ट्स ने आईबीए चैंपियंस नाइट के माध्यम से एथलीटों को व्यावसायिकता में लाने के लिए मुक्केबाजों और अधिकारियों के साथ अनुबंध हासिल करने के बारे में भी बात की। आईबीए महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप कजाकिस्तान के अस्ताना में होनी है। जिसमें आर्मेनिया आईबीए पुरुष विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप पर बातचीत कर रहा है, जिसने पहले इस साल आईबीए जूनियर विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप आयोजित की थी।

भारत ने नेपाल को 4 रन से हराया, 2-0 की बढ़त

मुंबई। बिनीता पुन का अर्धशतक एक बार फिर बेकार हो गया, क्योंकि भारत ने पुलिस जिमखाना क्रिकेट ग्राउंड में पहली दृष्टिबाधित महिला द्विपक्षीय सीरीज में नेपाल को चार रनों से हरा दिया। भारत ने धीमी शुरुआत के बावजूद निर्धारित 20 ओवरों में 149/6 का स्कोर बनाया और नेपाल को 145/6 पर रोक दिया। बिनीता ने 47 गेंदों में 56 रन बनाए, लेकिन नेपाल को जीत दिलाने में सफल नहीं हो पाईं। भारत ने पहली बार नेत्रहीनों के लिए पांच मैचों की फेडफिना महिला द्विपक्षीय टी20 सीरीज में 2-0 की बढ़त ले ली है। 150 रनों का पीछा करते हुए नेपाल की शुरुआत खराब रही और उसका स्कोर 6 ओवर में 38/2 हो गया। इसके बाद बिमला राय और बिनीता ने 72 रनों की साझेदारी की, जिससे नेपाल ने 15वें ओवर में 110/3 का स्कोर बना लिया। नेपाल नियमित अंतराल पर विकेट खोता रहा

और जल्द ही 132/6 पर सिमट गया। जो पीछा करना बहुत आसान लग रहा था वह अचानक एक दूर के सपने जैसा लगने लगा। आखिरी 6 गेंदों में नेपाल को जीत के लिए 10 रनों की जरूरत थी, लेकिन वह लक्ष्य का पीछा नहीं कर पाई। झिली बिरुआ को उनकी शानदार गेंदबाजी और पारी के आखिरी ओवर में 10 रन का बचाव करने के लिए मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। इससे पहले दिन में भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 149/6 रन बनाए। मगुपल्लू सत्यवती ने भारत को धीमी शुरुआत दी, लेकिन डेथ ओवरों में रवन्नी और सुषमा पटेल ने सुनिश्चित किया कि भारत सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचे। नेपाल अब टी20 सीरीज जीतने की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखने के लिए बुधवार को तीसरा टी20 मैच खेलने के लिए तैयार होगा।

बिजनेस

यूट्यूब पर चंद्रयान-3 की सॉफ्ट-लैंडिंग रही टॉप ट्रेंडिंग वीडियो

नई दिल्ली। साल खत्म होने से पहले गूगल के स्वामित्व वाले यूट्यूब ने टॉप ट्रेंडिंग वीडियो के बारे में जानकारी साझा की है। इस साल दर्शकों ने चंद्रयान -3 सॉफ्ट लैंडिंग की लाइव टेलीकास्ट का जमकर आनंद लिया। यह वीडियो इस साल के शीर्ष ट्रेंडिंग वीडियो की सूची में शीर्ष पर है। कंपनी ने एक ब्लॉगपोस्ट में कहा, चंद्रयान-3 मिशन सॉफ्ट-लैंडिंग लाइव टेलीकास्ट को 8.5 मिलियन से अधिक बार देखा गया, जिससे यह यूट्यूब पर अब तक का सबसे बड़ा लाइव स्ट्रीम बन गया। यूट्यूब

चैनल राउंड2हेल द्वारा मेन ऑन मिशन (एमओएम) इस साल का दूसरा ट्रेंडिंग वीडियो है, इसके बाद यूपीएससी ॠ अनुभव सिंह बस्सी द्वारा स्टैंड अप कॉमेडी, कैरीमिनाटी द्वारा डेली व्लॉगर्स पैरोडी और अन्य हैं। कंपनी ने कहा कि गेमिंग वीडियो अनुभाग में, ग्रैंड थेफ्ट ऑटो (जीटीए) 6 ट्रेलर 1 ने भारत में 24 घंटे में 93 मिलियन से अधिक व्यूज के साथ एक गैर-म्यूजिक वीडियो के 24 घंटे के डेब्यू के लिए नया व्यूज रिकॉर्ड बनाया है।

इस वर्ष यूट्यूब द्वारा नामित शीर्ष 10 भारतीय क्रिएटर्स में पवन साहू, नीतू बिष्ट, क्यूट शिवानी.05, फिल्मी सूरज एक्टर, अमन डांसर रियल और अन्य शामिल हैं। यूट्यूब ने कहा, हम देश के विभिन्न कोनों से आने वाले रचनाकारों और उनके समुदायों के साथ, आज बहु-प्रारूप निर्माण सामग्री को और अधिक यादगार बनाने में मदद कर रहे है।

इसके अलावा, कंपनी ने कहा कि संगीत वीडियो और शॉर्ट्स ट्रेंड ने तेरे वास्ते, पल्सर बाइक, जेलर, कंपनी, ना रेडी और हीरिये जैसे ट्रैक को शीर्ष पर पहुंचाने में मदद की, जिससे देश भर के रचनाकारों को प्रेरणा मिली।

टाटा मोटर्स ने नवंबर में अब तक की सबसे अधिक मासिक खुदरा बिक्री की दर्ज

नईदिल्ली। टाटा मोटर्स ने त्योहारी सीजन में स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहनों की मजबूत मांग के दम पर नवंबर में अभी तक की सबसे अधिक मासिक खुदरा बिक्री दर्ज की।

कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। टाटा मोटर्स यात्री वाहन के प्रबंध निदेशक शैलेश चंद्रा ने बताया कि मोटर वाहन निर्माता की नवंबर में खुदरा बिक्री करीब 53,000 इकाई रही। यह इस साल अक्टूबर की तुलना में आठ प्रतिशत और नवंबर 2022 की बिक्री की तुलना में 30 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने इस वर्ष 47 दिन की त्योहारी अवधि में मजबूत बिक्री की। इसमें करीब 79,374 इकाइयों का पंजीकरण हुआ, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 18 प्रतिशत अधिक है। चंद्रा ने कहा, '' हमारा त्योहारी सीजन बेहद अच्छा रहा। इसका श्रेय मैं मुख्य तौर पर हमारे नए वाहनों फेसलिफ्टेड नेक्सॉन, हैरियर, सफारी और आईसीएनजी रेंज को दूंगा। इसलिए वाहन पंजीकरण या वास्तविक बिक्री जैसा कि हम इसे कहते हैं अभी तक की सर्वाधिक रही। उन्होंने कहा कि यात्री वाहन खंड चालू वित्त वर्ष में अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज करने को तैयार है और उद्योग को 40 लाख संचयी बिक्री का आंकड़ा पार करने की उम्मीद है।

कंपनी के पास 2,278 कर्मचारी हैं, कोई काम पर नहीं आ रहा

नई दिल्ली। नकदी संकट से जूझ रही गो फर्स्ट एयरलाइन के रेजोल्यूशन प्रोफेशनल (आरपी) ने दिल्ली उच्च न्यायालय में एक हलफनामा दाखिल किया है, जिसमें कहा गया है कि 2,278 कर्मचारी कंपनी के रोल पर हैं, जिनमें से कोई भी वर्तमान में काम पर नहीं आ रहा है। आरपी शैलेन्द्र अजमेरा ने हलफनामे में कहा, इंजीनियरिंग और रिकॉर्ड टीम के विभिन्न कर्मियों, जिन पर रखरखाव गतिविधियों की जिम्मेदारी थी, ने या तो धीरे-धीरे इस्तीफा दे दिया है या वेतन का भुगतान न होने के कारण काम पर नहीं आ रहे हैं। उन्होंने अदालत को बताया, दिवालियापन शुरू होने की तारीख के अनुसार कॉर्पोरेट देनदार के रोल पर कर्मचारियों की संख्या लगभग .. 4,621 थी। हालांकि, 10 अक्टूबर 2023 तक लगभग .. 2,278 कर्मचारी कंपनी के रोल पर बने हुए हैं, जिनमें से कोई भी वर्तमान में काम पर रिपोर्ट नहीं कर रहा है। आरपी का हलफनामा पट्टादाता द्वारा अवमानना याचिका दायर करने के बाद आया है, जिसमें आरोप लगाया गया था कि अजमेरा ने उन्हें विमान का निरीक्षण करने की अनुमति नहीं दी और अदालत के निर्देशों के अनुसार उनका रखरखाव नहीं किया।हलफनामे में लिखा है, वर्तमान अवमानना याचिका सही इरादे से दायर नहीं की गई है और वास्तव में रिट याचिकाओं में अंतिम फैसलों को विलंबित करने और पटरी से उतारने के एकमात्र उद्देश्य से दायर की गई है। उन्होंने अवमानना याचिका की सामग्री को पूरी तरह से अस्वीकार करते हुए कहा कि कॉर्पोरेट देनदार के रिकॉर्ड से संकेत मिलता है कि कर्मचारियों/कर्मचारियों का वेतन अप्रैल 2023 से नहीं दिया गया था, यानी सीआईआरपी शुरू होने से एक पहले से।

आईटी, रियल एस्टेट शेयरों में तेजी से बाजार में रैली

नई दिल्ली। यूएस फेड द्वारा ब्याज दरों पर नरम संदेश दिए जाने के बाद गुरुवार को भारतीय बाजार में 800 अंकों से अधिक की जोरदार रैली में आईटी शेयरों का सबसे ज्यादा योगदान रहा। सेंसेक्स 840 अंक ऊपर उठ कर 70,424.87 पर है, जबकि निफ्टी 235 अंक ऊपर उठ कर 21,161.70 पर है। आईटी इंडेक्स 2 फीसदी से ज्यादा ऊपर हैं। एमफैसिस 6 फीसदी ऊपर है, कोफोर्ज 5 फीसदी, एलटीआईएम 3 फीसदी, टेक महिंद्रा 3 फीसदी और एचसीएल टेक 3 फीसदी ऊपर है।

रियल एस्टेट इंडेक्स 3 फीसदी से ज्यादा ऊपर है। ब्रिगेड 4 फीसदी, फीनिक्स 4 फीसदी, गोदरेज प्रॉपर्टीज 4 फीसदी ऊपर है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार का कहना है कि फेड बुधवार के स्पष्ट नरम संदेश ने भारत में रैली के लिए एक मंच तैयार कर दिया है, और यह आम चुनाव से पहले बाज़ार को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकती है। बुधवार को फेड के संदेश का निष्कर्ष यह है कि सख्ती का चक्र खत्म हो गया है और 2024 में दरों में कटौती संभव है।

अमेरिका में 10-वर्षीय यील्ड में 4 प्रतिशत की गिरावट से भारत में पूंजी प्रवाह को बढ़ावा मिलेगा। सबसे ज्यादा फायदा लार्ज कैप को होगा। आईटी में भी खरीदारी आकर्षित होने की संभावना है। उत्साह मिड और स्मॉल कैप को भी ऊपर उठा सकता है। उन्होंने कहा, लेकिन इस सेगमेंट में कोई वैल्यूएशन कंफर्ट नहीं है।

नए फोटोशूट में इतराईं मौनी रॉय

मौनी रॉय अपनी फिल्मों और किसी टीवी शोज से ज्यादा लुक्स और स्टाइलिश अदाओं के कारण चर्चा में रही हैं. मौनी भी फैंस के साथ जुड़ी रहने के लिए सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. अक्सर उनकी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ की झलक उनके इंस्टाग्राम पेज पर देखने को मिल जाती है. ऐसे में उनके फॉलोअर्स की लिस्ट भी काफी लंबी हो चुकी है, जो उनके हर नए लुक को देखने के लिए बेताब रहते हैं. अब फिर से मौनी ने अपना सिजलिंग अंदाज दिखाया है. मौनी ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की झलक दिखाई है. तस्वीरों में उन्होंने साइड कट डीपनेक मल्टीशेड सीक्वेंस वाला गाउन पहने हुए देखा जा रहा है. एक्ट्रेस ने अपने इस लुक को सटल शाइनी बेस, न्यूड पिंक लिप्स और स्मोकी आई मेकअप से कंप्लीट किया है. इस लुक के साथ उन्होंने अपने बालों को वेवी टच देकर ओपन रखा हुआ है. मौनी ने अपने इस किलर को कैमरे के सामने फ्लॉन्ट करते हुए एक से एक स्टनिंग पोज दिए हैं. एक्ट्रेस हमेशा की तरह इस लुक में भी बेहद खूबसूरत और हॉट दिख रही हैं. मौनी की गॉर्जियस अदाओं के साथ-साथ लोग उनके कर्वी फिगर पर भी दिल हार बैठे हैं. एक्ट्रेस का ये नया लुक भी सोशल मीडिया पर काफी वायरल होने लगा है. दूसरी ओर मौनी के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह कम ही प्रोजेक्ट्स के लिए साइन कर रही हैं. काम के साथ-साथ एक्ट्रेस अपनी पर्सनल लाइफ को भी पूरा वक्त दे रही हैं. अक्सर उन्हें पति सूरज नाम्बियर के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करते हुए देखा जा रहा है. वहीं, जल्द ही मौनी द वर्जिन ट्री टाइटल से बन रही फिल्म में भी नजर आने वाली हैं।

द कन्क्लूजन के लिए समुद्र में शूटिंग करना दर्दनाक लगा

अभिनेत्री कश्मीरा परदेशी ने उस दृश्य को याद किया जहां वह द फ्रीलांसरः द कन्क्लूजन के लिए समुद्र में शूटिंग कर रही थीं और इसे दर्दनाक बताया। कश्मीरा ने कहाः सबसे चुनौतीपूर्ण दृश्य निष्कर्षण का हिस्सा था, जिसे समुद्र में शूट किया गया था जहां हम एक स्पीड बोट पर कूद गए थे। उस दिन, पानी अप्रत्याशित रूप से उग्र था, जिससे हमें सावधान रहना पड़ा। मानसिक रूप से तूफानी समुद्र के लिए तैयार नहीं था, यह एक था थोड़ा डरावना था, और हम सभी भीग गए। वह सबसे दर्दनाक दृश्य था! डिज़्नी+ हॉटस्टार शो के दूसरे सीज़न में, अविनाश कामथ अपने निष्कर्षण मिशन के अंतिम चरण पर निकलते हैं। यह सीरीज शिरीष थोराट की किताब ए टिकट टू सीरिया पर आधारित है, जिसका निर्देशन भाव धूलिया ने किया है। 15 दिसंबर को रिलीज होने वाली इस फिल्म में मोहित रैना, अनुपम खेर, सुशांत सिंह, जॉन कोककेन, गौरी बालाजी और नवनीत मलिक, मंजिरी फडनिस और सारा जेन डायस भी हैं।

जामपारा धान खरीदी केन्द्र प्रबंधक ने की आदिवासी किसान से अभद्रता

कोरिया/नवप्रदेश। बैकुंठपुर थाने में धान खरीदी केंद्र जामपारा के प्रभारी धौराटिकरा समिति प्रबंधक अजय साहू के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है। जिन पर आदिवासी किसान से अभद्रता करने का आरोप लगा है। आदिवासी किसान रामरुप सिंह ने थाने में शिकायत दी है। रामरुप सिंह की माने तो प्रदेश का मुखिया आदिवासी समाज से चुना गया है। लेकिन धान खरीदी केंद्र प्रभारी अजय साहू आए दिन कुछ ना कुछ कारण बनाकर लोगों के साथ अभद्रता कर रहे हैं। रामरूप ने अजय साहू को धान खरीदी केंद्र से हटाने की मांग की है।

अभद्रता का आरोप:रामरूप के मुताबिक वो हमेशा की तरह जामपारा समिति में पहुंचकर कार्य के लंबित भुगतान के लिए चेक में साइन करके घर जाने लगे,इसी

दौरान अजय साहू ने उन्हें रोककर अभद्रता की। जिसके बाद उन्होंने इस बात की शिकायत थाने में दर्ज कराई है। इसके अलावा रामरूप ने आरोप लगाया है कि पहले भी अजय साहू की शिकायत उच्च अधिकारियों से लिखित तौर पर की गई है। जिसमें अजय साहू के द्वारा बाहरी लोगों को लाकर काम करवाने का आरोप है।

आदिवासी समाज अध्यक्ष रामरूप अजय साहू के खिलाफ विभाग के अधिकारियों से शिकायत की गई है। लेकिन अब तक किसी भी तरह की कोई कार्रवाई नहीं हुई है। जिसके बाद अब आदिवासी समाज ने सीएम से मिलकर अपनी बात रखने की बात कही है।

बाहरी व्यक्तियों से समिति में काम लेने का आरोप

रामरुप की माने तो समिति एक संस्था है। जहां पर नियुक्त हुए कर्मचारी ही कार्य करते हैं। लेकिन अजय साहू समिति की छवि को धूमिल करते हुए अपने निजी स्वार्थ के कारण धान खरीदी जैसा महत्वपूर्ण काम बाहरी लोगों से करवा रहे हैं। जिससे समिति के स्थायी कर्मचारियों का काम प्रभावित हो रहा है. समिति के कर्मचारी भी इनके बर्ताव से अपमानित महसूस कर रहे हैं।

देसी कट्टे के साथ युवक गिरफ्तार

बलौदाबाजार-भाटापारा /नवप्रदेश। शहर के कोतवाली पुलिस ने जिंदा कारतूस और देसी कट्टे के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। कट्टा और कारतूस सप्लाई करने वाला दूसरा युवक फरार हो गया है। आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर पुलिस पतासाजी में जुटी है। यह पूरा मामला बलौदाबाजार कोतवाली थाना क्षेत्र का है।

देसी कट्टे और कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तारः बलौदाबाजार पुलिस अधीक्षक दीपक झा ने सभी पुलिस अधिकारियों को चौकन्ने रहते हुए अपराधियों पर कड़ी नजर रखने निर्देशित किया था। इस दौरान आज बलौदाबाजार कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक देसी कट्टा के साथ भैंसा पसरा के पास खड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम फौरन हरकत में आई और मौके पर पहुंची तो युवक पुलिस को देख भागने लगे। पुलिस ने एक युवक को दौड़ाकर पकड़ लिया, जिसके पास से देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। युवक को हिरासत में लेकर पुलिस ने पूछताछ कर रही है।

> बलौदाबाजार के भैंसा पसरा के पास आरोपी सुरज कुमार रंगे हाथों देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है. उसने पूछताछ में एक अन्य आरोपी लेखराम, जिसने उसे हथियार दिया था, का नाम बताया है. पुलिस के पहुंचने से पहले ही वह फरार हो गया था. पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है.
>
> **– हरीश यादव,**
> **एएसपी, बलौदाबाजार**

गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ कार्रवाई जारी

फिलहाल यह पता नहीं चल पाया है कि आरोपी किस घटना को अंजाम देने वाले थे। हिरासत में लिए गए आरोपी से पुलिस पूछताछ कर रही है और फरार आरोपी की खोजबीन भी जारी है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है और आगे की कार्रवाई कर रही है।

आदिवासी विभाग : 3 से 5 साल से कार्यरत दैवेभो कर्मियों को निकाला

गौरेला पेंड्रा मरवाही/नवप्रदेश। कई ग्रामीण क्षेत्रों में अक्सर देखा जाता है कि गांव के भोले भाले लोगों को नौकरी का लालच देकर उनसे अधिक रकम ऐंठ लिए जाते हैं। ऐसे मामलों में कई लोग अपने घर और जमीन को गिरवी रखकर नौकरी के लिए पैसे जमा करवाते हैं। हालांकि बाद में उनको पता चलता है कि वो ठगी का शिकार हो गए हैं। ताजा मामला गौरेला पेंड्रा मरवाही जिला से सामने आया है। यहां एकलव्य आवासीय विद्यालय डोगरिया, लाटा और नेवसा से 22 दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी ऐसे ही ठगी का शिकार हुए हैं। इन कर्मचारियों से पहले परमानेंट नौकरी के नाम पर पैसा लिया गया फिर अचानक इन्हें काम से निकाल दिया गया। सालों से काम कर रहे कर्मचारी अब अपने जमा किए पैसों की मांग कर रहे हैं। इनका कहना है कि ये पैसे उन्होंने अपनी जमीन बेचकर जमा की थी। इन 22 कर्मचारियों में सफाई कर्मी, रसोइया शामिल है।

ये है पूरा मामला

आदिवासी विकास विभाग के अंतर्गत जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही में चल रहे एकलव्य आवासीय विद्यालयों से एक साथ 22 दैनिक वेतन भोगियों को निकाल दिया गया। काम से निकाले जाने की उन्हें सिर्फ यही वजह बताई गई की नई सेटअप में उनसे काम में नहीं लिया जा सकता. यह सभी कर्मचारी 3 से 5 साल से विद्यालयों में अपनी सेवाएं दे रहे थे, जिन्हें विद्यालय प्रशासन ने चौकीदार, चपरासी, प्लंबर, सफाई कर्मचारी, रसोईया जैसे पदों पर रखा था। नौकरी से निकले जाने के बाद सभी कर्मचारी परियोजना प्रशासक कार्यालय पहुंचकर अधिकारियों को अपनी आपबीती बताई। इस पर प्रशासन ने कर्मचारियों की सभी मांग और उनकी बातों को खारिज करते हुए कहा है कि नए सेटअप के अनुसार उन्हें काम पर नहीं रखा जा सकता।

स्थाई नौकरी के लिए दी मोटी रकम

इधर काम से निकाले जाने के बाद पीड़ित कर्मचारियों ने एकलव्य आवासीय विद्यालयों के प्राचार्य पर आरोप लगाया कि जब उन्हें नौकरी में रखा गया था, तब प्राचार्य ने उनसे नौकरी के एवज में मोटी रकम ली थी। किसी से ?100000 किसी से 80000 किसी ने डेढ़ लाख रुपए देकर नौकरी पाई थी। हालांकि इन्हें मिलने वाला मानदेय भी काफी कम था। पर नौकरी में स्थाई करने के एवज में सभी ने रुपए दिए थे।

विभाग के सहायक आयुक्त कर रहे प्राचार्यों का बचाव

ग्रामीणों की मानें तो वे यह पैसे जमीन बेचकर, जमीन गिरवी रखकर, किसी से उधार पैसा लेकर जमा किए थे। अब नौकरी से निकाले जाने के बाद सभी अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। उनका कहना है कि अब जब उन्हें नौकरी से निकाल दिया गया है। तो कम से कम उनका पैसा ही वापस कर दिया जाए. पूरे मामले में आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त और परियोजना प्रशासक का कहना है कि नए सेटअप के अनुसार इन्हें अब काम पर नहीं रखा जा सकता। वहीं, इस पूरे मामले में आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त प्राचार्यों का बचाव करते नजर आए।

इन्होंने प्रचार्यों पर पैसों की लेनदेन का आरोप लगाया है। इस पूरे मामले में आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त प्राचार्यों का बचाव करते नजर आए।

एक साल बाद भी नहीं मिला फसल क्षति का मुआवजा

पाटन/नवप्रदेश। विकास खंड के ग्राम तरीघाट के किसानों ने पिछले साल धान का फसल लिया था लेकिन धान कटाई के समय ही बारिश और ओला वृष्टि हो गया था। इस कारण किसानों का फसल खराब हो गया था। किसानों की मांग पर पटवारी ने फसल क्षति का आंकलन कर प्रतिवेदन भी तहसील कार्यालय भेज चुका है। इसके बाद भी एक साल हो गए किसानों को फसल क्षति का मुआवजा नहीं मिला। जिसे लेकर किसानों में काफी रोष है। ग्राम तरीघाट छ.ग. पटवरी ह.नं. 36 पिछले वर्ष 2022-23 में ग्राम तरीघाट के किसानो के द्वारा धान फसल का खेती किया गया था। धान कटाई के समय अचानक बेमौसम पानी एवं ओला वृष्टि हुआ जिसमें ग्राम तरीघाट के किसानों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा। किसानों की इस नुकसान को देखते हुए जिलाधीश दुर्ग छत्तीसगढ़ द्वारा आदेश जारी किया एवं तत्काल रिपोर्ट बनाकर वस्तु स्थिति को देखने के लिए पटवारी ह.नं. 36 को आदेश किया गया था।

नशे में चूर होकर स्कूल पहुंचा प्रधानपाठक

सूरजपुर/नवप्रदेश। सूरजपुर जिले के रामानुजनगर विकासखंड क्षेत्र के स्कूलों में शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारियों द्वारा मॉनिटरिंग न किए जाने के कारण शिक्षक मनमानी पर उतर आए हैं। वे आए दिन शराब के नशे में धुत्त होकर शिक्षा के मंदिरों में पहुंच रहे हैं। जिससे न केवल शिक्षा का स्तर नीचे गिर रहा है बल्कि बच्चों पर भी इसका विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। ऐसे ही एक स्कूल में मंगलवार को प्रधान पाठक शराब के नशे में धुत्त होकर पहुंचे और लड़खड़ाने के साथ गिर गए। अगर बच्चों ने समय पर उन्हें नहीं संभाला होता तो वे चोटिल हो जाते।

यह मामला प्राथमिक शाला त्रिपुरेश्वरपुर के हरिजनपारा का है। जहां पदस्थ प्रधान पाठक दूधनाथ खांडे मंगलवार को शराब के नशे में झूमते नजर आए। शिक्षक ने इतना शराब पी लिया था कि ठीक से चला भी नहीं जा रहा था। वहीं स्कूल में भी ताला लटका हुआ था और बच्चे इधर-उधर घूमते नजर आए। बताया जा रहा है कि वहां पदस्थ अन्य शिक्षक ट्रेनिंग में गए हुए थे और रसोइए के द्वारा बच्चों को मध्याह्न भोजन देने के बाद दोपहर में छुट्टी कर दी गई।

पहले भी हुए हैं मामले, अधिकारियों ने किया नजरअंदाज

इस तरह के मामले में पहले भी कई बार सामने आ चुके हैं, लेकिन इस दिशा में शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों द्वारा लीपापोती कर दी गई। ऐसे में इन शिक्षकों के हौंसले बुलंद हैं। जिसके कारण ऐसी वारदातें सामने आ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिला प्रशासन को इस ओर पहल करते हुए ऐसे शिक्षकों के ऊपर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी राम ललीत पटेल ने कहा कि मामले की जानकारी उन्हें नहीं है, अगर ऐसे मामला कहीं हुआ है तो जांच कराई जाएगी. दोषी पाए जाने पर शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

श्रीराम भक्त समिति पाटन की बैठक आज

पाटन/नवप्रदेश। भगवान श्रीराम जी अपने धाम अयोध्या में विराजमान होने वाले हैं। इस पुण्य उत्सव की तैयारी में संपूर्ण जनमानस लगे व इस सुखद क्षण का हम सब प्रत्यक्षदर्शी बने इसके लिए व्यापक तैयारी की जा रही है। इसी कड़ी में अयोध्या से अक्षत कलश पाटन नगर में आ गया है। श्री राम भक्त समिति के संयोजक निक्की भाले ने बताया की अक्षत कलश को घर घर तक पहुंचाने के लिए जिला एवं विकासखण्ड के पदाधिकारियों की उपस्थिति में पाटन नगर एवं वार्ड में समिति का गठन किया जाएगा। इसके लिए 15 दिसंबर शुक्रवार को शाम चार बजे माँ महामाया मंदिर प्रांगण पाटन में बैठक रखी गई है।

दुनिया के सबसे छोटे हृदय पम्प इम्पेला की मदद से पूरी तरह ब्लाक हो चुकी दिल की नसों को खोला

- **पूरे भारत में अब तक 240 मरीज का इस विधि से उपचार हुआ और एसीआई भारत का पहला शासकीय संस्थान जहां इस विधि से मरीज का उपचार किया गया**

रायपुर/नवप्रदेश। डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय स्थित एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट (एसीआई) में कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. स्मित श्रीवास्तव एवं टीम ने हार्ट अटैक (दिल का दौरा) के कारण लगभग सौ प्रतिशत अवरूद्ध (ब्लॉक) हो चुके दिल की धमनी को मैकेनिकल सर्कुलेटरी सपोर्ट सिस्टम डिवाइस इम्पेला की सहायता से एंजियोप्लास्टी करके खोला और मरीज को नई जिंदगी दी। डॉ. स्मित श्रीवास्तव के अनुसार इम्पेला दुनिया का सबसे छोटा हृदय पम्प है जो अवरूद्ध हृदय की धमनियों को खोलते समय शरीर के वाइटल आर्गन(हृदय, फेफड़ा, किडनी, लीवर एवं मस्तिष्क) को हेमोडायनामिकली रूप से स्थिर करने का काम करता है जिससे मरीज की सफलतापूर्वक एंजियोप्लास्टी की जा सके। पूरे विश्व में तीन लाख मरीजों का इस विधि से उपचार हो चुका है और पूरे भारत में 240 मरीज का इस विधि से उपचार हुआ। एसीआई राज्य का पहला शासकीय संस्थान है जहां इस विधि से उपचार किया गया है।

डॉ. स्मित श्रीवास्तव के अनुसार 50 वर्षीय एक मरीज हमारे यहां मेडिसिन विभाग में भर्ती हुआ। मरीज का ईएफ काफी कम था और हार्ट के पंप करने की क्षमता भी काफी कम थी। मैंने देखा कि नस बंद होने के कारण हार्ट फेल हो गया था, तो नस को खोलने से फायदा हो सकता था। जब देखा तो दाहिने तरफ की नस ठीक है और बायीं तरफ की मुख्य नस 100 प्रतिशत बंद थी जिसे लेफ्ट मेन आर्टरी कहते हैं। हार्ट अटैक के कारण अब समस्या यह थी कि हार्ट का फंक्शन 15 से 20 प्रतिशत ही था। कार्डियक सर्जनों ने कहा कि बाईपास की संभावना काफी कम है। फिर मरीज का उपचार दूसरी विधि से करने की योजना बनाई जिसमें मरीज का जब एंजियोप्लास्टी करेंगे तो हार्ट के अंदर सबमर्सिबल पंप की तरह एक छोटा डिवाइस डालेंगे जिसे इम्पेला कहते हैं जिससे जब नसों पर काम करते रहेंगे तो हार्ट चलता रहेगा। एंजियोप्लास्टी के दौरान ब्लड सर्कुलेशन को ठीक करने के लिए इस मशीन का प्रयोग करते हैं।

ऐसे किया गया प्रोसीजर

दायें पैर की सहायता से हृदय की दाहिनी नस तक पहुंचे। बहुत कठिनाई के साथ माइक्रोकैथेटर, कोरोनरी गार्ड वायर का यूज करते हुए नस के उद्गम से अंतिम छोर तक रास्ता बनाया। इस दौरान मरीज को कोई समस्या नहीं आयी क्योंकि उस दौरान यह पंप काम कर रहा था। चूंकि मरीज प्रोसीजर के बाद बिल्कुल ठीक हो गया इसलिए इम्पेला को पैर के रास्ते निकाल दिया गया। हृदय की बायीं नस, लेफ्ट मेन आर्टरी से एंजियोप्लास्टी की गई। मोटे वायर की सहायता से इम्पेला को बायें तरफ से मरीज के हृदय तक पहुंचकर धमनियों के माध्यम से हृदय में स्थापित किया गया। एक बार स्थापित होने के बाद इम्पेला हृदय पंप चालू हो जाता है। प्रोसीजर के बाद मोटर को बंद कर दिया और खींच के बाहर निकाला। यह सब प्रोसीजर आधे घंटे में हो गया।

राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए झीट के तीन खिलाड़ी का चयन

पाटन/नवप्रदेश। ग्राम झीट के खो खो खिलाडियों देवेश सार्वे, रामेश्वर ठाकुर, संजना साहू इन तीनों खिलाडियों का चयन राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए हुआ है,ये सभी खिलाडी झीट के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मे अध्ययनरत है ,गौरतलब है कि स्कूल खेल के तहत हुए सीनियर राज्य स्तरीय दुर्ग जोन की बालक बालिका टीम ने खो खो प्रथम स्थान प्राप्त किया था, ये तीनो खिलाडी भी दुर्ग की टीम से खेल रहे थे और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता मे झीट के तीनो खिलाडियों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए महाराष्ट्र के नाशिक जिले मे 12 दिसंबर से 15 दिसंबर तक आयोजित 67 वी राष्ट्रीय खो खो प्रतियोगिता मे छत्तीसगढ़ खो खो टीम का प्रतिनिधितव् किया। चयनित होने पर स्कूल की प्राचार्या भारती दुबे ने खिलाड़ियों की सराहना की है।

पाटन ब्लॉक में चरमरा गई है डाक व्यवस्था

जरूरी डाक भी समय पर नहीं मिल रहा

पाटन/नवप्रदेश। पाटन ब्लॉक में डाक सेवा व्यवस्था चरमरा गई है। उप डाकघर पाटन के अंतर्गत आने वाले 15 शाखा डाकघर के ग्रामीण डाक सेवक हड़ताल पर चले गए हैं । अपने विभिन्न मांगों को लेकर हुए पाटन के उप डाकघर के सामने हड़ताल पर बैठे हुए हैं। इस कारण ग्रामीण क्षेत्रों में डाक नहीं बट पा रही है । बता दे कि कई जरूरी डाक भी समय पर नहीं पहुंच रहे हैं। इसे खास तौर पर उन युवाओं को नुकसान हो रहा है जिनके रोजगार से संबंधित डाक आ सकते हैं । इसके अलावा सभी 15 शाखा डाकघर में पोस्ट ऑफिस के माध्यम से होने वाले सभी काम ठप्प पड़े हुए हैं। ना तो पैसों का लेनदेन हो पा रहा है नहीं डाक सेवा के माध्यम से मिलने वाली योजनाओं का लाभ मिल पा रहा है। आज गुरुवार को सभी 25 डाक सेवक हड़ताल पर बैठकर जमकर नारे भी लगाए। हड़ताल पर बैठे डाक सेवकों ने कहा कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होगी तब तक वह हड़ताल पर रहेंगे। आज हड़ताल पर नोहर लाला ध्रुव, जोगी राम, गणेश राम ,सूरज सोरी, राही राज, खिलेश्वरी वर्मा, योगिता नेताम, मोनिका साहू, प्रीति , हिरेंद्र, दीपेश जोशी, दीपेश ठाकुर, भुनेश्वर सिन्हा, रोशन साहू, प्रकाश निषाद, मनेंद्र ठाकुर, हिरेंद्र देवांगन, त्रिभुवन चतुर्वेदी, दीप्ति वर्मा, सहित अन्य बैठे थे।

डाक सेवकों की यह है प्रमुख मांग

हड़ताल में शामिल डाक सेवक संघ के सदस्यों ने बताया की उनकी मांग है की उन्हें नियमितीकरण किया जाए। इसके अलावा आठ घंटा का काम, पेंशन सुविधा, मेडिकल सुविधा

ग्रेजवेटी, सहित जो अन्य विभाग में नियमित कर्मचारी है उसे को सुविधा मिलती है वह सब सुविधा उन्हे भी मिले।

उपडाकघर पाटन के तहत 15 शाखा डाकघर

पाटन उपडाकघर के अंतर्गत कुल 15 शाखा डाकघर संचालित हो रही है। इनमे ब्रांच पोस्ट मास्टर, सहायक पोस्ट मास्टर सेवाएं दे रहे है। जो की अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर रहे। जिसमे बठेना, बटग, बोरिद, भांसुली, देवादा, तेलीगुंडरा, सांकरा, सातरा, दरबार मोखली, केसरा, महुदा , झिट, तर्रा, खमहरिया, गुजरा शामिल है। इसमें कुल 25 ग्रामीण डाक सेवक कार्यरत है।

ये प्रमुख काम प्रभावित हो रहा है

डाक सेवक की हड़ताल से पोस्ट आफिस में जो काम होता था वह भी प्रभावित हो रहा हैं इनमे प्रमुख रूप से डाक का वितरण , शाखा डाकघर में लेनदेन, जमा निकासी, सुकन्या समृद्धि योजना में राशि जमा, आधार अपग्रेषण, महिला बचत पत्र का कार्य नही हो पा रहा है।